वर्ष-31, अंक- 275, पृष्ठ-12 | श्रावण कृष्ण पक्ष 12, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
मंगलवार
22 जुलाई 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### सुधीर कुमार को जमानत देने से कोर्ट ने किया इंकार

**रांची।** शराब घोटाला से जुड़े केस के आरोपी सुधीर कुमार की जमानत याचिका पर रांची एसीबी की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई। सोमवार की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एसीबी और बचाव पक्ष की बहस और दलीलें सुनने के बाद सुधीर कुमार को जमानत देने से इंकार कर दिया है। एसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आलोक कुमार ने बहस करते हुए सुधीर कुमार की याचिका का विरोध किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने यह दलील दी कि शराब घोटाला मामले में उनकी कोई भूमिका नहीं है, इसलिए उन्हें जमानत दी जाए।

### एक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक न हो : के. रवि कुमार

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि राज्य में मतदान केंद्रों के नजरीझनक्शा बनाने एवं जियो फेंसिंग करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान यह भी सुनिश्चित करना है कि मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए दो किलोमीटर से कम की दूरी तय करनी हो साथ ही एक मतदान केंद्र पर 1200 से अधिक मतदाता न हो। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सोमवार को निर्वाचन सदन से सभी जिलों के उप जिल निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक कर रहे थे।

# केमिकल सुंघाकर बुजुर्ग महिला से तीन लाख के गहनों की लूट

## हमीदगंज के मेजर मोड़ पर चार अपराधियों ने दिया वारदात को अंजाम

- पैदल लौट रही महिला को बना लिया निशाना, शहर थाना में मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज स्थित मेजर मोड़ गली में सोमवार सुबह मंदिर से लौट रही एक बुजुर्ग महिला से अज्ञात अपराधियों ने केमिकल सुंघाकर करीब तीन लाख रुपये मूल्य के गहनों की लूट कर ली। लूट की यह वारदात दो बाइक सवार और दो पैदल अपराधियों द्वारा अंजाम दी गई।

पीड़ित महिला की पहचान रिफ्यूजी कॉलोनी हमीदगंज निवासी विवेकानंद तिवारी की पत्नी के रूप में की गई है। उनके पुत्र अरविंद कुमार तिवारी ने शहर थाना में लिखित आवेदन देकर इस संबंध में कार्रवाई की मांग की है।




अरविंद तिवारी के अनुसार सोमवार सुबह लगभग 8 बजे वह अपनी मां को स्कूटी से शिवमंदिर, पुलिस लाइन रोड ले गए थे। पूजा में समय लगने की बात कहकर उनकी मां ने लौटने के लिए पैदल जाने की बात कही। इसके बाद वह स्वयं घर लौट आए। लगभग 8:30 बजे जब महिला पूजा करके लौट रही थी, तभी मेजर मोड़ गली के पास चार अज्ञात युवकों ने सुनसान रास्ते का फायदा उठाते हुए उन्हें रोका। पैदल चल रहे दो युवकों ने पहले दवा की दुकान का पता पूछने के बहाने बातचीत शुरू की और फिर अचानक महिला का मुंह और गला दबा दिया। इस दौरान किसी केमिकल का प्रयोग कर महिला को कुछ समय के लिए अचेत कर दिया गया। अपराधियों ने महिला के गले की सोने की चेन, लॉकेट, हाथ की अंगूठियां और कान की बालियां निकाल लीं और मौके से फरार हो गए। कुछ देर बाद जब महिला को होश आया, तो वे किसी तरह बदहवास अवस्था में घर पहुंचीं और घटना की जानकारी दी। बताया जा रहा है कि लूटे गए गहनों की कुल कीमत लगभग तीन लाख रुपये है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संदिग्धों की तलाश जारी है।

# जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से दिया इस्तीफा

- स्वास्थ्य कारणों का दिया हवाला

**दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित एक पत्र में स्वास्थ्य संबंधी कारणों और चिकित्सा सलाह का हवाला देते हुए संविधान के अनुच्छेद 67(ए) के तहत अपने इस्तीफे की घोषणा की। राष्ट्रपति मुर्मू को संबोधित अपने पत्र में जगदीप धनखड़ ने लिखा, 'स्वास्थ्य की प्राथमिकता और



चिकित्सकीय सलाह का पालन करते हुए, मैं भारत के उपराष्ट्रपति पद से तत्काल प्रभाव से त्यागपत्र दे रहा हूं'। उन्होंने राष्ट्रपति को उनके सहयोग और सौहार्दपूर्ण संबंधों के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद को भी उनके सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। जगदीप धनखड़ ने अपने त्यागपत्र में लिखा, 'मुझे संसद के सभी माननीय सदस्यों से जो स्नेह, विश्वास और सम्मान मिला, वह जीवनभर उनके हृदय में संचित रहेगा'। उपराष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने कहा, 'इस महान लोकतंत्र में उपराष्ट्रपति के रूप में मिले अनुभव और दृष्टिकोणों के लिए मैं गहराई से आभारी हूं। भारत के आर्थिक विकास और अभूतपूर्व परिवर्तनकारी दौर का साक्षी बनना मेरे लिए सौभाग्य और संतोष का विषय रहा है। शेष पेज 11 पर...

## अंगडडा जंगल में पुलिस और टीएसपीसी के बीच में मुठभेड़

# जंगल का फायदा उठाकर भागे नक्सली

- घटनास्थल से बरामद हुए नक्सलियों के सामान
- कुंदा थाना प्रभारी और एसएसबी की टीम थी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुंदा (चतरा)।** रविवार को दोपहर दो बजे के आस पास पुलिस और टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के बीच अंगडडा जंगल में मुठभेड़ हुआ। पुलिस को भारी पड़ता देख 7 से 8 की संख्या में उग्रवादी दबे पांव जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। वहीं घटनास्थल से नक्सलियों के दैनिक उपयोग की चीजें बरामद हुई हैं। इनमें मोबाइल फोन, पावर बैंक, खाना की सामग्री, दवाइयां, इंजेक्शन, छाता, जूता एवं अन्य सामान शामिल हैं। शेष पेज 11 पर...

# जेटीडीसी-सीसीएल के बीच एमओयू माइनिंग टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार ने खानझपर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के बीच सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया।

मौके पर झारखंड सरकार के पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार, पर्यटन निदेशक विजया एन. जाधव, जेटीडीसी के प्रबंध निदेशक प्रेम रंजन और सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) नीलेंदु कुमार सिंह मौजूद थे। दोनों पक्ष की ओर से एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।

इस एमओयू के तहत अब पर्यटक सीसीएल की रामगढ़ स्थित नॉर्थ उरीमारी ओपनकास्ट कोल माइंस का भ्रमण कर सकेंगे। यह खान



झारखंड की पहली ऐसी खदान होगी जिसे पर्यटन के लिए खोला जा रहा है। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने इस पहल को झारखंड की तकनीकी विरासत और सांस्कृतिक पहचान को दुनिया के सामने लाने का बड़ा माध्यम बताया है। उन्होंने कहा कि झारखंड केवल खनिजों का भंडार नहीं, बल्कि इसकी खान संस्कृति और औद्योगिक इतिहास भी देखने योग्य है। अब पर्यटकों को खदानों की गहराई, माइनिंग तकनीक और मजदूरों की कार्यसंस्कृति का अनुभव निकट से लेने का अवसर मिलेगा। सीसीएल के निदेशक नीलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि कंपनी की ओर से पूरी सुरक्षा, गाइडेड विजिट और लॉजिस्टिक सपोर्ट की व्यवस्था की जाएगी, ताकि पर्यटकों को एक सुरक्षित और रोमांचकारी अनुभव मिल सके। जेटीडीसी के प्रबंध निदेशक प्रेम रंजन ने कहा कि पर्यटन को विविधता देने की दिशा में यह एक बड़ी पहल है, जिससे झारखंड में वैकल्पिक पर्यटन के नए रास्ते खुलेंगे।

शेष पेज 11 पर...

# रील बनाना नादानी हो सकती है, लेकिन अधिकारों का दुरुपयोग नहीं : राधाकृष्ण

- वित्त मंत्री ने कहा- मरीजों से संवेदना जताना गलत नहीं, मुद्दे को बेवजह तूल देना उचित नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के पुत्र कृष अंसारी द्वारा रिम्स और अन्य अस्पतालों में मरीजों से मुलाकात व रील बनाए जाने के मामले पर संतुलित और सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि "कृष अंसारी ने किसी तरह से अपने पिता के मंत्री पद का दुरुपयोग नहीं किया है।"

वित्त मंत्री ने कहा कि मरीजों से मिलना, उनका हालचाल पूछना, जरूरतमंद को रक्त दिलाना या आर्थिक मदद करना एक संवेदनशील और मानवीय कार्य है। इसे गलत ठहराना उचित नहीं होगा। उन्होंने माना कि अस्पताल परिसर



### झारखंड विस परिसर में लगे डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा : वित्त मंत्री

**रांची।** झारखंड सरकार के वित्त, योजना एवं विकास, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखंड विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा विधानसभा परिसर में लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सामाजिक क्रांति, न्याय और समानता के प्रतीक हैं। मंत्री किशोर ने पत्र में उल्लेख किया कि 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में जन्मे बाबा साहब शेष पेज 11 पर...

में रील बनाना "नादानी" जरूर है और युवा वर्ग को इस तरह की गतिविधियों से परहेज करना चाहिए। लेकिन इसे राजनीतिक रंग देना या मंत्री के पद से जोड़कर देखने की प्रवृत्ति उचित नहीं है।

राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि कृष अंसारी की मंशा मदद करने की थी, न कि दिखावा करने की। उन्होंने आगे कहा कि राजनीति में परिपक्वता जरूरी है। यदि किसी मंत्री के पुत्र से कोई त्रुटि होती है, तो उसे निजी स्तर पर समझाना चाहिए, न कि उसे तूल देकर सनसनीखेज बनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस बात को लेकर रिम्स प्रबंधन की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है। इसका सीधा मतलब है कि न तो वहां कोई निर्देश दिए गए और न ही कोई सरकारी सीमा लांघी गई। वित्त मंत्री ने उम्मीद जताई कि युवाओं को सामाजिक सेवा के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, लेकिन उन्हें यह भी सिखाया जाना चाहिए कि कहां, कब और कैसे अपनी भूमिका अदा करें।

शेष पेज 11 पर...

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल




# तेज धारदार हथियार से मारकर युवक की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत जेरूआ गांव मे रविवार की देर रात अज्ञात लोगों ने पच्चीस वर्षीय यशवंत सिंह नामक युवक की तेज धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दिया। मृतक जेरूआ गांव के अरूण सिंह का पुत्र बताया जाता है। घटना के बावत मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक रविवार की रात घर के बरामदे मे सोया हुआ था। देर रात्रि लगभग दो बजे चार अज्ञात लोगों ने सो रहे युवक के सिर पर तेज धारदार हथियार से मार कर चलते बने। घायल युवक ने आवाज लगाकर परिजनों को जगाया। आनन फानन में परिजनों ने घायल युवक को रात्रि में ही मनिका सामुदायिक अस्पताल मे ईलाज के लिए पहुंचाया। गंभीर स्थिति को देखते हुए मनिका सामुदायिक अस्पताल के चिकित्सको ने बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया। युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों के द्वारा तत्काल ईलाज के लिए नजदीक के तुम्बागाड़ा अस्पताल मे युवक को भर्ती कराया। जहां ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। इधर मनिका थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे कर शव को अंतरपरीक्षण के लिए लातेहार भेज दिया। युवक की हत्या को लेकर मनिका पुलिस छानबीन कर रही है। मनिका पुलिस ने आशंका जताया है की उक्त घटना आपसी रंजिश को लेकर की गई है। मनिका पुलिस ने जल्द हत्या में शामिल लोगों को धर दबोचने का दावा किया है।

## पलामू सांसद ने रेहला में इथनॉल डिस्टिलरी स्थापना की मांग लोस में उठाई, कहा-

# परियोजना से प्रदूषण नहीं, रोजगार के नए द्वार खुलेंगे

- मंडल डैम के पूर्ण हो जाने के बाद पानी की कोई कमी नहीं रहेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोकसभा में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नियम 377 के तहत रेहला (विश्रामपुर) में इथनॉल डिस्टिलरी स्थापित करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य औद्योगिक क्षेत्र रेहला में पर्याप्त जमीन उपलब्ध है, जहां चावल आधारित इथनॉल उत्पादन



संयंत्र स्थापित किया जा सकता है। इससे पर्यावरण को भी कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तरी कोयल परियोजना (मंडल डैम) के पूर्ण हो जाने के बाद पानी की कोई कमी नहीं रहेगी। इथनॉल उत्पादन के साथ-साथ मूल्य संवर्धन कर कृषि आधारित उद्योगों और औषधि उद्योगों के लिए भी उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। सांसद ने बताया कि रेहला स्थित कॉस्टिक सोडा फैक्ट्री के अलावा इस क्षेत्र में कोई बड़ा उद्योग नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। ऐसे में इथनॉल डिस्टिलरी की स्थापना रोजगार और औद्योगिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से अनुरोध किया कि रेहला में इथनॉल डिस्टिलरी की स्थापना को स्वीकृति दी जाए।

### साइबर अपराधियों का नया पैंतरा, डिजिटल अरेस्ट के नाम पर 50 लाख ठगी

**रांची।** झारखंड अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के साइबर क्राइम थाना पुलिस ने 49.98 लाख की ठगी मामले में गुजरात के अहमदाबाद से एक साइबर आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर आरोपित का नाम रवि हरामुखलाल गोधनिया( 27) बताया गया है। इसके पास से एक मोबाइल, एक सिम कार्ड, तीन एटीएम, एक हार्डडिस्क, मामले से संबंधित व्हाट्सएप चैट और तीन चेक बुक बरामद की गई हैं। सीआईडी डीसीपी नेहा बाला ने सोमवार को बताया कि साइबर क्राइम थाना में 14 मई को पीड़ित की ओर से आईटी एक्ट में मामला दर्ज कराया गया था। दर्ज शिकायत में बताया गया था कि साइबर आरोपितों ने व्हाट्सएप कॉल के जरिए मनी लांड्रिंग जैसे झूठे अपराध में फंसाने की धमकी दी और आरोपितों ने खुद को बेंगलुरु पुलिस अधिकारी (केन्द्रीय प्रवर्तन एजेंसियों सीबीआई, एनसीबी एंड एनआईए ) अधिकारी बताकर 300 करोड़ के एक मामले में संलिप्तता का आरोप लगाया।

## इंडिया

# हंगामा है क्यों बरपा वेरिफिकेशन ही तो की है?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

भारत निर्वाचन आयोग की सामान्य प्रक्रिया बिहार में राष्ट्रीय राजनीति का मुद्दा बन गया है . राजनीति चरम पर है और चुनाव की आहट के बीच विपक्ष इसे बड़ा मुद्दा बनाने के प्रयास में है हालांकि सर्वोच्च न्यायलय ने याचिकाकर्त्ताओं की इस दलील को खारिज कर दिया कि भारत के निर्वाचन आयोग के पास संशोधन करने का अधिकार नहीं है।बिहार में मतदाता सूची के भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा की और मतदाता गणना के लिए आधार , मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज़ों के रूप में स्वीकार करने का सुझाव दिया। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए गणना प्रपत्र जमा करने में कुछ ही दिन शेष रह गए हैं, तथा 41 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम अंतिम सूची से बाहर होने का खतरा है, चुनाव आयोग ने कहा है कि बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा तीन दौर के गृह-भ्रमण के बाद, 41 लाख से ज़्यादा मतदाता अपने पंजीकृत पतों पर नहीं मिले। इनमें से 14.1 लाख मतदाताओं की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है, 19.7 लाख स्थायी रूप से दूसरी जगहों पर चले गए हैं, 7.5 लाख मतदाता कई जगहों पर मतदान के लिए पंजीकृत हैं, और 11,000 मतदाता अभी भी लापता हैं। इस विवाद में बिहार के नेताओं के कूदने की बात तो समझ आती है पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसमें किसी भी कीमत पर गहन पुनरीक्षण नहीं होने देंगे का बयान देकर इसे और और दिलचस्प बना दिया है । केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि बिहार में संविधान सम्मत कार्य हो रहा है और केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने भी विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा, "विपक्ष को उन लोगों पर भरोसा है जो बाहर से आकर अवैध रूप से यहाँ बस गए हैं।"विपक्ष संसद के चालू मानसून सत्र में इस मुद्दे को उठाने की कोशिश कर रहा है। कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने बिहार में विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के मुद्दे पर चर्चा के लिए राज्यसभा में एक प्रस्ताव पेश किया। आइए समझते हैं निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण है क्या? निर्वाचन नामावली (मतदाता सूची या निर्वाचक रजिस्टर भी कहा जाता है) एक



विशिष्ट निर्वाचन क्षेत्र के सभी पात्र और पंजीकृत मतदाताओं की आधिकारिक सूची है। इसका उपयोग मतदाताओं की पहचान सत्यापित करने तथा चुनावों के दौरान निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है।मतदाता सूचियां भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत तैयार की जाती हैं।इसमें गैर-नागरिकों (धारा 16) को शामिल नहीं किया गया है तथा 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को शामिल किया गया है जो सामान्यतः निर्वाचन क्षेत्र (धारा 19) में निवास करते हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) एक केंद्रित, समयबद्ध घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन प्रक्रिया है, जो प्रमुख चुनावों से पहले मतदाता सूचियों को अद्यतन और सही करने के लिये बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा संचालित की जाती है।नये पंजीकरण, विलोपन और संशोधन की अनुमति देकर यह सुनिश्चित करता है कि मतदाता सूची सटीक, समावेशी और विसंगतियों से मुक्त हो। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम,1950 की धारा 21 भारत निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और संशोधित करने का अधिकार देती है, जिसमें दर्ज कारणों के साथ किसी भी समय विशेष संशोधन करना भी शामिल है।एसआईआर का संवैधानिक आधार यह है कि अनुच्छेद 324 भारत के निर्वाचन आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और चुनाव कराने का पर्यवेक्षण तथा नियंत्रण करने की शक्ति प्रदान करता है। अनुच्छेद 326 सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की गारंटी देता है, जिसके तहत 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों को मतदान का अधिकार है,जब तक कि उन्हें आपराधिक दोषसिद्धि, विकृत मस्तिष्क या भ्रष्टाचार के कारण कानून द्वारा अयोग्य घोषित न कर दिया जाए।न्यायिक स्थितिः मोहिंदर सिंह गिल बनाम मुख्य चुनाव आयुक्त मामले, 1977 में सर्वोच्च न्यायालय ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिये अनुच्छेद 324 के तहत भारत निर्वाचन आयोग की व्यापक शक्तियों को बरकरार रखा, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर पुनर्मतदान का आदेश देना भी शामिल है और इस बात पर जोर दिया कि अनुच्छेद 329(b) के अनुसार चुनावों के दौरान न्यायिक समीक्षा प्रतिबंधित है।इसमें स्पष्ट किया गया कि यदि अनुच्छेद 327 और 328 के तहत कानून किसी भी पहलू पर मौन हैं तो भारत निर्वाचन आयोग स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकता है । साथ ही यह भी उल्लेख किया गया कि यद्यपि प्राकृतिक न्याय का सिद्धांत महत्त्वपूर्ण है, फिर भी असाधारण परिस्थितियों में भारत निर्वाचन आयोग त्वरित और व्यावहारिक निर्णय ले सकता है। पूर्व में मतदाता सूची पुनरीक्षण देश के विभिन्न भागों में वर्ष 1952–56, 1957, 1961, 1965, 1966, 1983–84, 1987–89, 1992, 1993, 1995, 2002, 2003 और 2004 में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आयोजित किए गए थे। बिहार में अंतिम विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण वर्ष 2003 में आयोजित किया गया था।

# श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी 17 लोग गंभीर रूप से घायल



- मोबाइल पर बात करते समय चालक ने गाड़ी से नियंत्रण खोया
- गढ़वा-मझिआंव-कांडी के महूली मोड़ के पास हुई घटना
- श्रद्धालु उत्तर प्रदेश स्थित अमिला धाम जा रहे थे

**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी/मझिआंव।** कांडी थाना क्षेत्र के सकरकोनी पंचायत अंतर्गत महूली मोड़ के समीप सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वाहन के पलट जाने से दो बच्चे सहित लगभग एक दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी श्रद्धालु उत्तर प्रदेश स्थित अमिला धाम पूजा करने जा रहे थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को मझिआंव सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद सात गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज हेतु गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किया गया। हादसे में घायल श्रद्धालुओं ने बताया कि पिकअप चालक वाहन चलाते समय शेष पेज 11 पर...

### डीसी ने बीडीओ के साथ की ऑनलाइन बैठक

## जल जीवन व स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** उपायुक्त पलामू के दिशा निर्देश के तहत ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम सोमवार को जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक की गई। जिसमें हैदरनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा एवं प्रखंड वॉश समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि प्रखंड कार्यालय से इस कार्यक्रम में शामिल हैं। इस बैठक में उपायुक्त समीरा एस ने प्रखंड क्षेत्र में स्वच्छता के विभिन्न आयामों की विस्तृत समीक्षा की। जिसमें ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा का निस्तारण, भस्मक निर्माण तथा सीरिज फीडबैक की वर्तमान स्थिति पर भी चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने ओडीएफ घोषित गांवों को मॉडल गांव के रुप में विकसित करने की दिशा में ठोस पहल करने का निर्देश दिया। साथ ही पूर्ण हो चुके जलापूर्ति योजनाओं की संरचनाओं को ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को हस्तांतरित कर अविलंब संचालन की जिम्मेदारी देने को कहा है। उपायुक्त ने जल संग्रहण की प्रगति पर विशेष ध्यान देने और इसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया। इस कार्य में जनभागीदारी को प्रोत्साहित कर दीर्घकालिक संचालन एवं रखरखाव की व्यवस्था को मजबूत करने पर बल दिया।

# सावन मास की दूसरी सोमवारी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### भीमचूल्हा समेत सभी मंदिरों में गूंजा हर-हर महादेव का जयकारा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक महत्व के पर्यटक स्थल भीमचूल्सहा सहित अन्य सभी मंदिर सावन की दूसरी सोमवारी को भी हर-हर महादेव के जयकारे से गूंजायमान होते रहे। भीमचूल्हा के कोयल नदी के पवित्र-पावन तट स्थित होने की वजह से कई श्रद्धालुओं डूबकी भी लगाई। अन्य दिनों के अपेक्षाकृत सावन मास की सोमवारी को भगवान शिव के अभिषेक को लेकर विशेष महत्व के कारण सभी मंदिरों में सुबह से दोपहर बाद तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भीमचूल्हा के अलावा कादलकुर्मी, सिंचाई कॉलोनी, शिलापर, बिचलाडीह, नहर चौक, देवीधाम, विश्वकर्मा-महादेव, काली मंदिर, करडंडा, माहुर, गोलापत्थर, भजनियां, पंसा, रानीदेवा सहित अन्य जगह के मंदिरों व चबूतरे पर स्थापित शिवलिंग का जल, दुग्ध, बेलपत्र, भांग, धतुरा, अकवन-कनैल के फुल व अक्षत इत्यादि अर्पित कर भक्तों ने भोलेनाथ का अभिषेक किया। इससे चहूंओर भक्तिमय माहौल बना रहा। महिलाओं ने उपवास भी रखा। हालांकि इस सोमवारी को तीखी धूप ने भक्तों सताया भी। इसके बावजूद उनकी आस्था कम नहीं पड़ी। इस दौरान भक्तों ने अलग-अलग मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं की भी पूजा-अर्चना की। भीमचूल्हा मंदिर के पुजारी गंगा तिवारी ने कहा कि महाभारत काल के ऐतिहासिक महत्व को लेकर पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित होने के पहले से ही भीमचूल्हा स्थित भगवान शिव और भीमबलि के अलग-अलग उनकी पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की आस्था और आकर्षण का केंद्र बन हुए हैं। आसपास के साथ ही सीमावर्ती मझिआंव और कांडी प्रखंडों के कई गांवों के श्रद्धालू नर-नारियों भी विशेष मौकों पर पहुंचते हैं। इससे इस स्थल पर आस्था और पर्यटकीय आकर्षण का अद्भुत समागम दृष्टिगत होता है।

### प्राचीन शिव मंदिर बरेवा से कांवरियों की निकली 21वीं पदयात्रा



हैदरनगर। प्रखंड के इमामनगर बरेवा पंचायत के प्रचीन शिव मंदिर में पारंपरिक रुप में सावन की दूसरी सोमवार को विभिन्न गांव टोलों के सैकड़ों शिव भक्तों ने एकजुट होकर पूजा अर्चना की। इस कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सह पैक्स अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस मंदिर से प्रतिवर्ष कांवरियों की पदयात्रा का आयोजन विगत दो दशक से सावन मास में किया जाता है। इस पंचायत में उनके पूर्वजों के बाद उन्होंने इस परंपरा को कायम रखने में अब तक सफलता मिलती रही है। ढोल-तासा, बैंजू की धुन पर सैकड़ों कांवरियों का जत्था 13 किलोमीटर पैदल कांवर लेकर हैदरनगर थाना के सोन-कोयल नदी के संगम कबरा कला, परता और पंसा गांव तक यात्रा करते हैं। संगम से जलभारी कर बीच मार्ग में पड़ने वाले दर्जनों देवालयों में पूजा अर्चना व जलाभिषेक का दौर शुरु होता है। कांवरियों की समूह की पदयात्रा प्राचीन शिव मंदिर बरेवा से शुरु होकर बंशीपुर, बभंडी, हैदरनगर मेन रोड, बस स्टैंड, भाई बिगहा, संतोषडीह, परता गांव होते संगम तक भक्ति संगीतों की धुन पर नाचते थिरकते पहुंचते हैं। इस दौरान बोल बम का नारा है, बाबा ही एक सहारा है ....., आदि कई नारों से पूरे इलाके को गूंजायमान किया। पदयात्रा मार्ग के बीच में हैदरनगर मेन रोड स्थित रौनियार वैश्य समाज के सचिव मथुरा प्रसाद, सदस्य संतोष प्रसाद, अरुण गुप्ता, राजकुमार प्रसाद, गोविन्द प्रसाद, ओमप्रकाश, पप्पू कुमार गुप्ता, आलोक आदि ने शर्बत पानी देकर कांवरियों का स्वागत किया। उन्होंने कांवरियों की सकुशल पदयात्रा की भी कामना की है।

### आधार और खाता नंबर नहीं होने से भुगतान रूका

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के मोहम्मदगंज पंचायत के वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन धारकों का आधार एवं बैंक खाता उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण भुगतान लंबित पड़ गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंसस ममता देवी और समाजसेवी सुशील कुमार मेहता बताया कि इसे लेकर सूची जारी कर दी गई है। इसमें क्रम संख्या एक से 49 तक के पेंशन धारकों के आधार और खाता नंबर प्रखंड कार्यालय में जमा नहीं होने की बात कही गई है। उन्होंने इन पेंशन धारकों से कंप्यूटर ऑपरेटर मनोहर कुमार अथवा ग्राम पंचायत की मुखिया कमला देवी के पास आधार और बैंक खाता नंबर जमा कर पेंशन भुगतान में आई अड़चन को दूर करा लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि ऐसे पेंशन धारक जितना जल्दी हो सके आधार और खाता नंबर जमा करने की कोशिश करें। तभी उनके पेंशन की राशि खाते में आएगी।

### प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

## बिना रजिस्ट्रेशन के अवैध क्लिनिकों पर होगी कार्रवाई: डॉ. बिनेश



**● संस्थागत प्रसव की कमी पर नाराजगी जताई गई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल के सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बीपीएम विभूति कुमार गुप्ता ने स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का सख्त निदेश दिया। उन्होंने नागरिकों, माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार पर विशेष ध्यान देने, स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार करने का निर्देश दिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने गर्भवती महिलाओं के लिए शत प्रतिशत एएनसी कवरेज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संस्थागत प्रसव, गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एनिमिया आदि सभी तरह की जांच, ससमय आयरन एवं फोलिक एसिड टैबलेट्स देने, बीसीजी, हेपेटाइटिस, ओपीभी (पोलियो) टीकाकरण आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंन एएनएम को स्पष्ट निर्देश दिया कि यहां गये, वहां गये की तरह रिपोर्ट नहीं चलेगा। उन्होंने विशेषकर संस्थागत प्रसव की कमी पर नाराजगी जताई। समीक्षा के दौरान उन्होंने संस्थागत प्रसव का डेटा पर कहा कि गर्भवती महिलाओं का प्रसव सरकारी अस्पतालों के साथ और कहां हो रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने कहा कि अगर अवैध बिना रजिस्ट्रेशन क्लिनिक या अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि अवैध निजी क्लिनिक एवं अस्पतालों का पता सहिया साथी द्वारा लगा कर सूची उपलब्ध कराएं। उन अवैध क्लिनिको पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि वह खुद भी टीम गठित कर छापामारी अभियान चला रहे हैं। सहिया साथी एवं एएनएम को वैध क्लिनिक एवं अस्पतालों की सूची संबंधी रिपोर्ट भी सौंपने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की भी लगातार मोनेट्रिंग करने की व्यवस्था की गई है। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही करने वाली एएनएम के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी। मौके पर डॉ. विनेश कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद, विभूति कुमार गुप्ता प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रेम मणि सुधांशु प्रखंड लेखा प्रबंधक आदि उपस्थित थे।

## जेंडर संसाधन केंद्र के गठन को लेकर कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के सभागार में जेंडर संसाधन केंद्र के गठन हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जीआरसी कमिटी का गठन भी किया गया। जिसके अध्यक्ष प्रखंड विकास पदाधिकारी होंगे। वहीं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक संरक्षक होंगे। जबकि सदस्य के रूप में प्रखंड प्रमुख, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, पंचायती राज अधिकारी, थाना प्रभारी, प्रखंड शिक्षा पधिकारी, देवरी कला सीएलएफ अध्यक्ष एवं सचिव आदि होंगे। कार्यशाला में जिला से आए सामाजिक विकास डोमेन के अधिकारी प्रवीण कुमार ने विस्तार पूर्वक कार्यक्रम के बारे में सभी को जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि इससे महिलाओं के लैंगिक भेदभाव मिटाने में सहायता मिलेगी इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण को समर्पित जीआरसी गठन के लिए यह कार्यशाला काफी लाभकारी होगा। उन्होंने कहा कि प्रखंड के विकास में हम हर समय आपके साथ हैं। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अंजनी कुमार, एडमिन अजीत कुमार, सभी सामुदायिक सामुदायिक समन्वयक, सभी आईपीआरपी, सभी जी सीआरपी उपस्थिति रही।

### दूसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**हुसैनाबाद।** सावन की दूसरी सोमवारी को हुसैनाबाद के सभी शिव मंदिरों में शिव भक्तों की काफी भीड़ रही। श्रद्धालुओं व शिवभक्तों ने शिवालयों में जाकर भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक व जयकारे के साथ पूजा अर्चना की। शिवालयों में अहले सुबह से ही शिव भक्तों का भीड़ उमड़ पड़ा। वहीं श्रद्धालुओं ने उपवास रखकर भगवान भोले की शिवलिंग पर भांग, धतूरा, बिल्वपत्र अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना की। इस पावन अवसर पर शहर के रेलवे स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम, महावीर मंदिर, सिंचाई कॉलोनी स्थित शिव मंदिर, पुरानी ठाकुरबाड़ी, प्रखंड के उपरिकला पंचायत के उपरिकला स्थित अति प्राचीन शिव मंदिर, लंगरकोट के मुरली पहाड़ी स्थित महाकालेश्वर धाम व कुम्हार टोली शिव मंदिर समेत सभी शिव मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**छतरपुर।** लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, विश्रामपुर एवं द स्वराज फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार 'चुनमुन' गुप्ता के हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से छतरपुर में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडलीय चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेश अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता एवं डॉ. अभिषेक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छतरपुर क्षेत्र के 300 से अधिक जरूरतमंद लोगों का निःशुल्क इलाज, ब्लड जांच एवं निःशुक्ल दवाओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी चिकित्साकर्मियों, स्थानीय पत्रकारों एवं थाना के अधिकारियों को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## दो आंगनबाड़ी सेविकाओं को सौंपी गयी नवनिर्मित केंद्र की चाभी



**सुविधा युक्त नए भवन में केंद्र का हो संचालन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** उंटारी रोड प्रखंड के पांडेयपुर व मुरमा कला 3 की आंगनबाड़ी सेविकाओं को बीडीओ श्रवण कुमार भगत के द्वारा नवनिर्मित भवन का ताला-चाबी सौंपी गई। साथ हीं पांडेयपुर की सेविका सबिता कुमारी व मुरमाकला आंगनबाड़ी 3 की सेविका पूजा देवी को नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र की भवन में संचालन करने को निर्देश दिया गया। बीडीओ श्रवण कुमार भगत ने कहा कि नवनिर्मित भवन सुविधा युक्त है जहां आने वाले बच्चों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। किसी भी तरह की परेशानी होने की स्थिति में जानकारी उपलब्ध कराने की बातें कहीं। ताकि उसे समय रहते दूर किया जा सके। वहीं सेविकाओं को ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की बात कही। केंद्र से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर उनके द्वारा कार्रवाई की जाएगी। केंद्र का नियमित संचालन हो इसका हर संभव सभी सेविकाएं अपने दायित्व का निर्वहन करें।

## भीम बराज मुख्य नहर का जलप्रवाह बढ़ाकर 2008 क्यूसेक किया गया



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** दायीं मुख्य नहर का जलप्रवाह सोमवार को बढ़ाकर 2008 क्यूसेक कर दिया गया। लेकिन 30 आरडी पर एक गेट का संचालन और नबीनगर से आगे पानी ले जाने को लेकर पेंच फंस गया, बताया जाता है। ऐसे में फिलहाल औरंगाबाद को मात्र 150 क्यूसेक ही पानी मिल पा रहा है। बताया जाता है कि नबीनगर में गेट खोल कर आगे पानी नहीं ले जाने दिया जा रहा है। ऐसी स्थिति में सोमवार को भी औरंगाबाद और मदनपुर क्षेत्र को पर्याप्त पानी मिलना संभव नहीं सका है। इस वजह से खरीफ सीजन में सिंचाई को लेकर लक्षित क्षेत्र तक पर्याप्त पानी पहुंचने में बाधा और विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि गेट नंबर 30 (पंचपोखरी, पंसा) के संचालन में आई खराबी को जल्द ही ठीक करा लिया जाएगा। इसकी सूचना संबंधित ठेकेदार को दे दी गई है। जबकि नबीनगर से आगे पानी ले जाने में आई समस्या को हल करने की पहल वहां के अभियंता की ओर से की जा रही है। उन्होंने बताया कि बाढ का खतरा टलने के बाद शुक्रवार को 528 और शनिवार को इसे क्रमिक रूप से बढाकर 1400 जबकि रविवार को इसे 1879 क्यूसेक कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कोयल नदी का जलप्रवाह अप स्ट्रीम में 24583 और डाउन स्ट्रीम में 22575 क्यूसेक चल रहा है। उपरी जल ग्रहण क्षेत्र में बारिश के अनुसार इसमें उतार-चढ़ाव आ सकता है। उनकी निगरानी में सहायक अभियंता सुलेंद्र कुमार के साथ जेई सौरभ पटेल, निर्भय कुमार और शुभम राज पूरी स्थिति पर नजर रख रहे हैं। जबतक बाढ नहीं आती मुख्य नहर को नियमित पानी मिलता रहेगा।

### कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिये हुआ रवाना

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड तीन के गोदरमा गांव से मंगलवार को 21 कांवरियों का जत्था देवघर बाबाधाम के लिये रवाना हुआ। इससे पहले कांवरियों ने रुद्र मंदिर में विशेष पूजा अर्चना किया। जत्थे का नेतृत्व कर रहे सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय ने बताया कि लगातार 25 वर्षों से सावन माह में हम सभी देवघर बाबा नगरी जा रहे हैं। इस बार भगवान भोलेनाथ पर जल ढालने के बाद बासुकिनाथ, बोधगया,रजरप्पा सहित कई तीर्थस्थल जाकर विशेष पूजा अर्चना किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम सब कांवरिया भगवान से क्षेत्र की खुशहाली व हरियाली की दुआ मांगेंगे। बाबा नगरी जाने वाले कांवरियों में राजीव पांडेय,पप्पू दुबे,देव प्रकाश पांडेय,अनिल तिवारी,अरुण तिवारी,बिकू कुमार,हेमलता दुबे, गुड़िया देवी,सत्या देवी, छोटी देवी, शिवम, बंटी,पीयूष, प्रकाश, अमन आदि का नाम शामिल है।

## न्यूज बॉक्स

### मनरेगा संघ की नई प्रदेश कमेटी गठित, हर्ष

**मोहम्मदगंज।** मनरेगा कर्मचारी संघ की प्रखंड इकाई ने प्रदेश कमेटी के पदाधिकारियों के चुनाव पर खुशी जताते हुए नेतृत्व पर भरोसा जताया है। मीडिया प्रभारी संजय बैठा ने बताया कि हजारीबाग में आयोजित सम्मेलन में राज्य कमेटी का गठन हुआ है। अनिरुद्ध पांडेय अध्यक्ष, दीपक महतो महामंत्री, मो. आशीन सचिव और जितेंद्र कुमार सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने कहा कि इस कमेटी के गठन से मनरेगा कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद होने की उम्मीद बढ़ गई है। संघ की प्रखंड इकाई के अध्यक्ष जगत प्रसाद मेहता (लेखा सहायक) ने कहा कि मनरेगा लागू होने के 17 साल बाद भी इसके कर्मचारियों की स्थिति यथावत है। जबकि कर्मचारी लगन और मेहनत से दायित्व को निभाते आ रहे हैं। श्रम विभाग ने न्यूनतम मासिक मजदूरी 26,500 रुपए तय किए हैं। लेकिन ग्राम रोजगार सेवक को आज भी महीने में मात्र 12000 रुपए भुगतान किए जाते हैं। मनरेगा मजदूरों को जीवन बीमा का प्रावधान किया गया है। जबकि मनरेगा कर्मचारियों का कोई सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य बीमा नहीं हुआ है। मानदेय भुगतान भी नियमित नहीं होता है। उन्होंने प्रदेश कमिटी के उस निर्णय का स्वागत किया है, जिसमें कहा गया है कि 10 दिनों में 6 माह से बकाए मानदेय का भुगतान नहीं होने पर संघ आंदोलन करेगी। उन्होंने स्थायीकरण की मांग को लेकर कई बार आंदोलन के बावजूद इसकी अनसुनी करने की सरकार की कार्रवाई की निंदा की है। मनरेगा बीपीओ आबेदीन अंसारी, सहायक व कनीय अभियंता अविनाश कुमार,प्रभंजन कुमार, राहुल कुमार, कंप्यूटर सहायक उपेंद्र पासवान, संघ की प्रखंड इकाई के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार बैठा ,सचिव जनेश्वर राम, कोषाध्यक्ष समशाद अहमद, ग्राम रोजगार सेवक नाजमा खातून, अजीत पाठक, राजीव कुमार सहित सभी मनरेगा कर्मचारियों ने नए प्रदेश अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों के चुनाव पर खुशी जताई है।

### आनंद बने एके सिंह कॉलेज के प्राचार्य

**हुसैनाबाद।** सोमवार को विश्वविद्यालय द्वारा एके सिंह कॉलेज जपला के शासी निकाय को भंग कर नई तदर्थ समिति की गठन के बाद तेजी से बदलते घटना क्रम में सचिव डॉ. राजेन्द्र सिंह ने तदर्थ समिति के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. आनन्द कुमार को प्राचार्य पद पर योगदान कराकर कॉलेज कर्मियों से समन्वय बनाकर शिक्षण व्यवस्था एवं वितीय व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। योगदान के बाद कॉलेजकर्मियों ने नये प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार का फूल व गुलदस्ता देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर उपस्थित प्रोफेसर व कर्मचारियों को संबोधित करते हुये कहा कि हमसभी को मिलकर कॉलेज कार्य को सुचारू रूप से संचालित करते हुए अनावश्यक वितीय खर्च पर अंकुश लगाना प्राथमिकता होगी। स्वागत करने व बधाई देने वालों में प्रो चंदन कुमार,अय्यूब खा,अरुण सिंह, डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, डॉ.आलोक रंजन,अभिषेक कुमार , रविन्द्र कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह,राजेश कुमार सिंह, उपेन्द्र सिंह, सुधीर कुमार सिंह, राहुल सिंह, रेखा सिंह, अखिलेश सिंह,जयराम सिंह, मीना गुप्ता, वृंदा देवी , अरविंद कुमार सिंह,नरेन्द्र सिंह, छत्रशाल सिंह, प्रहलाद पाल, कृष्ण मोहन सिंह,राजेन्द्र राम,अशोक सिंह समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी, छात्र छात्राये उपस्थित थे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर शोक

**मोहम्मदगंज।** पंसा पंचायत अंतर्गत पंचपोखरी और हाल मुकाम न्यू एरिया, हमीदगंज, मेदिनीनगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राम व्यास सिंह (78) के निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किए हैं। उन्हें गुणवान, मृदुभाषी और मिलनसार प्रवृति का बताते ईश्वर से स्वर्ग लोक में स्थान देने की प्रार्थना की है। शोक व्यक्त करने में जिला पार्षद अंजू देवी, प्रखंड प्रमुख अर्चना देवी, उपप्रमुख नगीना सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यनारायण सिंह, कुश कुमार सिंह,सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह मुखिया विकास सिंह, उपमुखिया लीला देवी सहित कुंडल सिंह, राजू सिंह, प्रिंस सिंह और शुभम कुमार सिंह सहित अन्य कई लोगों के नाम शामिल हैं।

### मुख्य नहर के कचरे पहुंच रहा फसल को नुकसान

**मोहम्मदगंज।** दायीं मुख्य नहर में कचरा डाला जाना फसलों के लिए नुकसानदायक बन गए हैं। बताया जाता है कि कचरा प्रबंधन के बावजूद स्थानीय बाजार के कुड़ा-कचरा पुल के आसपास मुख्य नहर में ही फेकें जाते हैं। इसमें सिंगल यूज पॉलिथिन, थमोकोल और मछलियों के अपशिष्ट भी होते हैं। इससे एक तरफ साल के 8 महीने वहां से गुजरने वाले राहगीरों व आसपास रहवासियों को दुर्गंध और 4 महीने खरीफ सीजन में इनके खेतों में पहुंचने से किसानों को परेशानी और नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस प्रकार मुख्य नहर में फेंका जा रहा कुड़ा-कचरा इंसान और फसल दोनों की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो रही है। बताया जाता है कि मुख्य नहर के जलप्रवाह के साथ ऐसे कचरा खेतों तक लगातार पहुंच रहे हैं। लोटनिया में गेट पर भारी मात्रा में कचरा जमा देख इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### पंचायत प्रतिनिधियों का धरना आज

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** पंचायत प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार की उपेक्षात्मक रवैये के खिलाफ आवाज बुलंद कर दी है। त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि 22 जुलाई को प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना देंगे। धरना कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार लगातार पंचायत व्यवस्था को कमजोर करने का काम कर रही है। विगत दो वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में पंचायतों को विकास मद में एक भी पैसा उपलब्ध नहीं कराया गया है। बावजूद इसके सरकार पंचायत प्रतिनिधियों को बार-बार बालसभा, महिलासभा और ग्रामसभा का आयोजन कराने का फरमान जारी कर रही है, जिससे प्रतिनिधियों को जनता के बीच अपमानित होना पड़ रहा है।

### त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघर्ष मोर्चा का धरना 31 को

**ऊंटारी रोड़।** पलामू जिले के उंटारी प्रखंड के जनप्रतिनिधियों ने सोमवार को मीटिंग किया। जिसमें उंटारी रोड प्रखंड के सभी पंचायतों से जनप्रतिनिधि एकत्रित हुए। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य है 31 जुलाई को प्रखंड मुख्यालय पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करना। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अलका कुमारी के द्वारा किया जाएगा। जिसमें सभी पंचायतों के मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति,वार्ड सदस्य,सभी से अपील है कि 31 जुलाई के दिन प्रखंड मुख्यालय पर त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एक दिवसीय धरणा प्रदर्शन में उपस्थित होकर धरना को सफल बनाए।

**अनियमितता**

### हैदरनगर पश्चिमी के चार में दो आंगनबाड़ी केंद्र अनुपयोगी

## बच्चों के लाभकारी भले ही न हो, अधिकारी व संवदेक होंगे मालामाल



**सुरेंद्र प्रसाद**

हैदरनगर। पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों और बच्चों को लाभ कम, किन्तु संबधित विभाग के अधिकारी और संवेदक को लाभ पहुंचाने पर अधिक जोर व ध्यान दिया गया है। इस प्रखंड के हैदरनगर (पश्चिमी) पंचायत में चार स्थानों पर नये आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कराने की स्वीकृति माह जनवरी 2025 में दी गई है।

हैदरनगर पश्चिमी पंचायत के बंगला स्थित बौली (तालाब) में प्रथम यूनिट का निर्माण करा रहे मेदिनीनगर के संवेदक अमित कुमार ने बताया कि इस पंचायत में कुल चार यूनिट निर्माण कराने का जिम्मा उन्हें मिला है। इसके अलावे हरिजन मुहल्ला, कनौदा और उत्तर कोयल नहर के पास है। उन्होंने कहा कि उन्हें अंचल व प्रखंड से कोई मतलब नहीं है। उनका कार्य विभागीय हो रहा है। इसमें तालाब स्थल की बात की जाये तो यहां पूर्व में एक बच्चा के डूबकर मरने की बात भी सार्वजनिक हुई है।

इस मामले में बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने तो स्पष्ट जवाब दे दिया है कि यह मामला उनके स्तर का नहीं है।

### पंचायत प्रतिनिधियों से कोई मंतव्य नहीं लिया गया



मुखिया शहनाज परवीन, पंचायत समिति सदस्य गुलशन आरा व फरहाना खातून, वरिष्ठ समाजसेवी व मुखिया प्रतिनिधि सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन आदि कई प्रबुद्ध लोगों में रोष इस बात को लेकर है कि उनके पंचायत में चिन्हित और स्वीकृत चार में हरिजन मुहल्ला और कनौदा को छोड़ दो अन्य आंगनबाड़ी केन्द्र का नया अनुपयोगी साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज भी यह स्थल सरकारी खतियान में पोखरा अंकित है। जिससे पटवन भी छोटे माध्यम किसानों को कभी होती थी। उन्होंने कहा कि इसकी स्वीकृति पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों से कोई मंतव्य नहीं लिया गया। जिस पर प्रति यूनिट पर सरकार का प्रतिमाह व्यय भी व्यर्थ होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर कोयल नहर से सटे खेत में बन रहे नया आंगनबाड़ी केन्द्र भवन सर्वप्रथम पोषक क्षेत्र से बाहर है। वहां तक कोई पहुंच पथ भी नहीं है। जिससे बच्चों व कर्मियों का आवागमन सुलभ होने की बात दूर दूर तक नजर नहीं आता। उन्होंने कहा कि सरकार व संबधित अधिकारी के इस निर्णय और पहल से स्पष्ट होता है कि ऐसी सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीणों व उनके बच्चों को कम, किन्तु संबंधित अधिकारी और संवेदक को अधिक लाभ अवश्य होगा।

# योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : उपायुक्त

● डीसी समीरा एस ने कहा- जब तक जांचकर्ता और कार्यकारी अधिकारी अलग-अलग विभागों से नहीं होंगे, तब तक पारदर्शिता और गुणवत्ता की गारंटी नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला प्रशासन अब पर्यटन योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही और दिखावटी काम को बिल्कुल भी बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में आयोजित जिला पर्यटन संवर्द्धन परिषद की बैठक में डीसी ने साफ शब्दों में कहा कि जिन स्थलों पर पर्यटन से जुड़े निर्माण कार्य चल रहे हैं, वहां की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए अंतर विभागीय जांच अनिवार्य है।

उन्होंने दो टूक कहा कि जब जांचकर्ता और कार्यकारी अधिकारी अलग-अलग विभागों से होंगे, तभी निष्पक्ष जांच संभव है और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित हो सकेगा। यह बयान जिला प्रशासन के सख्त रुख का संकेत है।




## अधूरी योजनाओं पर डीसी हुईं नाराज

बैठक में पिछले निर्णयों की समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई कि राज्य स्तर पर पर्यटन समिति की बैठक नहीं होने से जिले के कई महत्वपूर्ण पर्यटन कार्य लंबित पड़े हैं। इसपर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को बेहतर समन्वय और समयबद्ध पहल के निर्देश दिए। मोहम्मदगंज स्थित भीम चूल्हा के पास बनने वाले होटल के लिए ज़मीन चयन को लेकर सीओ, भूमि सुधार उप समाहर्ता और अपर समाहर्ता को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे आपस में समन्वय बनाकर अनापत्ति प्रमाण पत्र जल्द निर्गत करें।

बैठक में चतरा सांसद प्रतिनिधि ने पांकी के राहेवीर पहाड़ी पर बने शिव मंदिर और तरहसी स्थित महादेव माड़ा को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की। वहीं, हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि मिथिलेश पांडेय ने दाताशाह मजार पर रेस्ट हाउस निर्माण का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि यहां झारखंड, बिहार और उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

इन मांगों पर डीसी ने स्पष्ट किया कि विकास की कोई भी योजना बिना गुणवत्ता और पारदर्शिता के आगे नहीं बढ़ेगी। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी पर्यटन और ट्रैवल व्यवसायियों को झारखंड टूरिस्ट ट्रेड रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य है। इसके लिए होटल मालिकों, कार/मिनी बस ऑपरेटरों, एडवेंचर स्पोर्ट्स समूहों, टूरिस्ट गाइड, फोटोग्राफरों आदि के बीच व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार, पर्यटन प्रभारी पदाधिकारी प्यारेलाल, जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक नगर आयुक्त, जिला पर्यटन विशेषज्ञ सुशील द्विवेदी, विधायकों के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सादिक चौक पर ट्रैफिक जांच अभियान, 14 दोपहिया वाहन जब्त

**मेदिनीनगर।** शहर के सादिक चौक पर शनिवार को यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कई दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस तथा ट्रिपल लोडिंग करते हुए पकड़ा गया। अभियान के दौरान कुल 14 दोपहिया वाहनों को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षात्मक रूप से रखा गया। इसके बाद संबंधित कागजातों को जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को चालान और फाइन की प्रक्रिया के लिए भेजा गया। 21 जुलाई 2025 को जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 दोपहिया वाहनों पर कुल 18,150 का चालान फाइन किया गया, जबकि 3 सवारी टेंपो गाड़ियों पर 33,450 का जुर्माना लगाया गया।इस प्रकार कुल 51,600 की चालान फाइन राशि वसूली हेतु निर्धारित की गई है। प्रशासन ने साफ किया है कि आगे भी यातायात नियमों के उल्लंघन पर इसी तरह सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# न्यूज बॉक्स

## जेलर सुबोध कुमार की मां का निधन, शोक

**मेदिनीनगर।** जेलर सुबोध कुमार के मां का निधान हो गया। सुबोध कुमार की मां कौशल्या देवी बीमार थीं और उनका इलाज चल रहा था। कौशल्या देवी की मौत पर मेदनीनगर शहरवासियों समेत अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किसा। वे अपने पीछे अपना भरा पूरा परिवार छोड़ कर गई है। स्वर्गीय कौशल्या देवी की शव यात्रा पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर के वेलवाटिका मुहल्ले स्थित उनके आवास से निकली, जो पप्पू कल स्थित शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## जूनियर खो-खो बालक चयन प्रतियोगिता 23 को

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला खो खो एसोसिएशन के तत्वाधान में 23 जुलाई को जीएलए कॉलेज में सुबह 7 बजे से जिला स्तरीय जूनियर खो-खो चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में पलामू जिला के कोई भी स्कूल,क्लब के बालक-बालिका भाग ले सकते हैं। वेस्ट परफॉर्मेंस के आधार पर खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को 26 जुलाई से हजारीबाग में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित समय पर खेल मैदान में उपस्थित होकर अपना बेस्ट परफॉर्मेंस देकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होंगे। खिलाड़ियों की उम्र 30 जुलाई तक 18 वर्ष से कम हो। प्रतियोगिता के समय आधार कार्ड लाना अति आवश्यक है।

## सिंगरा में भगवान शिव की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**मेदिनीनगर।** दूसरी सोमवारी के अवसर पर निगम क्षेत्र अंतर्गत सिंगरा खुर्द गांव के हनुमान मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हुई। इस दौरान नंदी भगवान के प्रतिमा भी बैठाई गई। बताते चलेगी इस मंदिर में पूर्व से केवल भगवान हनुमान की प्रतिमा स्थापित थी। विकास शुक्ला एवं उनकी धर्मपत्नी अस्मिता शुक्ला ने पूजा अर्चना के कर भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा उपरांत प्रतिष्ठा की। पं. संतोष वैद्य ने विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई। प्राण प्रतिष्ठा के बाद लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर अजय शुक्ला, छविनाथ शुक्ला, जागेश्वर शुक्ला, बुद्धेश्वर शुक्ला ,दुलारू पासवान, रघुनंदन पासवान, कृष्णा पासवान दिलीप शुक्ला , योगेंद्र शुक्ला ,अरुण शुक्ला, नरेंद्र शुक्ला ,प्रकाश शुक्ला, मृत्युंजय शुक्ला, रामायण शुक्ला, संदीप पासवान, पंकज बैठा, अभिषेक शुक्ला, आयुष शुक्ला, आर्यन शुक्ला समेत अन्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## मत्स्य पालकों के बीच स्पॉम वितरित करेगा विभाग, 300 किसानों ने किया आवेदन

**मेदिनीनगर।** मत्स्य विभाग द्वारा पलामू जिले में पंजीकृत एवं प्रशिक्षित किसानों के बीच मछली का स्पॉम वितरण किया जा रहा है। इसको लेकर जिला मत्स्य विभाग ने पूरी तैयारी कर रखी है। इसके अंतर्गत मत्स्य पालकों को मदद से विभाग से लाभ लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन करना होगा। मत्स्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार किसानों को दिए जाने वाले मछली जीरा को बड़ा आकार देने का काम किया जाएगा। जिसके बाद उन्हें वृहद जल क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मछली स्पॉम वितरण होने से स्थानीय मत्स्य पालकों को सहजता से मछली का उत्पादन कर पाएंगे। हालांकि इसमें वैसे मत्स्य कृषकों को शामिल किया जा रहा है जो राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत विशेष प्रशिक्षण ले चुके हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मत्स्य कृषक को 1100 रुपए के एवज में 20 डब्बा स्पॉम,जाल के साथ एक बोरी फीड भी दिया जाएगा। बताते चलें कि वर्तमान समय में मत्स्य पालकों में मछली पालन के प्रति काफी रूचि देखने को मिल रही है। अब तक 300 से अधिक किसानों ने मछली के स्पॉम हेतु आवेदन किया है। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष अच्छी बारिश होने के कारण मत्स्य पालक मछली पालन कर ज्यादा मुनाफा कमाने की उम्मीद कर रहे हैं। आकाश चौधरी नामक मत्स्य पालक ने बताया कि बताया कि पूर्व जानकारी के अभाव में मत्स्य पालकों को नुकसान होता था, लेकिन विभाग की ओर से प्रशिक्षण मिलने से उन्हें मछली पालन की सही विधि का जानकारी मिला है। जिले के कई ऐसे किसान हैं जो मछली पालन कर जीवन स्तर को ऊंचाईयों की ओर ले जा रहे हैं।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने धार्मिक स्थलों में किया झाड़ू का वितरण

**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह की मेदिनीनगर शाखा ने समूह के बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत रविवार को मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर एवं गुरुद्वारा में झाड़ू का वितरण किया। शाखा मंत्री प्रताप नारायण शाही ने समूह के इस कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह सामाजिक और आध्यात्मिक संस्था है। राष्ट्र और समाज की बेहतरी के लिए समूह द्वारा निरंतर कार्य किया जाता है। इसी के तहत स्वच्छता के प्रतीक 60 पीस झाड़ू का वितरण शहर के धार्मिक स्थलों में किया गया। कहा कि परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम जी ने मानवता सेवा का संदेश दिया है। समूह द्वारा सेवा के क्षेत्र में सक्रियता के साथ कार्य किया जा रहा है। मौके पर शाखा के कोषाध्यक्ष अन्ना डीएम पाल, अजय बक्स राय, सुधीर कुमार सिंह, डॉक्टर नरसिंह आदि मौजूद थे।

## जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत मिशन की डीसी ने की समीक्षा

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने सोमवार को वर्चुअल मोड के माध्यम से जल जीवन मिशन (जेजेएम) और स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) समेत अन्य पेयजल आधारित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने वीडब्लूएससी को हैंडओवर की जा चुकी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे स्थानीय मुखिया से समन्वय बनाकर स्कीम हस्तांतरण की प्रक्रिया में तेजी लाएं। एसवीएस इन्सपेक्शन के अंतर्गत धीमी गति से चल रहे कार्यों की जानकारी पर उपायुक्त ने नाराजगी जताई। कार्यपालक अभियंता ने जानकारी दी कि एक ही कनीय अभियंता को कई प्रखंडों का कार्यभार सौंपा गया है। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अन्य विभागों से जेई की प्रतिनियुक्ति कर कार्य में तेजी लाई जाए। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन को लेकर ग्राम योजना तैयार करने, व्यक्तिगत घरेलू शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, गोबर गैस प्लांट, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, और ओडीएफ गांवों के सत्यापन की स्थिति पर चर्चा की गई। साथ ही, ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर कचरा प्रबंधन के लिए बन रही संरचनाओं की स्थिति की भी समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान झारनेट के माध्यम से उपायुक्त के साथ पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, जेजेएम व एसबीएम के जिला समन्वयक मौजूद थे।

# बंगीय दुर्गा बाड़ी में नये हॉल का उद्घाटन शुभंकर अध्यक्ष व जयंत महासचिव चुने गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बंगीय दुगार्बाड़ी परिसर में ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष देवेश मोइत्रा की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक से पहले बंगाली समाज की वरिष्ठ नागरिक झर्ना सेन ने फीता काटकर दुर्गा बाड़ी में बने नवनिर्मित मीटिंग हॉल का उदघाटन किया। उन्होंने सभी को आने वाले दुर्गा पूजा को सफल बनाने के लिए शुभकामना दिया। बैठक में मुख्य रूप से वर्ष 2024 में हुए दुर्गा पूजा, काली पूजा, लक्ष्मी पूजा, सरस्वती पूजा, विपद तारिणी पूजा में के आय-व्यय का बौरा प्रस्तुत किया गया।

अकेंक्षक के टिपण्णी के बाद इसे ध्वनिमत से पारित किया गया। बैठक में वर्ष 2025 के लिए नए पूजा समिति का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से शुभंकर चक्रवर्ती को अध्यक्ष, गौतम बोस व शिवनाथ चटर्जी को उपाध्यक्ष, जयंत विश्वास को सचिव, शिवेश मोइत्रा व प्रसेनजीत बोराल को उप सचिव, अमर भांजा को कोषाध्यक्ष, गौतम घोष को उप कोषाध्यक्ष, सुदीप रायचौधुरी को अंकेक्षक, मुनमुन चक्रवर्ती व पृथा भट्टाचार्य को महिला समिति के सचिव, सैकत चटर्जी को मीडिया प्रभारी, सुमित भट्टाचार्य को सांस्कृतिक समिति के संयोजक चुना गया। यह तय किया गया कि अगली बैठक में पूजा समिति अपने अन्य पदाधिकारियों का चयन करेगी। इस अवसर पर सचिव जयंत विश्वास ने कहा कि हम पूरी भव्यता के साथ दुगार्पूजा मनाएंगे। इस वर्ष इस पूजा का 111 साल होगा, इसे यादगार बनाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमे शहर और आसपास की जनता का भरपूर सहयोग मिलता रहा है, इस बार भी सबके सहयोग से पूजा को सफल बनाया जायेगा। बैठक में दीपक बागची, सतेंद्र नाथ भट्टाचार्य, देब प्रसाद बनर्जी, नंदोब्रतो बोराल, देवाशीष सेनगुप्ता, सजल चक्रवर्ती, काजल घोष, पीपी गुप्ता, तमन्ना मल्लिक, मल्लिका मोइत्रा, सुकुमार पाल, तुषार बोराल, सौभीक दत्ता आदि मौजूद थे।



# महिला कांग्रेस ने छात्राओं की आत्महत्या व हिंसा की घटनाओं पर निकाला आक्रोश मार्च

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ओडिशा के बालासोर की छात्रा सौम्या श्री, ग्रेटर नोएडा की छात्रा ज्योति, और पूरी की एक बेटी के साथ हुई हिंसक घटनाओं के खिलाफ सोमवार को जिला महिला कांग्रेस कमिटी द्वारा आक्रोश मार्च निकाला गया। यह मार्च अंबेडकर पार्क से प्रारंभ होकर जिला समाहरणालय तक गया, जिसका नेतृत्व महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रेखा सिंह ने किया। रेखा सिंह ने कहा कि देशभर में बेटियों के साथ हो रही वीभत्स घटनाओं ने आम जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। सौम्या श्री और ज्योति ने अपने कॉलेज के प्रोफेसर द्वारा मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या जैसा कदम उठाया, वहीं पूरी में एक बेटी को तीन दरिंदों ने आग के हवाले कर दिया। यह घटनाएं उन राज्यों में हुई हैं जहाँ भाजपा की सरकारें हैं, और वहाँ की प्रशासनिक मशीनरी ऐसे मामलों को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी ने झंडा दिखाकर सुबह 11.30 बजे किया। मार्च के समापन पर रेखा सिंह ने उपर्युक्त घटनाओं पर शीघ्र रोक लगाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विनोद कुमार तिवारी, पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला, मिथलेश कुमार सिंह, नदीम अंसारी, सुधीर चंद्रवंशी, विवेक शुक्ला, नगीना देवी, बबीता देवी, लीलावती देवी, पार्वती देवी सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।




## समृद्धि की पाठशाला: नौ वर्षों से जला रही है शिक्षा की लौ

**मेदिनीनगर।** कचरवा में मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की पाठशाला बीते नौ वर्षों से निःशुल्क शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही है। इस पाठशाला की नींव न केवल सेवा भावना से जुड़ी है, बल्कि महिला टीम के अदम्य जज्बे और समर्पण का जीवंत उदाहरण भी है। जहां पहुंचना किसी पदयात्री के लिए भी कठिन होता, वहां इस महिला टीम ने अपनी निःस्वार्थ भावना के साथ शिक्षा की रोशनी फैलाने का काम किया। संस्था की ओर से संचालित यह केंद्र आज उस स्थान पर उम्मीद की किरण बन गया है।

## बुधवार को कांग्रेस का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

# झारखंड प्रभारी डॉ. सिरिवेला प्रसाद होंगे शामिल

● कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी लेंगे भाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार एवं प्रदेश प्रभारी के. राजू के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संगठनात्मक सशक्तीकरण अभियान सृजन 2025 के अंतर्गत पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिलों के प्रखंड अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 23 जुलाई को बेतला में किया गया है। यह आयोजन संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त करने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए कार्यकतार्ओं को तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस संदर्भ में सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की जानकारी जिला कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता गोपाल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह शिविर पार्टी की नीतियों, संविधान, संगठनात्मक अनुशासन और जनसंपर्क की रणनीतियों पर केंद्रित होगा।

प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी के नव निर्माण, अनुशासित पुनर्गठन और जनसंपर्क विस्तार की एक निर्णायक प्रक्रिया है। बेतला में आयोजित यह शिविर कार्यकतार्ओं को वैचारिक स्पष्टता और संगठनात्मक दक्षता प्रदान करेगा। इस प्रशिक्षण सत्र में विशेष रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव एवं झारखंड प्रभारी डॉ. सिरिवेला प्रसाद और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की गरिमामयी उपस्थिति सुनिश्चित है। जिनके मार्गदर्शन से कार्यकतार्ओं को नई ऊर्जा प्राप्त होगी। पत्रकार सम्मेलन में प्रमुख रूप से 20 सूत्री की उपाध्यक्ष विमला कुमारी, शिक्षा विभाग के प्रदेश कोऑर्डिनेटर श्याम नारायण सिंह, शमीम अहमद राईन, विद्या सिंह चेरो, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, मिट्ठू खान इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने धूमधाम से मनाया सावन महोत्सव



● महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सालोंभर अपने सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहने वाली संस्था वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने महिलाओं के लिए सावन महोत्सव का आयोजन किया। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि रोजमर्रा के जीवन में घर बाहर महिलाएं भी बहुत से तनाव झेल रही हैं। इसलिए उनकी खुशी और उन्हें तनावमुक्त रखने के लिए सावन महोत्सव जैसे आयोजन बेहद जरूरी हैं। ऐसे आयोजन हमें प्रकृति और अपनी संस्कृति से जोड़े रखते हैं। इस शानदार आयोजन में लगभग कई महिलाओं ने हिस्सा लिया और सभी ने सावन के गीतों पर ठुमके लगाए, साथ ही कजरी गाकर सावन की महत्ता बताई। कार्यक्रम की शुरूआत शिव भजन से हुई, जिसकी प्रस्तुति प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर राखी सोनी और कंचन गुप्ता ने दी। तत्पश्चात गीत, संगीत, नृत्य, सेल्फी और तरह तरह के गेम्स का धमाल शुरू हुआ।ब हरे परिधानों में लिपटी तमाम महिलाएं संगीत की धुन पर थिरकती नजर आईं। सुस्वादु भोजन का लुत्फ उठाकर ब्रेक के बाद महिलाओं ने झूला झूलते हुए कजरी गाया। म्यूजिकल चेयर, टॉफी रेस, पिक द चीट,एक्टिंग, मिमिक्री, कैटवॉक ने इस आयोजन को यादगार और शानदार बनाया। टीम वरदान की सचिव शर्मिला वर्मा, संध्या अग्रवाल, खुश्बू शर्मा, राखी सोनी, कंचन गुप्ता, शुभम बिहारी ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वहीं आगंतुकों में पतंजलि की ममता शरण,सुषमा देवी, रितिका सिन्हा, नेहा सोनी, सपना पांडे, रूचि गुप्ता, प्रिती राज, सुषमा कुमारी, प्रिती कुमारी, शिक्षिका सुषमा सोनी ,ज्योति भाटिया, एडवोकेट वंदना कुमारी,विनीता सिंह, अभिनेत्री काजल राज, वर्षा रानी, शिक्षिका अल्का सिंह, प्रोफेसर वंदना श्रीवास्तव ,पलक,अंकिता वर्मा,काश्मीरी टोप्पो,ग्रीन वैली स्कूल की प्राचार्या सोनी पंडित,पूजा दूबे , रिनूशर्मा, आरती सिंह, पुष्पांजलि, आर्ची,श्वेता पांडे, गुड़िया, हेमलता देवी मंजू कुमारी, मीडियाकर्मी सोनी पांडे, रिया, रितू, सुमन, आराध्या, आशी, राधिका, शामिल रहीं। वहीं गुजराती महिलाओं ज्योति भाटिया, उषा शाह और रेणु त्रिपाठी ने सभी को डांडिया नृत्य पर झूमने को मजबूर कर दिया। अंत में प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर राखी सोनी ने सभी सुहागिनों को हरी चूड़ी,मेंहदी,सिंदूर, नेलपॉलिश और बिंदी जैसे श्रृंगार सामग्री उपहार स्वरूप दिए।

## 20 सूत्री अध्यक्ष ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**मेदिनीनगर।** अंबेडकर पार्क से लेकर जिला समाहरणालय तक जिला महिला कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष रेखा सिंह के नेतृत्व पद यात्रा निकाला गया। रेखा सिंह ने उड़ीसा की बालासोर और ग्रेटर नोएडा में युवतियों के साथ हुई घटना पर रोष जताया। रेखा सिंह ने कहा कि इस तरह की घटना को सुनकर पूरा देश स्तब्ध और अचंभित हैं। इसके साथ ही पुरी में एक बेटी को तीन दरिंदों द्वारा आग के हवाले की घटना ने पूरे देश के लोगों के दिलों को झकझोर कर रख दिया। रेखा सिंह ने कहा कि ये तीनों घटनाएं जहां हुई, वहां भाजपा की सरकार है। वहां की प्रशासन इस तरह की घटना को रोकने में पूर्ण रूप से विफल साबित हुई है। इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा दे देना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में रेखा सिंह ने उपरोक्त घटनाओं पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त पलामू एक ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में शामिल लोगों में 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, विनोद कुमार तिवार,ी पूर्व अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर शुक्ला, मिथलेश कुमार सिंह, नदीम अंसारी, सुधीर चंद्रवंशी, विवेक शुक्ला, नगीना देवी, बबीता देवी, लीलावती देवी, पार्वती देवी सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकतार्ओं पद यात्रा में शामिल हुए।

## लता मंगेशकर चौक अतिक्रमण के कब्जे में

# फल व अन्य सामग्री बेचने हेतु लगती है दर्जनों दुकानें

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के यूनियन चर्च के सामने लता मंगेशकर चौक के सामने फल एवं अन्य सामग्री के विक्रेताओं द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। बताते चलें कि स्वर सामग्री को समर्पित यह शौक लोगों को अलग एहसास देने हेतु बनाया गया है। अब तक इस चौक का उद्घाटन भी नहीं हो पाया है। फिर भी बेतरीब ढंग से किया जाए रहे अतिक्रमण के कारण इसकी सुंदरता बिगड़ती जा रही है। बताते चलें कि निगम द्वारा इस स्थान पर बड़ा वीणा लगाया गया है। इसके साथ ही भारतीय संस्कृति एवं नृत्य को प्रदर्शित करने के लिए इस योजना के अंतर्गत विभिन्न नृत्य मुद्राओं की प्रतिकृति भी लगाई गई। हालांकि इस स्थान से गुजरने पर लाइटिंग में प्री इंस्टॉल्ड स्पीकर से लता मंगेशकर के गीत सुनाई देते हैं।68 लाख की लागत से निर्मित इस चौक में पाथवे, चौक से लेकर क स्कूल तक ग्रीन जोन ग्रीन जोन फबेर ब्लॉक सुंदर पाथवे लाइटिंग घास और पौधे लगाए गए हैं। धीरे-धीरे इस स्थान की चर्चा होने से शाम में यहां भीड़ जुटने लगी है। परंतु लोगों को यह डर सता रहा है कि अगर इसकी पर्याप्त देखभाल नहीं की गई तो कहीं इसका हश्र कोयल रिवर फ्रंट जैसा हाल न हो जाए।

## आस्था | दूसरी सोमवारी पर शिवालियों में उमड़ी भीड़

# हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा शहर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सावन महीने के दूसरे सोमवार पर रेड़मा चौक स्थित स्थित कामनापूर्ति शिव मंदिर सहित शहर के विभिन्न शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान भोर से ही भक्तों का तातां लगा रहा। सावन महीने के दूसरे सोमवार पर कोयल नदी किनारे शिवाला रोड स्थित पौराणिक शिवालय में भी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने दुग्ध, घी, हल्दी, अक्षत, चंदन, बेलपत्र, पुष्प आदि का अर्पण कर महादेव की आरती उतारी। भक्तों ने जलाभिषेक भी किया। इसी तरह पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर व सुदना स्थित शिव धाम में भक्तों की लंबी कतार लगी रही। तांबे और पीतल के लोटे में जल लेकर महिलाओं ने देवाधिदेव महादेव का अभिषेक किया। व्रती महिलाओं ने मिष्ठान, भांग, दुग्ध, बेल पत्र आदि का अर्पण कर महादेव की आराधना की। कामनापूर्ति शिव मंदिर, बुढ़वा बाबा शिव मंदिर बारालोटा,कंदाखांड के शिव मंदिर में भक्तों ने हाजिर लगाई। जहां भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया वहीं बड़ी संख्या में भक्त सपरिवार रुद्राभिषेक के लिए भी पहुंचे। भक्तों ने अपने घरों में भी पार्थिव शिवलिंग का निर्माण करके भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। पूजा अर्चना के दौरान शहर हर हर महादेव एवं ओम नमः शिवाय की जय घोष से गूंज उठा। पंडित मनीष मिश्रा ने बताया कि सोमवारी के दिन शिवजी की विशेष पूजा और कुछ खास उपायों को अपनाने से जीवन में सुख-शांति और खुशहाली आती है। साथ ही, जीवन की सभी समस्याएं दूर होती हैं।



## महाकाल क्लब ने निकाली कलशयात्रा

शहर में महाकाल क्लब द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कलश यात्रा बड़े हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व उपमहापौर राकेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। यह कलश यात्रा हमीदगंज, सूर्य नारायण मंदिर से चियांकी शिव मंदिर में शिवलिंग को जल अर्पित कर समाप्त की गई। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में शिव भक्तगण मौजूद रहे।

## विद्यालय सामग्री में अनियमितता की जांच

**खरौंधी (गढ़वा)।** सोमवार को अपर समाहर्ता गढ़वा के निर्देश पर गठित जांच टीम ने पीएम श्री मध्य विद्यालय अरंगी तथा पीएम श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय भलूही का निरीक्षण किया। जांच टीम में जिला कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज और डीएसई अनुराग मिंज शामिल थे। टीम ने विद्यालयों में पूर्व में आयोजित शैक्षणिक कार्यक्रमों, छात्रों के भ्रमण, खेल एवं प्रयोगशाला सामग्रियों सहित दीवारों पर लगाए गए चित्रों आदि की जांच की। विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से दिए गए लिखित आवेदन में बताया गया कि सामग्रियों की खरीद विद्यालय स्तर से नहीं की गई है, बल्कि जिला शिक्षा कार्यालय से सप्लाई की गई है। कुछ सामग्रियों की गुणवत्ता ठीक नहीं है, जबकि विद्यालय खुद खरीदारी करता तो गुणवत्ता बेहतर होती। जांच की सूचना पर पीएम श्री स्तरोन्नत उच्च विद्यालय भलूही पहुंचे करीवाडीह पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार सिंह, भाजपा नेता अरुण कुमार सिंह, रामचंद्र सिंह, रिजुल पासवान, अहमद रजा, बाबूलाल यादव व विजय राम ने आरोप लगाया कि सप्लाई की गई सामग्री 13 हजार रुपये की भी नहीं है। जांच से बचने के लिए रविवार को कुछ सामग्री आनन-फानन में भेजी गई है, जिससे स्पष्ट होता है कि वित्तीय अनियमितता हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जांच सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गई है। इन लोगों ने गढ़वा उपायुक्त दिनेश कुमार यादव से पारदर्शी जांच की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। जिला कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज और डीएसई अनुराग मिंज ने कहा कि विद्यालय में अब तक उपलब्ध सामग्रियों की जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट जिला कार्यालय को सौंपी जाएगी।

## करोड़ों की सड़क में फिर से पड़ी दरारें

**डंडई।** एक बार मरम्मत करने के बाद फिर से डंडई प्रखंड क्षेत्र के तसरार गांव में उच्च स्तरीय नवनिर्मित पुल के पास करोड़ों रुपए की लागत से बनी कालीकरण सड़क में बड़ी-बड़ी दरारें फट गयी। जिसको ठेकेदार के द्वारा फिर से मरम्मत करने के लिए सड़क को मशीन से खुदवाया गया। जो सड़क की गुणवत्ता का पोल खोल रहा है। हद यह है की खोदे गए सड़क के पास किसी भी तरह का इंडिकेटिंग नहीं लगाया गया है। जिससे कभी भी वाहनों की दुर्घटनाएं हो सकती है। सोमवार को तसरार गाँव के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के संवेदक के द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले सड़क मनमाने तरीके से निर्माण कराया गया है। सड़क में इन दिनों वर्षा की पानी बहाव के कारण कई जगह सड़क में दरारें फट गई है। संवेदक ने फिर से सड़क के मरम्मत के लिए सड़क को खुदवाया है। जो सड़क की गुणवत्ता का पुल खुल रहा है। संबंधित विभाग के पदाधिकारी को इसकी जांच कर संवेदक पर कार्रवाई करना चाहिए था।

## झामुमो के नव मनोनीत पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पार्टी के विभिन्न वर्ग संगठन, मोर्चा के नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में केंद्रीय अध्यक्ष व कार्यकर्ता एक समान हैं। बस लोगों की जिम्मेवारी भर अलग-अलग होती है। इसलिए पदाधिकारी एवं सभी कार्यकर्ता मिलकर निष्ठापूर्वक इमानदारी से अपनी जिम्मेवारी निभाएं। सफलता कदम चुमेगी। उन्होंने कहा कि काफी सोच समझ कर लोगों को जिम्मेवारी सौंपी गई है। जिन्हें जिम्मेवारी नहीं मिली है वे भी पूरी तन्मयता से कार्य करें। वैसे लोगों पर सब की नजर होगी। निश्चित रूप से वे भी आगे बढेंगे। हम सभी लोग आज संकल्प लें कि सभी को मिलजुल कर संगठन, झामुमो परिवार को और भी मजबूत बनाना है। नवमनोनीत पदाधिकारियों से श्री ठाकुर ने कहा कि सभी लोग यथाशीघ्र अपनी कमिटी में योग्य एवं कर्मठ लोगों को स्थान देते हुए विस्तार करें। मौके पर शरीफ अंसारी, जवाहर पासवान, चंदन जायसवाल, विश्वनाथ सिंह आदि ने विचार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष शंभु राम ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## शिक्षा विभाग की टीम ने की जांच

**केतार।** पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार में सोमवार को शिक्षा विभाग की जांच टीम पहुंची। जिसमें प्रमुख रूप से डीएसई अनुराग मिंज एवं जिला कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज शामिल थे। उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, छात्रों के शैक्षणिक भ्रमण की व्यवस्था और खेल सामग्रियों की बारीकी से जांच की। उन्होंने शैक्षणिक भ्रमण में शामिल छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, उनके लिए की गई व्यवस्था और विद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री की जांच की। उन्होंने कहा कि अब तक जो सामग्री उपलब्ध हुई है उसकी जांच की जा रही है। हालांकि उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया अभी जारी है और समुचित रिपोर्ट के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि कितना बजट निकासी हुआ, कितना भुगतान किया गया और किस मद में खर्च किया गया। जिला कोषागार पदाधिकारी प्रशांत मिंज ने स्पष्ट किया कि यदि जांच के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो नियमों के अनुसार संबंधित पदाधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले महीने में जिला परिषद की बैठक में जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने पीएम श्री विद्यालय में राशि में बंदरबाट का मुद्दा उठाया था। वहीं समाजसेवी रामविचार साहू ने उपायुक्त गढ़वा को आवेदन देकर विद्यालय के शैक्षणिक भ्रमण में तय सीटों से अधिक छात्रों को ले जाने और प्रधानाध्यापक की मिलीभगत से वित्तीय गड़बड़ी का आरोप लगाया था।

## नशामुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान

**केतार।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय केतार में प्रशासन के द्वारा नशामुक्ति को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नशा उन्मूलन, साइबर सुरक्षा और सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि नशा समाज में कोढ़ बन चुका है और यह अधिकांश अपराधों का मुख्य कारण है। नशा समाज और परिवार से आपको दूर करता है। उन्होंने स्कूली बच्चों से अपील किया की वे केवल खुद जागरूक न बने बल्कि अपने परिवार और समाज को भी नशे से दूर रहने का संदेश दें। साइबर अपराधों को लेकर बच्चों को सतर्क करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी, बैंक डिटेल या अन्य गोपनीय जानकारी साझा नहीं करें। फ्रॉड से बचने का एकमात्र उपाय खुद की जागरूकता है। इसके पश्चात विद्यालय कैंपस में दर्जनों फलदार पौधा लगायें गये। इस मौके वार्डेन अमिता पांडे, शिक्षिका सपना सिंह, धीरज मणी लकड़ा, एकाउंट विनय कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर बैठक

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड अंतर्गत पिपरी कला पंचायत सचिवालय में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के टीबी नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय टीबी फोरम की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अनुमंडल अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ. सुचित्रा कुमारी के निदेशानुर्सार संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया सुशीला देवी ने की।बैठक का मुख्य उद्देश्य टीबी मुक्त भारत अभियान को पंचायत स्तर तक मजबूती से लागू करना था। इस अवसर पर टीबी विभाग के एसटीएस सुनील कुमार ने यक्ष्मा उन्मूलन अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों को अब मुफ्त जांच और दवा के साथ-साथ प्रोत्साहन राशि के रूप में 1,000 रुपये प्रति माह दिए जाएंगे, जो पूर्व में 500 रुपये थी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पंचायत स्तर पर टीबी के लक्षणों वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें अनुमंडल अस्पताल भेजा जाएगा ताकि समय पर जांच और इलाज सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में डॉ. रजनीश, सीएचओ खुशी कुमारी, अमीषा पटेल, एनसीडी संजय कुमार यादव, एएनएम रेशम कुमारी, बिटीटी संजय कुमार गुप्ता, सहिया साथी मुन्नी देवी, ग्राम सहिया संगीता देवी एवं सरिता देवी सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## दिव्यांग बच्चों को मिली समाग्री

**केतार।** झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रखंड संसाधन केंद्र केतार में दिव्यांग जांच सह उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीपीएम रवि कुमार वैद्य, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम, उपाध्यक्ष इम्तियाज अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। उक्त शिविर में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों का दिव्यागंता जांच किया गया। इसमें 3 वर्ष से 18 वर्ष के 59 बच्चों का हड्डी व शारीरिक रूप से कमजोर, नेत्र- मूक-बधिर, कान, मानसिक एवं शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों का जांच डां अमित कुमार के द्वारा किया गया। इसमें 19 दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, रोलेटर किट, सीपी चेयर का वितरण किया गया। जबकि 20 बच्चों को चयनित किया गया इन्हें अगले वर्ष समाग्री मिलेगी। बीपीएम रवि कुमार वैद ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा स्वास्थ्य और समाज में बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए क्योंकि एक समान व्यक्ति से क्षमता कम होती है। इसलिए हो सके तो सामाजिक तौर पर या अन्य जगहों पर इन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

### साइकिल वितरण व सर्वजन पेंशन स्वीकृत सम्मान समारोह का आयोजन

# प्रखंड मुख्यालय में भ्रष्टाचार बढ़ गया : अनंत प्रताप देव

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को साइकिल वितरण एवं सर्वजन पेंशन स्वीकृत सम्मान समारोह का आयोजन बीडीओ नंदजी राम के अध्यक्षता में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का संचालन झामुमो के जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो केंद्रीय कार्य समिति सदस्य ताहिर अंसारी, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी व मुक्तेश्वर पांडेय ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के बतौर अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने कार्यक्रम में अव्यवस्था का आलम देख बीडीओ को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि प्रखंड मुख्यालय में भ्रष्टाचार बढ़ गया है। कर्मियों द्वारा कार्य करने के एवज में लोगों से अवैध पैसों की वसूली कर रहे है, बिना पैसा लिए लोगों को बेवजह दौड़ाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रखंड मुख्यालय में अगर कोई दलाल दिखे तो झामुमो के कार्यकर्ता उनका हाथ तोड़ दें। कहा कि हेमंत की सरकार गरीबों के हित के लिए कई कार्यक्रम चला रही है, चाहे वह समाज कल्याण से हो चाहे वह प्रखंड स्तर से हो चाहे वह जिला स्तरीय विकास हो, इसके तहत गांव-गांव तक गरीबों की हक के लिए काम किया जा रहा है। वहीं सरकार की जन कल्याणकारी योजना पेंशन से हम लोग जोड़ने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान आठ वृद्ध लोगों को पेंशन की स्वीकृति का प्रमाण पत्र प्रदान करने के साथ ही प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के कुल 90 छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया।



# अंतरराज्यीय सीमावर्ती सुरक्षा को लेकर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** वाड्राफ नगर छत्तीसगढ़ के रऊढड रामावतार ध्रुव के नेतृत्व में अंतर राज्य सीमावर्ती बैठक रखा गया। जिसमें छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के पुलिस पदाधिकारी उपस्थित हुए बैठक में मुख्य रूप से जिस्म लूट, गौ एवं मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करने हेतु अंतरराज्यीय सीमावर्ती थाना के पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की गई। चारों प्रदेशों के पुलिस पदाधिकारी से अपील किया गया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए और अवैध धंधा के रोकथाम के लिए थाना से सामंजस्य स्थापित कर अपराधियों पर नकेल कसने पर चर्चा किया गया। बैठक में तय किया गया कि अंतरराज्यीय अपराधी लोग मौका का फायदा उठाकर अवैध धंधा में संलिप्त हो जाते हैं। फल स्वरुप इनसब के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने की आवश्यकता है। इस बैठक में धुरकी के नवनियुक्त थाना प्रभारी जनार्दन रावत उपस्थित थे।

## भवनाथपुर से कांवरियों का जत्था रवाना

**भवनाथपुर।** सोमवार को भवनाथपुर से दो बसों में सवार होकर कांवरियों का एक जत्था देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व कांवरियों ने भवनाथपुर टाउनशिप के देवीधाम मंदिर और पहाड़ी शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। श्रद्धालु बोल बम के जयकारों के साथ उत्साहपूर्वक सुल्तानगंज के लिए प्रस्थान किए, जहां से वे गंगाजल उठाकर पैदल यात्रा करते हुए देवघर पहुंचेंगे और बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इस धार्मिक यात्रा में आशीष कुमार, अखिलेश कुमार, सोनू पासवान, अनुपा देवी, अनीता देवी, मुखलाल, संजय और राजेश कुमार सहित दर्जनों श्रद्धालु शामिल हुए।

## मुखिया संघ का धरना 25 जुलाई को

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल पर सोमवार को मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार दुबे के नेतृत्व में प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया के साथ एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में उपस्थित सभी मुखिया की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार व भ्रष्ट अधिकारी के खिलाफ २५ जुलाई को कांडी प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी किया जाएगा। ततपश्चात धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## छेड़खानी के आरोपी को भेजा गया जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से दो विभिन्न मामले में दो प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्याय हिरासत गढ़वा भेज दिया गया है। प्राप्त समाचार के अनुसार धुरकी थाना के खाला गांव निवासी धुरकी थाना कांड संख्या 95 /25 के प्राथमिक अभियुक्त एक कथित लड़की के साथ में छेड़खानी के आरोप में आईपीसी की धारा 64 ए बीएन एस पोकटो एक्ट के अभियुक्त प्रवेश अंसारी पिता जलील अंसारी और एक अन्य अभियुक्त विकास कुमार कोरबा पिता राम अवतार कोरबा को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। न्याय मिला सकते हैं। थाना प्रभारी जनार्दन रावत ने बताया कि किसी भी सूरत में अपराधी को बखसा नहीं जाएगा, धुरकी क्षेत्र को शांतिमय बनाना उनकी प्राथमिकता है।

### पूर्व मंत्री ने मेडल विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में किसी भी समस्या को नहीं बनने देंगे बाधक : मिथिलेश ठाकुर

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गढ़वा के पदक विजेता खिलाड़ियों को झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सम्मानित किया। मिथिलेश ठाकुर ने गढ़वा कल्याणपुर स्थित आवास पर सभी विजेता खिलाड़ियों को शॉल, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित किए गए खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक विजेता सुप्रिया कुमारी, झूलन कुमारी, रजत पदक विजेता सिविक प्रजापति, समीर कुमार चौबे, कांस्य पदक विजेता शाहीन प्रवीण का नाम शामिल है। ज्ञात हो कि गत दो व तीन जुलाई 2025 को रामगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गढ़वा के उक्त खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, दो रजत व एक कांस्य पदक जीता था। मौके पर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उन्हें उचित मार्गदर्शन एवं सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में वे किसी भी समस्या को बाधक नहीं बनने देंगे। खिलाड़ी पूरी तन्मयता के साथ मेहनत करें। वे हमेशा खिलाड़ियों के हर संभव सहयोग के लिए तैयार हैं। श्री ठाकुर ने कहा कि उनका मकसद गढ़वा के खिलाड़ियों को सिर्फ राज्य एवं देश में ही नहीं बल्कि विश्व स्तर पर परचम लहराते हुए देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा के खिलाड़ी भी ओलंपिक विजेता बनें। यही उनका सपना है। इसके लिए वे सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग करने के लिए संकल्पित हैं। मौके पर मुख्य रूप से गढ़वा जिला किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, सचिव सह प्रशिक्षक मनोज संसई, झामुमो क्रीडा मोर्चा सचिव शादाब खान, खिलाड़ियों के परिजन सविता कुमारी, सुनीता प्रजापति, खुशबू कुमारी, सनोज कुमार, खिलाड़ी प्रकृति आनंद देव, कृष्णानंद, सक्षम कुमार, रुचि कुमारी, स्नेहा कुमारी, आरूषी कुमारी, पुण्य प्रसून आदि लोग उपस्थित थे।




**जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (जिला भू-अर्जन शाखा)**

**आदेश**

NH-143A पथ के लोहरदगा बाईपास पथ निर्माण परियोजना में भूमि अधिग्रहण के मुआवजा भुगतान हेतु रैयतों से आवश्यक दस्तावेज यथा खतियान की छायाप्रति, अद्यतन लगान रसीद (Online Rasid) आधार कार्ड, वोटर आई0डी0, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, इण्डमिनिटी बॉण्ड पेपर, भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र, वंशावली, दो रंगीन फोटो प्राप्त करने एवं अन्य आवश्यक जानकारी देने हेतु शिविर का आयोजन किया जाता है।

NH-143A पथ के बाईपास निर्माण परियोजना हेतु शिविर की विवरणी निम्नवत् है :-

| क्र0 सं0 | शिविर की तिथि | अंचल का नाम | समय | शिविर का स्थल | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21.07.2025 | लोहरदगा | 11:00 बजे से 04:00 पूर्वाहन | पंचायत भवन निंगनी | निंगनी |
| 2 | 22.07.2025 | लोहरदगा | | सहेदा समुदायिक भवन | बंजार किस्को |
| 3 | 23.07.2025 | लोहरदगा | | सहेदा समुदायिक भवन | जोरी |
| 4 | 24.07.2025 | लोहरदगा | | तहसील कचहरी कैमो | कैमो |
| 5 | 25.07.2025 | लोहरदगा | | सहेदा समुदायिक भवन | सहेदा |
| 6 | 23.07.2025 24.07.2025 | किस्को | | पंचायत भवन बेटहठ | बेटहट |
| 7 | 25.07.2025 26.07.2025 | किस्को | | पंचायत भवन अरेया | अरेया |
| 8 | 28.07.2025 29.07.2025 | किस्को | | अखाड़ा नवाटोली, अरेया | पतरातू |
| 9 | 21.07.2025 | सेन्हा | | नौदी आंगनबाडी केन्द्र (सेन्हा) | सेन्हा |
| 10 | 23.07.2025 | सेन्हा | | आंगनबाडी केन्द्र (चन्दकोपा) | चन्दकोपा |
| 11 | 25.07.2025 | सेन्हा | | फुटबॉल मौदान पंचायत भवन के समिप | अरू |
| 12 | 26.07.2025 | सेन्हा | | सामुदायिक भवन गुड़िया टोली (बनसरी) | बनसरी |

जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 357797 Lohardaga(25-26)


## 37 छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

**रंका।** कल्याण विभाग के द्वारा 37 छात्राओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड प्रमुख एवं सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि के द्वारा दिया गया साइकिल। रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपनो रंका प्रखंड प्रमुख अनुभव सिंह रंका सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिंन्हा, रवि कुमार चंद्रवंशी उर्फ चप्पू के द्वारा 37 बुनियादी विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साइकिल दिया गया। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपनो रंका प्रखंड प्रमुख अनुभव सिंह एवं सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिंन्हा एवं विधायक प्रतिनिधि रवि कुमार उर्फ चप्पू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग काफी दूर-दराज से विद्यालय में पढ़ने आते हैं सरकार के द्वारा आप लोगों को जो साइकिल मिल रही है। उस से समय से विद्यालय में और पढ़ाई कर कर समय से घर जाएं। जिसके लेकर सरकार के द्वारा कल्याण विभाग से आप लोगों को साइकिलें दी जा रही है। इस मौके पर उपस्थित कल्याण पदाधिकारी पंकज तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम मेल टोपनो, रंका प्रखंड प्रमुख अनुभव सिंह, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि रवि कुमार चंद्रवंशी उर्फ चप्पू, बीजेपी दलित मोर्चा के अध्यक्ष ललित राम एवं विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षक मौके पर उपस्थित थे।

## सीजो गांव से 500 किलो जावा महुआ नष्ट



**भंडरिया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सीजो में सोमवार को पुलिस ने अवैध देसी महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष छापामारी अभियान में करीब 500 किलो जावा महुआ और शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया इस कार्रवाई के दौरान अवैध शराब निर्माण स्थल को चिन्हित कर जावा महुआ नष्ट किया गया। वहीं शराब बनाने के बर्तन, ड्रम, हांडी और अन्य सामग्री को भी जब्त या विनष्ट किया गया। हालांकि, छापेमारी के समय आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी ने अभिजीत गौतम मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## नशा मुक्ति को लेकर किया गया जगरुक

**भंडरिया।** प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय पलामू जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत समाज में शराब व गुटका मादक पदार्थ के सेवन से हो रहे हानी को लेकर नवीन कला दल के कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक व गीत के माध्यम से समाज व परिवार में शराब के सेवन से हो रहे हनी को लेकर नशा मुक्त हो जीवन हमारा लोगों को जागरूक किया गया। नवीन कला दल के लोगों के द्वारा प्रखंड के विभिन्न गांव करचाली मरदा, बिंदा, जनेवा, मदगड़ी व भंडरिया बाजार प्रांगण में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ-साथ दल के लोगों के द्वारा नशा नहीं करने को लेकर लोगों से शपथ भी दिलाई गई। जिन कलाकारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया उनमें उज्जवल सिंह, मोनू शर्मा, सोनू विश्वकर्मा, सतीश ठाकुर, आसना भेंगड़ा के नाम शामिल है।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन ईच्छा की अभिव्यक्ति**

एतद् द्वारा मत्स्य पालकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभागीय राज्यादेश सं0 10 रा0 (वि0) दिनांक 04.07.2025 तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना अंतर्गत पंगेशियस /GIFT तिलापिया/अमृत कतला/अन्य उपयुक्त बीज तथा तथा अन्य **मेजर कार्प/ग्रास कार्प की अंगुलिकाओं के कय** हेतु जिला स्तर पर समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जायेगी। समान मूल्य दर पर स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

1. पंगेशियस/GIFT तिलापिया/अमृत कतला इत्यादि मत्स्य बीजों का प्रकार एवं दर परिवहन सहित मत्स्य बीज की संख्या तथा उपलब्धता स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।
2. मत्स्य बीज का विभाग द्वारा निर्धारित दर 1.50/-रू0 (एक रूपये पचास पैसे) मात्र प्रति पीस मत्स्य बीज है।
3. आवेदन के साथ आपूर्ति किये जाने वाले मत्स्य अंगुलिकाओं का फोटोग्राफ, विडियोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. आधार कार्ड, पैन कार्ड, GST तथा दो वर्ष का आयकर रिटर्न आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. समान मूल्य दर स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों को प्राथतिकता दी जाएगी।
6. कार्यादेश में अंकित तिथि, स्थान एवं समय के अनुरूप ही आपूर्ति करना होगा। ऐसा नहीं करने पर अग्रतर निर्णय लेने हेतु अद्योहस्ताक्षरी के पास अधिकार सुरक्षित रहेगा।
7. इच्छा की अभिव्यक्ति के साथ आवेदक अपना पूरा नाम पता, मोबाईल सं0, बैक खाता सं0, आधार कार्ड इत्यादि की विवरणी/छायाप्रति संलग्न करेंगे।
8. आपूर्तिकर्त्ता/मत्स्य बीज उत्पादक को लोहरदगा जिला के जलाशयों में स्थित केजों तक परिवहन कर गुणवत्तापूर्ण एवं स्वस्थ में मत्स्य अंगुलिकाओं की गणना कर संबंधित मत्स्य जीवी सहयोग समितियों की उपस्थिति में संचयन करना होगा। तत्पश्चात् आपूर्तिकर्त्ता द्वारा प्रमाणक प्रस्तुत करने पर ही भुगतान किया जाएगा।

सुयोग्य एवं इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं/मत्स्य बीज उत्पादकों से दिनांक 07.08.2025 तक कार्यालय अवधि में इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रीत की जाती है।

**जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।**

PR.NO.357784 Lohardaga(25-26):D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(कृषि प्रभाग)**
**कार्यालयः जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार**

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

किसान भाईयों, जलवायु परिवर्तन के कारण जिले में अल्प, असामान्य एवं असमय वर्शा के कारण पिछले 2-3 वर्षो से सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है। प्रमुख फसल धान एवं मक्का फसल की काफी क्षति हो रही है एवं उत्पादन भी कम हो रहा है। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न फसलों की प्रजातियाँ विकसित की है, जो कम पानी एवं कम समय में अधिक उत्पादन दे रही है। कम पानी को देखते हुए किसान भाइयों को दलहन, तेलहन एवं मोटे अनाज की खेती को बढावा देने की आवश्यकता है। इन फसलों की खेती कम पानी, कम समय एवं कम खर्च में आसानी से की जा सकती है। इसके साथ ही मोटे अनाजों में काफी पोशक तत्व मौजूद होता है जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। वर्तमान में मोटे अनाजों से कई प्रकार का व्यंजन एवं अन्य चीजें बनाई जा रही है, जिसमें देश के किसानों को अत्यधिक लाभ भी मिल रहा है। ज्ञातव्य हो कि संयुक्त राश्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को अतंर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्शष घोषित किया गया है।

वर्श 2025-26 में राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड मिलेट मिशन योजना कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना में मोटे अनाज मडुआ, ज्वार, बाजरा, साँवा, कोदो आदि की खेती करने पर विभाग द्वारा रू० 3000-15000 रूपये तक प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। एक किसान को न्यूनतम 10 डिसमील से 5 एकड तक के लिए प्रति किसान 3000/-रू० से 15000/-रू० तक प्रति किसान को DBT के माध्यम से उनके खाते में राशि हस्तांतरित कर लाभ प्रदान किया जाना है। किसान भाई प्रोत्साहन राशि का लाभ निम्न प्रकार ले सकते है।

जिले के किसान भाई निम्न प्रक्रियाओं को अपनाकर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

**झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना की प्रमुख विषेशताऐं:-**

1. रैयत एवं बटाईदार किसान पात्र हैं।
2. किसानों को प्रति एकड़ 3000 रू० एवं अधिकतम 5 एकड़ के लिए 15000 रू० तक का प्रोत्साहन राशि देय होगा।
3. डेमोंस्ट्रेशन (Demonstration) क्लस्टर 5-10 हेक्टेयर प्रति वर्श प्रति प्रखण्ड में किया जायेगा।
4. मिलेट बीज बैंक की स्थापना के लिए SHG, FPO, Cooperative Societies, KVKs इत्यादि को समर्थन देना।
5. मिलेट उत्पादन में सर्वश्रेश्ठ मिलेट किसानों एवं मिलेट बीज बैंक को नकद पुरस्कार का प्रावधान।

**किसानो के लिए पात्रता मापदण्ड :-**

- वैसे किसान जो झारखण्ड के स्थाई निवासी हैं।
- अनुदान रैयत एवं बटाईदार दोनों तरह के कृषको के लिए देय होगा।
- न्यूनतम 10 डिसमिल एवं अधिकतम 5 एकड़ भूमि में मिलेट की खेती करने वाले किसान।
- मिलेट फसलों यथा रागी/मडुवा, ज्वार एवं बाजरा की खेती की निर्धारित की गयी कुल लागत का 30 प्रतिशत अनुदान या 3000 रु० (तीन हजार) प्रति एकड़ देय होगा।
- कृषको को लाभ लेने के लिए प्रज्ञा केन्द्रों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। पूर्व से योजनाओं में लाभ प्राप्त करने हेतु पंजीकृत कृषको को दोबारा पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है, परन्तु मिलेट योजना में आवेदन करना आवश्यक होगा ।
- कृषकों को 30 अगस्त से पूर्व आवेदन करना अनिवार्य होगा।
- किसानो के पास वैध आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर, जमीन का रसीद तथा बैंक पासबुक होना अनिवार्य है।

अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक से सम्पर्क कर सकते है।

जिला कृषि पदाधिकारी, लातेहार

PR 357787 (Agriculture)25-26*D

## चंदवा में जंगली हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात

# एक स्कूल समेत तीन घरों को किया क्षतिग्रस्त

● ग्रामीणों से मिली मुखिया, दिया हर संभव मदद का भरोसा

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जमीरा पंचायत के लोहसीहना गांव में रविवार रात जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। हाथियों के झुंड ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लोहसिंहना समेत तीन घरों को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार देर रात हाथियों का झुंड गांव में अचानक आ धमका और उत्पात मचाना शुरू कर दिया। हाथियों के झुंड ने लोहसिंहना निवासी मंगना मुंडा पिता एतवा मुंडा,सोहरा मुंडा पिता रामा मुंडा और बुधवा मुंडा पिता एतवा मुंडा के घर को बुरी तरह तहस नहस कर दिया। इस दौरान हाथियों के झुंड ने घर में रखे अनाज को भी खाकर चट कर दिया। वहीं हाथियों ने किसान किशोर गंझू के बारी में लगे मकई की खेती को भी नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के उत्पात मचाने से ग्रामीणों को भारी नुकसान पहुंचा है। इधर घटना की सूचना मिलते ही जमीरा मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष शितमोहन मुंडा,वन कर्मी आलोक तिग्गा, झामुमो युवा नेता ब्रह्मदेव प्रजापति, वार्ड सदस्य सुनील मुंडा लोहसिंहना गांव पहुंचे, जहां उन्होंने लोहसिंहना स्कूल और भुक्तभोगी परिवारों से मिलकर हाथियों द्वारा पहुंचाये गए नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढ़स बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

मुखिया दुर्गावती देवी और शितमोहन मुंडा ने कहा कि वे जल्द ही वन विभाग के अधिकारियों से मिलकर पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और हाथियों से हो रही जान माल की क्षति से बचाव को लेकर अपनी बात रखेंगे। साथ ही विभिन्न स्थानों पर सोलर लाइट लगाने की भी मांग की जायेगी। वन कर्मी आलोक तिग्गा ने बताया कि वन कर्मियों के द्वारा हाथियों को आबादी क्षेत्र से दूर भगाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं हाथियों के द्वारा पहुंचाये गए नुकसान की जानकारी वरीय अधिकारियों को दे दी गई है। बताते चलें कि चंदवा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार जंगली हाथियों के द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है। हाथियों के हमले में अब तक ग्रामीणों को जान माल की भारी क्षति पहुंची है। सबसे ज्यादा नुकसान खेती बाड़ी को पहुंच रहा है। हाथियों के आतंक से ग्रामीण काफी भयभीत नजर आ रहे हैं। बावजूद इसके वन विभाग जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीणों को अब तक निजात दिलाने में असफल साबित हुई है। हालांकि समय समय पर वन विभाग की ओर से ग्रामीणों के बीच सोलर लाइट,टॉर्च आदि का वितरण किया जाता रहा है लेकिन यह उपाय हाथियों को भगाने में नकाफी साबित हो रहे है।

### हाथियों से प्रभावित लोगों को तत्काल मिले मुआवजा : प्रतुल शाहदेव



**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल लाल नाथ शाहदेव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पिछले कुछ समय से लातेहार जिले में लगातार जंगली हाथियों का आतंक जारी है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बसने वाले आदिवासी इससे विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कई बार शिकायतें मिलती है कि वन विभाग नियम अनुकूल मुआवजा और अनाज नहीं दे रहा है। प्रतुल शाहदेव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उपायुक्त लातेहार का ध्यान बीती रात चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत के महुआमिलान ग्राम के लोहसिंघना में हाथियों के द्वारा जबरदस्त उत्पात मचाए जाने पर ध्यान आकृष्ट कराया है। प्रतुल ने कहा कि ग्रामीणों ने बताया कि 20-22 की संख्या में हाथियों का झुंड गांव में घुसकर कई घरों को तबाह कर दिया और अनाज खा गये। आदिवासियों के अनेक घर बुरे तरीके से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांव का स्कूल भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। प्रतुल ने कहा कि अभी भी हाथी बगल के ही जंगल में डेरा डाले हुए हैं जिससे अगल-बगल के तीन-चार गांवों में भय का माहौल है। वन विभाग के कर्मचारी रस्म अदायगी कर निकल गए। प्रतुल शाहदेव ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि तत्कालिक तौर पर पीड़ित आदिवासी परिवारों को सहायता और अनाज पहुंचाने की व्यवस्था हो। साथ ही वन विभाग मार्ग से भटके हाथियों को घने जंगलों में भेजने की व्यवस्था करे और इस बड़ी समस्या का स्थाई निराकरण निकालने की ओर पहल करे।

## न्यूज बॉक्स

### भतीजा ने चाचा को गोली मारी, गिरफ्तार



**लातेहार।** एक भतीजे ने अपने 75 वर्ष के चाचा को गोली मार कर घायल कर दिया। भतीजे ने ओझा-गुणी के आरोप में अपने चाचा को गोली मारी थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पिछले 19 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली कि गारू थाना क्षेत्र के साल्वे ग्राम में किसी व्यक्ति की गोली मारकर घायल कर दिया गया है। परिजनों के सहयोग से उसे सदर अस्पताल लाया गया। वहां उसका इलाज किया जा रहा था। पुलिस ने अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि साल्वे ग्राम निवासी बासुदेव भगत (75) को ओझा गुणी के आरोप में उसके भतीजे सुनेश्वर उरांव के द्वारा भरठुआ बंदूक से गोली मारकर घायल कर दिया गया है।

### चंदवा में धूमधाम से मनाया जायेगा विश्व आदिवासी दिवस

**चंदवा।** ख्रीस्त राजा विद्यालय के सभागार में सोमवार को आगामी विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुमन सुनील सोरेंग ने की। बैठक में आगामी 9 अगस्त को ख्रीस्त राजा विद्यालय के प्रांगण में विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के संचालन हेतु कमिटी का विस्तार करते हुए शिवनाथ भगत को कमिटी का अध्यक्ष चुना गया। सुमन सुनील सोरेंग को सचिव, कुलदीप लकड़ा को उपाध्यक्ष, विनय खलखो को उप सचिव, राजू उंराव को कोषाध्यक्ष, बिनोद उंराव को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं मंच संचालन की जिम्मेवारी शितमोहन मुंडा व स्टीफन मिंज को दी गई है। इसके अलावा संरक्षक मंडली में लाल बिहारी उंराव, फादर फाबियानुस सिंदुरिया, फादर जॉर्ज मोनीपल्ली, फादर मरिया लुईस, शितमोहन मुंडा, सुरेश उंराव (सहायक अभियंता भवन निर्माण विभाग) अनूप कुमार बड़ाईक, चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उंराव, चंदवा पश्चिमी मुखिया संगीता लकड़ा, फुलजेन्सिया बेक को रखा गया है। सदस्य के रूप में रूपेश उंराव,बीरबल भगत,पास्कल एक्का,जगदीश एक्का, पौलुस केरकेट्टा, आह्लाद भेंगरा, राजेश लकड़ा, बिनोद भगत, राजेश भगत का चयन किया गया है। आयोजन समिति की अगली बैठक 27 जुलाई को ख्रीस्त राजा विद्यालय के प्रांगण में रखा गया है।

### दूसरी सोमवारी पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**लातेहार।** श्रावण माह के दूसरी सोमवारी पर जिले भर के सभी शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। लातेहार जिला मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ प्राचीन शिव मंदिर मे सोमवार की अहले सुबह से जलाभिषेक और भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। पंडित भोला दास ने बताया कि यह मंदिर काफी प्राचीन है। सोमवार अहले सुबह भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिए गए। दूर दूर से श्रद्धालुओं पूजा अर्चना करने पहुंचते है। श्रावण माह मे यहां काफी भीड़ होती है। शिव मंदिर मे पूजा अर्चना और जलाभिषेक कर श्रद्धालु सुख समृद्धि और मनोवांक्षित फल की प्राप्ति का आशीर्वाद बाबा से मांगते है और लोगो की मन्नत पूरी होती है। मंदिर के बाहर पूजन और प्रसाद आदि सामग्रियों के लिए स्टॉल भी लगाए गए है। मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद रही।

### फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन, गोली की टीम बनी चैंपियन

**चंदवा।** प्रखंड के हुटाप पंचायत अंतर्गत एकमहुआ खेल मैदान में अकेला दिलबहार क्लब एक महुआ के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हो गया। समापन के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ. मनीष कुमार सिंह, मृत्युजंय कुमार उर्फ सोनु सिंह व अन्य ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ किया। उद्घाटन के उपरांत टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला तूफान गोली बनाम ज्योति क्लब हड़गड़वा के बीच खेला गया, जिसमें हड़गड़वा को हराकर कर गोली की टीम ने खिताब पर कब्जा जमा लिया। वहीं तीसरे स्थान पर चिता 11 खलारी की टीम रही। विजयी होने वाली टीम को अतिथियों ने खस्सी, ट्रॉफी व नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समापन के मौके पर डॉ. मनीष कुमार ने कहा कि जीवन में खेल जरूरी है जिससे मानसिक व शारीरिक विकास होता है, वहीं मृत्युंजय कुमार ने कहा कि खेल युवाओं में संघर्ष एवं नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है।

## ऋतु रानी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# नेहा साहू को मिला ऋतु रानी 2025 का ताज, पुष्पा सिन्हा बनी उपविजेता

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार के श्री कृष्ण चंद्र गांधी ऑडिटोरियम में ऋतु रानी प्रतियोगिता 2025 संपन्न हुई। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के ऑडिटोरियम में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन हुआ, जिसमें नृत्य की प्रस्तुति दिव्या रानी, एवं संगीत की प्रस्तुति रतना प्रिया के द्वारा किया गया।

इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि कल्याणी पांडे, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी, मातृ भारती के अध्यक्ष एवं कुशल अधिवक्ता रितु रानी पांडे एवं मातृ भारती के सचिव खुशबू अग्रवाल के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पर्चन कर किया गया। मुख्य अतिथि कल्याणी पांडे ने पर्यावरण विषय पर अपनी वृत्त को रखा और बताया कि पर्यावरण का संरक्षण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह हमारे स्वास्थ्य, जैव विविधता और जलवायु को प्रभावित करता है। वहीं कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी ने मातृ शक्ति के उत्थान और विद्यालय में अभिभावकों की भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक महिलाएं शामिल हुई जिसमें रतना प्रिया, अर्चना शुक्ला, सविता कुमारी ,नेहा साहू, रीना गुप्ता, सुरभि कुमारी, सुनीता गुप्ता, बबीता देवी, आरती देवी, विभा पांडे एवं सुजाता कुमारी प्रतिभागी के रूप में चयनित हुई।

वहीं मातृ भारती के अध्यक्ष रितु रानी पांडे ने इस अवसर पर ट्रिपल आर का मतलब समझाया - कम करना पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण बताया। साथ ही विद्यालय की कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी ने कहा कि इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि मातृ शक्ति केवल परिवार तक सीमित नहीं बल्कि समाज एवं शिक्षा क्षेत्र में भी उनकी भूमिका उतनी ही सशक्त है। प्रतियोगिता के अंत में निर्णायक मंडली के सदस्य रजनी नाग, मधु कुमारी, गीता कुमारी, नीलम कुमारी एवं शिल्पा कुमारी द्वारा ऋतु रानी 2025 का ताज नेहा साहू को एवं उपविजेता का ताज पुष्पा सिन्हा को पहनाकर सम्मानित किया गया। मातृ भारती प्रमुख रेनू गुप्ता कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मंच संचालन रजनी नाग एवं रिचा शर्मा ने किया। इस अवसर पर मातृ भारती के सभी सदस्य गण एवं विद्यालय के सभी दीदी उपस्थित रहीं।

### बारिश होने से घर का दीवार गिरा

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा पंचायत के मेदवाडीह गांव निवासी संतोष भारती पिता ननकू भारती का घर का दीवार बारिश होने के कारण गिर गया। संतोष भारती ने बताया कि वे मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ऐसे स्थिति में घर का मरम्मत कर पाना संभव नहीं है। संतोष भारती ने अंचलाधिकारी से क्षतिपूर्ति को लेकर मुआवजे की मांग की है। उन्होंने बताया कि मजदूरी से होने वाली सीमित आय से परिवार का मुश्किल से भरण-पोषण हो पाता है, ऐसे में घर की मरम्मत के लिए अतिरिक्त मदद की आवश्यकता है।

## पूर्व विधायक ने डीसी को लिखा पत्र, विद्यालय में लगे डिजिटल बोर्ड

नवीन मेल संवाददाता



**मयूरहंड (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा के पूर्व विधायक किशुन कुमार दास ने चतरा उपायुक्त को पत्र लिखकर विद्यालयों में बेकार पड़े डिजिटल बोर्ड चालू कराने को लेकर पत्र लिखा। विधायक ने उपायुक्त कीर्ति श्री को अवगत कराते हुए कहा कि सीसीएल आम्रपाली सीएसआर के माध्यम से चतरा जिले के विभिन्न विद्यालयों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु स्मार्ट बोर्ड लगाए गए थे। विद्यालयों में टेंडर के माध्यम से एक्स्ट्रा मार्क्स नामक एजेन्सी को लगाने और तीन वर्षों तक लगाए गए स्मार्ट बोर्ड का संचालन और रख-रखाव की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। लेकिन तीन वर्षों की अवधि पूर्ण होने के उपरांत न तो इस परियोजना का नवीनीकरण किया गया और ना ही नई एजेन्सी के लिए टेंडर जारी किया गया। इसके अलावा एजेन्सी द्वारा किए गए कार्य की राशि का भुगतान भी अभी तक नहीं किया गया है। भुगतान लंबित रहने के कारण एजेन्सी ने अपना कार्य बंद कर दिया है। जिसके कारण विद्यालयों में लगे स्मार्ट बोर्ड निष्क्रिय पड़ा हुआ है। जिसके कारण विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा का लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है। विधायकने उपयुक्त से चतरा जिले के विभिन्न विद्यालयों में लगे स्मार्ट बोर्ड के संचालन एवं रख-रखाव हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। ताकि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा का लाभ मिल सके।

### अमृता शाहदेव व विद्या देवी के निधन पर शोक

**चंदवा।** कामता गढ़ राजपरिवार कि बहु अमृता शाहदेव (65) पति लाल प्रदीप नाथ शाहदेव (अधिवक्ता) व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के पीए आशीष सिन्हा की माता विद्या देवी (76) का निधन हो गया। दोनों विगत लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार को अमृता शाहदेव का अंतिम संस्कार भुसाढ़ घाट पर जबकि विद्या देवी का अंतिम संस्कार देवनद तट मुक्ति धाम में किया गया। अमृता शाहदेव को पुत्र प्रतीक नाथ शाहदेव ने उन्हें मुखग्नी दी। इधर विद्या देवी के निधन पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह आशीष सिन्हा के घर पहुंचे व अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होकर परिवार जनो का ढांढ़स बंधाया। दोनों के निधन पर लाल प्रतुल नाथ शाहदेव, लाल सदानंद नाथ शाहदेव, पंडित गोविंद वल्लभ मिश्र, उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, लाल कौशल नाथ शाहदेव, लाल प्रेरित नाथ शाहदेव, लाल अमित नाथ शाहदेव, संतोष सिंह सिहत सैकड़ो लोग उपस्थि थे।

## बच्चों के बीमार होने की मिली सूचनाश् स्कूल पहुंचे आईटीडीए निदेशक



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** बदलते मौसम के कारण लोगों के बीमार होने की संभावना काफी बढ गई। इसका खासा असर बच्चों पर भी पड़ रहा है और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे मौसमी फीवर और सर्दी खांसी से परेशान हलकान नजर आ रहे है। बदलते मौसम का प्रभाव जिला मुख्यालय के अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय होटवाग में पढ़ने वाले बच्चों पर भी पड़ा है। यहां के पांच बच्चे को वायरल फीवर हो गया है। इधर इस बात की जानकारी जैसे ही आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई को हुई वे तुरंत विद्यालय पहुंच गए और बच्चों के बारे में स्कूल के प्रिंसपल से जानकारी ली। मौके पर उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य को निर्देश दिया कि सभी बच्चों के लिए तत्काल दवा की व्यवस्था करें और जरूरत होने पर बच्चों को अस्पताल में दिखलाएं। साथ ही बच्चों से उन्होंने इस मौसम में सावधानी बरतने की अपील की। वहीं स्कूल पहुंचे आईटीडीए निदेशक ने किचेन, शयनकक्ष, स्नानागार, शौचालय सहित आदि स्थानों को निरीक्षण किया और शिक्षकों को स्कूल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।


**कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा।**
**वित्तीय वर्ष 2024–25 में पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति भुगतान से संबंधित आवश्यक सूचना।**

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के ekalyan (ekalyan.cgg.gov.in) पोर्टल पर लोहरदगा जिला अन्तर्गत जिन छात्र–छात्राओं का ऑनलाईन आवेदन वर्ष 2024–25 का Status "Pending at College" अथवा "Pending at DNO Officer" है, आवेदन पेंडिंग होने पर पेंडिंग होने का कारण दिया गया है। अपने Login पक एवं Password का उपयोग करते हुए संबंधित कागजात की मूल प्रति को पोर्टल पर दिनांक 30 जुलाई 2025 तक निश्चित रूप से अपलोड/सुधार करते हुए अपने आधार न0 को बैंक खाता से लिंक/सक्रिय (Active) करा लें। चूंकि पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृति का भुगतान PFMS के माध्यम से Aadhar Enabled DBT द्वारा ही करने का विभागीय निदेश प्राप्त है।

उक्त तिथि के पश्चात् ई–कल्याण पोर्टल को विभाग द्वारा बंद कर दिया जायेगा, जिस कारण से छात्रवृति राशि का भुगतान करना सम्भव नहीं होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेवारी आवेदक की होगी। INO Level से Verification की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2025 एवं DNO Level से Verification की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक निर्धारित है, इसलिए छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि के पूर्व अपना Login id एवं Password का उपयोग करते हुए संबंधित कागजात की मूल प्रति को ई–कल्याण पोर्टल पर अपलोड/सुधार आवश्यक रूप से कर लिया जाय। आधार लिंक एवं NPCI में Mapping की जानकारी आधार की वेबसाईट सs (https://myaadhaar.uidai.gov.in→ Login पर क्लिक करना होगा। जिसके बाद आधार न0 एवं Captcha Enter करके Send OTP करना है। Send OTP करने के पश्चात आपके आधार से रजिस्टर्ड मोबाईल न0 पर 6 अंको का OTP प्राप्त होगा, OTP Enter कर Login करना है। Login करने के बाद Bank Seeding Status पर क्लिक करके) प्राप्त किया जा सकता है। अथवा ई–कल्याण पोर्टल में (Services – Schedule→ Student Services – Schedule (Post-Matric) → Check status of your AADHAAR linked bank account number Click Here) लिंक के माध्यम से ऑनलाईन प्राप्त की जा सकती है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 357849 Lohardaga(25-26)D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**वेद व्यास आवास योजना हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

झारखण्ड सरकार कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग(मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 08 रा(वि0), दिनांक–24.06.2025 (वेद व्यास आवास योजना) द्वारा मछुआरों के लिए पक्का आवास निर्माण कराये जाने की योजना है। जिला–लोहरदगा को कुल 07 आवास का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है जो निम्नलिखित है:–

| क0 | योजना का नाम | प्राप्त भौतिक लक्ष्य संख्या में | | प्रति लाभुक अनुदान राषि रुपये में | आवेदन जमा करने का स्थान एवं अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वेद व्यास आवास निर्माण योजना | अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र उपयोजना (796) | 5 | 1,91,200/– | स्थान– जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा। |
| | | अनुसूचित जाति (789) | 2 | | अंतिम तिथि– 11.08.2025 |

योजना हेतु अहर्त्ता निम्नलिखित है:–
1. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने/मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों।
2. प्राथमिकता गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को दी जाएगी।
3. आवास निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घर वाले मछुआरों को भी कंडिका 1 एवं 2 के अतिरिक्त लाभन्वित किया जा सकता है। एक परिवार में एक आवास देय है। आवश्यकतानुसार पति–पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृति दी जाएगी।
4. प्रक्रियानुसार आवेदक दिव्यांगों हेतु स्वीकृत राशि का न्यूनतम 3 प्रतिशत तथा महिलाओं के लिए न्यूनतम 10 प्रतिशत राशि का प्रावधान किया जाएगा।
5. ऐसे लाभुकों को दोबारा लाभ नहीं दिया जाएगा, जो पूर्व संचालित विभागीय मछुआ आवास योजना अथवा इंदिरा आवास या समतुल्य केन्द्र/राज्य सरकार की आवास योजना से लाभान्वित हो चुके हैं।

योजना के कार्यान्वयन में आवास का निर्माण कलस्टर में किया जाना है। आवेदक अपने वर्त्तमान कच्चे/फूस के मकान एवं जमीन जहाँ पर आवास निर्माण किया जाएगा का आवेदक के साथ Geo Tagged फोटोग्राफ आवेदन के साथ जमा करेंगे। गरीबी रेखा से नीचे वाले आवेदक अपना बी0पी0एल0 प्रमाण पत्र समर्पित करेंगे। जमीन जहाँ पर आवास निर्माण किया जाएगा का निजी होने का प्रमाण/सत्यापन सक्षम पदाधिकारी से कराना होगा एवं वंशावली भी संलग्न करना होगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के मानक प्राक्कलन के आधार पर आवास निर्माण का कार्य लाभुकों द्वारा स्वयं कराया जाएगा। आवास निर्माण हेतु अधिकतम प्रति लाभुक मो0 1,91,200/– रू0 (एक लाख एकानबे हजार दो सौ) मात्र की आर्थिक सहायता होगी जो नये अनुसूची दर पर है। इसके लिए एकाउन्ट स्थानांतरण (Direct Benefit Transfer) के माध्यम से लाभुक मछुआरों के बैंक खाते में राशि उपलब्ध करायी जाएगी।

अनुलग्नक:–
1. जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र।
2. आय प्रमाण पत्र।
3. आवेदित जमीन का भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र एवं वंशावली।

उपरोक्त अहर्त्ता प्राप्त इच्छुक आवेदक जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा से निःशुल्क आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 11.08.2025 के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

Note:- Off line/Online Block Chain के माध्यम से कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 357832 Lohardaga(25-26)#D


## समस्या — लात पंचायत के ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से हैं वंचित

# विस चुनाव में सिर्फ दो दिन जली थी बिजली, फिर अंधेरा

नवीन मेल संवाददाता



**बेतला (लातेहार)।** जिला मुख्यालय से करीब 80 किलोमीटर दूर लात पंचायत आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। लाभर से लात तक पक्की सड़क का निर्माण प्रस्तावित था, लेकिन वन विभाग की मंजूरी नहीं मिलने के कारण निर्माण अधूरा रह गया। लाभर से हरहे तक सड़क बनी, लेकिन लाभर से टोंगारी तक का हिस्सा फॉरेस्ट क्लीयरेंस के चलते रोक दिया गया। परिणामस्वरूप, बारिश के मौसम में कीचड़ और गड्ढों से होकर गुजरना यहां की नियति बन चुकी है।

### सुदूर गांवों में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना बना चुनौती

गांवों की जर्जर सड़कों के कारण आपात स्थिति में मरीजों को इलाज के लिए अस्पताल तक पहुंचाना एक बड़ी चुनौती है। करमडीह, लात, हरहे, गासेदाग जैसे गांव आज भी सड़क सुविधा से कटे हुए हैं। ये सभी घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में बसे हैं, जिससे आवागमन बेहद कठिन हो जाता है।

### रोजगार की कमी, पढ़े-लिखे युवा कर रहे पलायन

इस पंचायत में रोजगार के साधन नहीं के बराबर हैं। अधिकतर लोग खेती पर निर्भर हैं। लेकिन खेती भी बरसात और सिंचाई की अनिश्चितता के कारण टिकाऊ नहीं है। ऐसे में पढ़े-लिखे युवा गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। विवेक कुमार ने कहा: नक्सलवाद के खात्मे के बाद हमें उम्मीद थी कि अब विकास आएगा, लेकिन हालात वही के वही हैं।

### 13 गांवों की आबादी सरकार से उम्मीद लगाए बैठी है

लात पंचायत के तहत 13 गांव - मेराल, तनवाई, नवरनागु, करमडीह, खाम्हीखास, सेरेनदाग, पत्राडीह, बेरे, गासेदाग, लात, हरहे, बरखेता और टोंगारी - शामिल हैं। कुल मिलाकर करीब 17 हजार की आबादी यहां निवास करती है। पंचायत का करमडीह गांव बूढ़ा पहाड़ से सटा हुआ है, जहां से नक्सली इतिहास जुड़ा रहा है। अब जब शांति लौट चुकी है, तो लोग विकास की बाट जोह रहे हैं।

### चुनाव के समय दो दिन के लिए जलाई गई बिजली, फिर छाया अंधेरा

एक साल से बिजली नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विधानसभा चुनाव के समय मात्र दो दिन के लिए बिजली बहाल की गई थी, उसके बाद से अब तक बिजली नहीं आई। इस अंधेरे में बच्चों की पढ़ाई, घरेलू कामकाज और सामाजिक जीवन सब प्रभावित हो रहा है।

**ग्रामीण सहादुर सिंह ने बताया :** बिजली के बिना जीवन ठप है। बच्चों को मोबाइल चार्ज करने तक के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता है। सरकार को हमसे वादे निभाने चाहिए।

**शोपीस बनीं :** नल-जल योजना के तहत कई जगह जलमीनारें लगाई गईं, लेकिन लापरवाही के कारण इनसे किसी को पानी नहीं मिल रहा। पेयजल के लिए लोग आज भी नदी, कुएं या हैंडपंप पर निर्भर हैं। गर्मियों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है।

# मंदिरों में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी, 'ॐ नमः शिवाय' से गूंजे शिवालय

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सावन की दूसरी सोमवारी पर शिवभक्त भक्ति में सराबोर रहे और उनमें उत्साह और ऊर्जा का संचार नजर आया। भोलेनाथ की भक्ति, पूजा-आराधना के साथ ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बोलबम के जयकारे गूंजने लगे है। सावन महीने में सोमवार के दिन को लेकर हिंदू धर्म में मान्यता है कि इस दिन पूजा पाठ एवं व्रत करने से भगवान शिव अपने भक्त पर प्रसन्न होते हैं। सोमवारी व्रत करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए सोमवारी व्रत किया था। सोमवार के व्रत का शिव की आराधना और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए, विशेष महत्व है। सावन के दूसरी सोमवारी पर भगवान शिव को इस दौरान गंगाजल, दूध-दही, बेलपत्र, घी, शहद, जनेऊ, रोली, भांग, धतूरा और नैवेद्य अर्पण किया गया। सावन माह की सोमवारी के दिन सदर प्रखंड के खखपरता शिव धाम, भंडरा प्रखंड के अखिलेश्वर शिव धाम, सेन्हा और कुडू प्रखंड के महादेव मंडा, शहरी क्षेत्र के बुढ़वा महादेव, ईस्ट गोला रोड स्थित शिव मंदिर, छत्तर बगीचा स्थित स्वयं-भू महादेव मंदिर, पावरगंज चौक स्थित देवी मंदिर, काली मंदिर, कुटमू गांव स्थित शिव मंदिर सहित विभिन्न शिवालयों में शिव का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर लोगों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। शहरी क्षेत्र के छत्तर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर के साथ खखपरता, अखिलेश्वर धाम, महादेव मंडा सहित विभिन्न शिव धामों में श्रद्धालुओं की लंबी कतार ही शिव के साधकों की भारी भीड़ को दर्शा रही थी। श्रद्धालुओं की भीड़ अहले सुबह से ही उमड़ने लगी। शिवालयो में भक्तो की भीड़ से पूरा मंदिर भरा दिखाई दिया।



## खखपरता शिव मंदिर में भक्तो की उमड़ी भीड़

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के रामपुर स्थित खखपरता शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। खखपरता शिव मंदिर एक प्राचीन मंदिर है। यहां आनेवाले भक्तो की हर मुराद पूरी होती है। भक्तजन इस शिव मंदिर में दूर दराज से आते हैं। शिवलिंग के दर्शन मात्र से ही भक्तो के कष्ट दूर हो जाते है। यहां शहरी क्षेत्र समेत दूर दराज के आस पास के गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना किया। भक्त कतारबद्ध होकर भगवान शिव पर जलाभिषेक के लिए लगे थे।

## दूसरी सोमवारी पर शिवमय हुआ कुडू

**कुडू।** कुडू प्रखंड में दूसरी सोमवारी को शिवभक्तों की भीड़ विभिन्न शिवालयों पर उमड़ पड़ी। सुबह होते ही शिवभक्त नहा-धोकर पूजा-अर्चना करने शिवालय की ओर निकल पड़े। पूरे भक्तिभाव से लोगों ने भगवान शंकर पर जलाभिषेक कर सर्वमंगल कामना की। सुबह से ही लोग बाबा भोले की पूजा के लिए मंदिर पहुंचे हुए थे। प्रखंड के टाटी, जिंगी, कुडू बाजार टांड, तान टोको स्थित शिव मंदिर, सलगी बुढ़वा महादेव धाम, ब्लॉक परिसर स्थित शिव मंदिर के अलावे कई शिवालयों में भक्तों की भीड़ देखी गई। खास कर महिलाओं में ज्यादा ही उत्साह था। बड़ी संख्या में सोमवार को रखकर पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने भगवान शंकर व पार्वती को पुष्प, बेलपत्र, धतूरा, दूध व जलाभिषेक कर अपने पति के दीर्घायु लिए कामनाएं की। सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित है। इस पूरे माह में कई व्रत और त्योहार पड़ते हैं, जिसमें अलग अलग तरीके से शिव और माता पार्वती की पूजा करने का विधान है। मान्यता है कि सावन के सोमवार के दिन कुंवारी लड़कियों के व्रत करने से उन्हें महादेव जैसे पति की प्राप्ति होती है, वहीं शादीशुदा लोगों के जीवन की तमाम परेशानियां दूर हो जाती है।

**महादेव शिव को प्रिय है सावन का महीना :** महादेव को सावन का महीना अत्यंत प्रिय है। इसके पीछे एक पौराणिक कथा है। कथा के अनुसार जब देवी सती ने अपने पिता दक्ष के घर में योग शक्ति से शरीर त्याग किया था, उससे पहले देवी सती ने महादेव को हर जन्म में पति के रूप में पाने का प्रण लिया था। अपने दूसरे जन्म में देवी सती ने हिमालय राज के घर में उनकी पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया। पार्वती ने शिव को पति के रूप में पाने के लिए श्रावण महीने में निराहार रहकर कठोर व्रत किया और उन्हें प्रसन्न कर लिया। इसके बाद ही शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ। तब से महादेव को ये महीना अत्यंत प्रिय हो गया। कहा जाता है कि सावन के महीने में महादेव अत्यंत प्रसन्न होते हैं और अपने भक्तों की प्रार्थना जल्दी सुन लेते हैं। इस पूरे माह में महादेव का जो भी भक्त पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ उनका पूजन करता है, उसकी हर मनोकामना पूरी होती है।



## दूसरी सोमवारी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, जयकारों से गूंजा वातावरण

**भंडरा।** सावन मास की दूसरी सोमवारी पर भंडरा प्रखंड भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग गया। सुबह से ही अखिलेश्वर धाम, चट्टी स्थित महादानी शिव मंदिर, कुम्हारिया का कारु मठ, कसपुर का बेलडीपा, ओखर डीपा, नकटी महादेव एवं देवनाली समेत तमाम शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें उमड़ पड़ीं। शिवभक्तों ने ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-शांति, आरोग्यता और समृद्धि की कामना की। अखिलेश्वर धाम में अलसुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। सिर पर गंगाजल की कलश, हाथों में बेलपत्र, दूध, फूल लिए भक्त 'बोल बम' और 'हर हर महादेव' के जयघोष करते हुए मंदिर परिसर पहुंचे। भक्तों ने पूरी आस्था और नियमपूर्वक कतारबद्ध होकर शिवलिंग का जलाभिषेक किया। भक्तों के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। गेरुआ वस्त्र धारण किए श्रद्धालुओं की टोलियां बोल बम के नारों के साथ विभिन्न शिवालयों की ओर जाती हुई दिखाई दीं। मंदिरों में भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार की गूंज से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा। अखिलेश्वर धाम में पुजारी भजन पंडा और बबलू पंडा की देखरेख में मंदिर को फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। वहीं, भक्ति संगीत की विशेष व्यवस्था ने श्रद्धालुओं के मन को भावविभोर कर दिया। सावन की दूसरी सोमवारी पर शिवभक्ति का जो अद्भुत दृश्य भंडरा के शिवालयों में देखने को मिला, वह श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रमाण बन गया।



## हर-हर महादेव व बोल बम के जयकारा से गूंजा शिवालय



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मन्दिर और शिवालयों में सावन की दूसरे सोमवारी पर श्रद्धाल, भक्तों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। जिसे प्रखंड क्षेत्र के बक्सीडीपा, सेरेंगहातु, सीठीयो, कोराम्बे, चौकनी, बदला अरु, बुटी, झखरा, सेन्हा सहित विभिन्न शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालु भक्तों के द्वारा भगवान भोलेशंकर को जलाभिषेक किया गया। सुबह से ही भक्तजन भक्ति और उल्लास से भगवान भोलेनाथ की आराधना में लीन रहे और भक्तिभाव से पूजा अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की मङ्गलकामना किया गया। सुबह से ही मंदिर और शिवालयों में भक्तों की लंबी कतारें लगी हुई थी। वही बोल बम और हर हर महादेव के उदघोष से वतावरण गुंजायमान हो रहा था। भक्तजन ॐ नमः शिवाय मंत्र का जाप करते हुए बेलपत्र, फूल, फल, दूध और जल अर्पण कर भगवान भोलेशंकर का पूजन करने में लीन थे। भक्तों ने मंदिर व शिवालयों में कतारबद्ध होकर भगवान शिवशम्भु का जलाभिषेक कर एकाग्रचित हो पूजा अर्चना किया। सुबह से ही महिला पुरुष व बच्चे बच्चियां सभी श्रद्धालु भक्त गेरुआ वस्त्र धारण कर श्रद्धालु भक्त बोल बम और हर हर महादेव का नारा लगाते हुए स्थानीय शिवालयों और मंदिरों में जाते नजर आये सभक जगह मंदिर और शिवालयों में आचार्य पुरोहितों द्वारा पूजा अर्चना कराया गया। साथ ही भक्ति गीत संगीत की ध्वनि से वातावरण गूंज रहा था।और पूरे क्षेत्र भक्तिमय लग रग रहा था।

# बजरंग दल अमला टोली शिव मंदिर की ओर से निकाली गई भव्य कांवर यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

लोहरदगा। सावन मास के पावन अवसर पर बजरंग दल अमला टोली शिव मंदिर की ओर से भव्य कांवर यात्रा का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं का समूह शंख नदी से गंगाजल भरकर पतरा टोली, साइडिंग, पावरगंज, अमला टोली होते हुए बड़ा तालाब स्थित शिव मंदिर प्रांगण पहुंचा, जहां भगवान भोलेनाथ का विधिवत जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर



कार्यक्रम के अध्यक्ष राजकुमार साहू ने कहा कि भगवान शिव ने समुद्र मंथन में निकले विष को स्वयं पीकर संसार को अमृत प्रदान किया और 'नीलकंठ' कहलाए। उन्होंने अपनी जटाओं में गंगा को धारण कर यह संदेश दिया कि शीतल मन और शांत चित्त से ही जीवन में विजय संभव है। श्रावण मास में जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और उन्हें शिव कृपा प्राप्त होती है। कांवड़ यात्रा के दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने "हर हर महादेव" के जयघोष के साथ पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया। यात्रा में श्रद्धा, अनुशासन और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विजय खत्री, सचिन कुमार साहू, रितेश साहू, सुनील अग्रवाल, सन्नी साहू, गुड्डू साहू, आकाश वर्मा, मुरारी भैया, लाल साहू, गोलू साहू, कार्तिक विश्वकर्मा, राजू विश्वकर्मा, विक्की विश्वकर्मा, अक्षत साहू, शशि तिवारी, अनुभव कसकर, नीरज साहू, प्रद्युम्न पाठक, प्रदीप साहू, बजरंग साहू, श्याम साहू, संदीप साहू, प्रमोद प्रजापति, शिवम साहू, आर्यन गुप्ता, करण गुप्ता सहित अनेकों शिवभक्तों की उपस्थिति ने आयोजन को सफल और भव्य स्वरूप प्रदान किया।

राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर

# सड़क अनियमितता पर बीडीओ ने की जांच, संवेदक को दिए सुधार के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक अखबार में रविवार को प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। अखबार ने कसपुर गांव में 12 लाख रुपए की लागत से बने पीसीसी सड़क में गंभीर अनियमितताओं को प्रमुखता से उजागर किया था। जिसका शीर्षक था 12 लाख की लागत से बनी पीसीसी सड़क में भारी अनियमितता थी। खबर छपने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी एवं लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंता केदार महतो ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क की गुणवत्ता को लेकर बीडीओ ने नाराजगी जाहिर की और दो दिनों के भीतर कमियां दूर करने का सख्त निर्देश संवेदक रामविलास साहू को दिया।



12 लाख की लागत से बनी पीसीसी सड़क में अनियमितता, उठे सवाल

रात में ढलाई, बिना बोर्ड निर्माण : कसपुर की पीसीसी सड़क बनी सवालों के घेरे में

लघु सिंचाई विभाग की योजना में लापरवाही, सड़क निर्माण में दिखीं तकनीकी खामियां

योजना का बोर्ड भी नहीं लगाया गया

जॉइंट कट नहीं, गंभीर तकनीकी चूक : कनीय अभियंता



खबर का असर इतना स्पष्ट रहा कि अधिकारियों की सूचना मिलते ही संवेदक द्वारा आनन-फानन में योजना बोर्ड भी लगाया गया, जो पहले नहीं लगा था।

बीडीओ ने कनीय अभियंता को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की लंबाई, चौड़ाई और ढलाई की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए। खास तौर पर कसपुर मुख्य पथ से देवी मंडप तक की सड़क पर मोटाई कम पाए जाने पर उन्होंने अलग से 35 फीट 3 इंच की ढलाई कराने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही बीडीओ ने विकास योजनाओं में पारदर्शिता लाने और समयबद्ध निरीक्षण सुनिश्चित करने की बात भी कही।

# जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में निकली भव्य बाइक रैली



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सावन मास की दूसरी सोमवारी के पावन अवसर पर लोहरदगा शहर शिवभक्ति में रंगा नजर आया। जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया, जो टीको कोयल और सीठियो कोयल नदी के घाटों से शुरू होकर छत्तर बगीचा स्थित ऐतिहासिक स्वयंभू महादेव मंदिर तक निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के कुडू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पासवान, जिला संगठन मंत्री रामकुमार साहू एवं भंडरा प्रखंड प्रभारी अवधेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। सुबह 10:30 बजे श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार के साथ गंगाजल भरा और कलश सजाकर बाइक रैली के रूप में शिवध्वज लहराते हुए रवाना हुए। रैली के दौरान "हर हर महादेव" और "बोल बम" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। मंदिर पहुंचने के बाद भगवान भोलेनाथ का गंगाजल से भव्य अभिषेक किया गया। इसके पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम पूर्णतः अनुशासित एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि सावन भगवान शिव को समर्पित माह है, और इस प्रकार के आयोजन समाज में धार्मिक चेतना, समरसता व आस्था का संचार करते हैं। इस अवसर पर समिति के संरक्षक अजय सोनी, जिला अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, जिला महामंत्री प्रदीप साहू, कार्यकारी अध्यक्ष अनिल उरांव, दयासिंह, विक्की कसेरा, विश्वजीत भारती, नितेश जैसवाल, विनोद प्रसाद, आनंद यादव, बादल नाथ शाहदेव, नीरज कुमार, रामवृक्ष महतो, नंदलाल महतो, अजय साहू, कृष्णा मोदी, विपिन, संदीप, दुर्गेश, आर्यन, राजा, शेखर, उदय महतो, गणेश साहू सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

## कांवरिया संघ बरवाटोली ने पैदल कांवर यात्रा में शामिल होने का किया आग्रह



**लोहरदगा।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर से देवाकी बाबाधाम यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। जहां एक ओर काँवर यात्रियों की सुविधा को लेकर व्यवस्थाओं पर कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले के प्रबुद्ध जनों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी जत्था में शामिल होने को लेकर आमन्त्रित किया जा रहा है। कांवरिया संघ बरवाटोली के द्वारा 28 जुलाई को सुबह 8 बजे बरवाटोली चौक से निकलने वाली 30 किमी की पैदल काँवर यात्रा के उद्घाटन करने को लेकर कांवरिया संघ का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्य अतिथि गौरव आर पी अग्रवाल, गुमला के पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, लोहरदगा के तत्कालीन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, विवेक अग्रवाल, आनन्द पांडेय समेत अन्य अतिथि को लोहरदगा से चलकर देवाकी बाबा धाम के लिए पैदल यात्रा में शामिल होने हेतु निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया है। इससे पूर्व जिले के उपायुक्त डॉ कुमार ताराचंद, पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, डीएसपी समीर कुमार तिर्की को भी निमंत्रण पत्र देकर शामिल होने की अपील की थी। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांवरिया संघ के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू समेत अन्य शामिल रहे। इसके अलावा जिले के विभिन्न हिंदू संगठनों को भी जत्था में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की अपील की गई।

## खेत में काम करने के दौरान सांप के डंसने से युवक की हालत गंभीर, सदर अस्पताल में भर्ती

**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बूटी पंचायत अंतर्गत झखरा गांव में सोमवार को खेत में काम के दौरान जहरीले सांप के डसने से एक युवक की स्थिति गंभीर हो गई। युवक की पहचान 18 वर्षीय अजय उरांव के रूप में हुई है। परिजनों द्वारा उसे तत्काल लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, अजय खेत में बने आर (मेड़) पर चल रहा था। इसी दौरान अनजाने में उसका पैर एक जहरीले सांप पर पड़ गया, जिससे सांप ने उसे डस लिया। सांप काटने के कुछ ही देर बाद अजय की हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने बिना समय गंवाए उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, डॉक्टरों की देखरेख में अजय का इलाज जारी है और फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में बरसात के मौसम में अक्सर सांपों की आवाजाही बढ़ जाती है, जिससे इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

# लगातार बारिश से मकान ध्वस्त, कोई हताहत नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा/लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के कारण कई कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। बक्शीडीपा गांव में राजेंद्र केवट का मकान बारिश के कारण अचानक धराशायी हो गया, जिससे परिवार को रहने और खाने-पीने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, बीते दिनों तेज बारिश



के दौरान राजेंद्र केवट का मकान गिरकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि, घर में रखा खाद्यान्न सामग्री मलबे में दबकर पूरी तरह नष्ट हो गया है, जिससे परिवार को भोजन तक जुटाने में दिक्कत हो रही है। राजेंद्र केवट स्थानीय स्तर पर होटल चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। अब मकान गिरने से वे खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को अविलंब राहत सहायता प्रदान की जाए, ताकि वे पुनः अपने जीवन को सामान्य रूप से आगे बढ़ा सकें।

## भैरव सिंह की रिहाई की मांग को लेकर आक्रोश प्रदर्शन, मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**लोहरदगा।** बरवाटोली चौक में सोमवार को भैरव सिंह की रिहाई की मांग को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं अन्य हिंदू संगठनों द्वारा आक्रोश प्रदर्शन किया गया।



प्रदर्शन का नेतृत्व प्रवीण ठाकुर और प्रद्युम्न पाठक ने किया। प्रदर्शनकारियों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध जताया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि भैरव सिंह को चुटिया थाना में बुलाकर एक फर्जी मुकदमे के तहत गिरफ्तार किया गया है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भैरव सिंह को अविलंब रिहा किया जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। इस मौके पर भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु, लोहरदगा जिला अध्यक्ष वाल्मीकि, विवेक कुमार साहू, नीरज कुमार साहू, आनंद साहू, सूरज सिंह, रितिक साहू, विकास सिंह, अंकित कुमार, मोहित सोनी, राहुल कुमार, अनुभव कांस्यकार, राज साहू सहित हिंदू संगठनों के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**लाभान्वित** पीएम फसल बीमा योजना में रजिस्ट्रेशन कराएं किसान, क्षति होने पर मिलेगा योजना का लाभ

# राशन कार्ड सत्यापन कर जरूरतमंदों को आच्छादित करें : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने पूर्व निर्धारित साप्ताहिक कार्यक्रम "पंचाइत कर गोइठ" के तहत जिले के मुखियाजनों से संवाद स्थापित किया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त ने विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं से बातचीत कर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से उन्हें अवगत कराया। उनके क्षेत्र की समस्याओं से स्वयं भी वे अवगत हुए। उपायुक्त ने मुखियाजनों से बात करते हुए कहा कि अभी पीएम फसल बीमा योजना के तहत रजिस्ट्रेशन चल रहा है। अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक निर्धारित है। जिन किसानों केसीसी ऋण ले रखा है उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि सभी गांवों में किसान उत्पादक का गठन करें। उपायुक्त ने कहा कि अभी स्वच्छता सर्वेक्षण-2025 चल रहा है। सभी पंचायत के मुखिया बढ़-चढ़ इसमें भाग लें। इससे जिला की रैंकिंग में मदद मिलेगी। गांवों में शौचालय के इस्तेमाल को बढावा दिया जाय। लोगों को इसके लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने सभी मुखियाओं से अपील की है कि जिस गांव के राशन कार्डधारी आर्थिक रूप से सक्षम होते हुए भी सरकारी जनवितरण के दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं वैसे लाभुकों को राशन कार्ड सरेंडर करने के लिए प्रेरित करें। जिन पात्र लाभुको के बैंक खाते में मुख्यमंत्री मंईंयां सम्मान योजना की राशि नहीं पहुंच रही है वे बैंक जाकर आवश्यक रूप से अपना केवाईसी करा लें। आधार इनेक्टिव है तो उसे एक्टिव करा लें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, परियोजना निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव आदि शामिल हुए।





## पंचायत भवन में इंटरनेट कनेक्शन लगाएं

उपायुक्त ने प्रत्येक पंचायत में इंटरनेट की सुविधा के सभी मुखियाजनों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला प्रशासन की प्राथमिकता में सभी को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराना है। उपायुक्त ने सभी मुखियाओं से अपने-अपने पंचायत में जल कर समिति का गठन करने, आंगनवाड़ी केंद्रों को नियमित खुलवाने व वहां मिलनेवाले भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, गांवों में लागू मनरेगा योजनाओं को जल्द निष्पादित कराने, सीएम पशुधन योजना के स्वीकृत लाभुकों का पशु शेड स्वीकृत किये जाने, समय से फसल बीज वितरण कराये जाने, पंचायत भवनों व आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**–:रद्द संबंधी सूचना:–**

इस कार्यालय पत्रांक 1496 / जि0प0, दिनांक 12.07.2025 द्वारा आमंत्रित सूचना(PR No. 357319 District (25-26) # D) को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा

PR 357790 (District)25-26*D

# न्यूज बॉक्स

## गुमला की दीदियों ने आईएचएम रांची से लिया कैफे व कैटरिंग सेवा का प्रशिक्षण

**गुमला।** झारखंड राज्य आजीविका मिशन के अंतर्गत गुमला की दीदियाँ अब स्वरोजगार की दिशा में नया मुकाम तय करने को तैयार हैं। 7 जुलाई से 18 जुलाई 2025 तक इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, रांची में आयोजित 10 दिवसीय फाउंडेशन कोर्स में गुमला जिले के सिसई और डुमरी प्रखंड की 5 स्वयं सहायता समूहों की दीदियों ने पलाश दीदी कैफे एवं कैटरिंग सेवा के सातवें बैच में भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दीदियों को आधुनिक कैफे संचालन, कैटरिंग सेवाएं, स्वच्छता प्रबंधन, ग्राहक सेवा, किचन मैनेजमेंट और उद्यमिता से संबंधित व्यावहारिक व तकनीकी ज्ञान प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार के लिए दक्ष बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करना है। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ये दीदियां अपने-अपने प्रखंडों में पलाश दीदी कैफे और कैटरिंग यूनिट के माध्यम से न केवल स्वयं को आत्मनिर्भर बनाएंगी, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बनेंगी। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी। उम्मीद है कि प्रशिक्षण प्राप्त दीदियां अब व्यावसायिक दुनिया में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगी।

## अवैध लकड़ी तस्करी मामले में 5 गिरफ्तार

**चैनपुर।** चैनपुर अंचल के कुरूमगाड़ थाना क्षेत्र में रविवार रात अवैध लकड़ी तस्करी के खिलाफ चलाए गए एक अभियान में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लकड़ी लदा एक पिकअप वाहन जेएच–01ईभी –1273 और एक बोलेरो जेएच–01–एफआर–9568 भी जब्त किया गया है।कुरूमगाड़ थाना प्रभारी मुनेश्वर तिवारी को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर अवैध रूप से लकड़ी लोड कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत हरकत में आई और एक छापेमारी दल का गठन किया गया। इस दल ने मौके पर पहुंचकर लकड़ी से भरे पिकअप वाहन और उसे एस्कॉर्ट कर रही बोलेरो से पांच व्यक्तियों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में कोटाम निवासी उपेंद्र कुमार पिता भमन महतो और आशुतोष कुमार पिता उपेंद्र कुमार शामिल हैं। इनके अलावा रांची के हिंदपीढ़ी निवासी लड्डू लाल पिता गुलजार आलम और समीर अंसारी पिता अबुल अंसारी को भी गिरफ्तार किया गया है। पांचवें व्यक्ति की पहचान अभी स्पष्ट नहीं है। गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को कुरूमगाड़ थाने लाया गया, जहां आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में गुमला भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

## साप्ताहिक हाट से ग्रामीणों ने चोर को पकड़ा जमकर पीटा, किया पुलिस के हवाले

**घाघरा।** घाघरा साप्ताहिक हाट से छिनतई कर भाग रहे युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा जमकर की पिटाई। प्रखंड मुख्यालय में लगने वाले साप्ताहिक घाट में गोमठ ग्राम निवासी हीरामती देवी अपने भाई जगेश्वर उरांव के साथ बाजार आई थी और एक बैग पकड़ी थी। इसी दौरान पतागाई ग्राम निवासी अकरम अली मौका देखकर हीरामती से बैग छिन कर भागने लगा। जिसके बाद भाई जगेश्वर ने हल्ला करते हुए दौड़ाया। लगभग 2 किलोमीटर दौड़ने के बाद कोटामाटी नदी के समीप अकरम को ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ा गया। जिसके बाद जमकर उसकी पिटाई की गई और घाघरा थाना को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही अनिकेत गुप्ता घटनास्थल पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर थाना ले आए है। हीरामती ने बताया कि वह घाघरा बैंक आफ इंडिया से मोटरसाइकिल का इंस्टॉलमेंट व खेती करने के लिए लगभग 11 हजार रुपए निकली थी और बाजार करने गई थी इसी दौरान घटना घटी।

## पीवीटीजी समुदाय के आधार कवरेज अभियान तेज

**गुमला।** जिले के अत्यंत पिछड़े जनजातीय समूह (पीवीटीजी - पर्टिकुलरली वल्नेरेबल ट्राइबल ग्रुप) के सभी परिवारों को आधार पहचान सेवा से शत-प्रतिशत आच्छादित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर 16 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक सभी पीवीटीजी पंचायतों में आधार नामांकन एवं अद्यतन के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज जारी, बिशुनपुर, डुमरी, घाघरा, रायडीह, गुमला एवं चैनपुर प्रखंड के अंतर्गत आने वाली 8 पीवीटीजी पंचायतों - मेराल, घाघरा, खेताली, मझगांव, बीमरला, चैनपु, कोंडरा और अनजन- में विशेष आधार शिविर लगाए गए। इन शिविरों के माध्यम से आज कुल 28 नए आधार नामांकन और 95 आधार अद्यतन सफलतापूर्वक पूर्ण किए गए। इस अभियान की विशेषता यह है कि केवल शिविर आधारित सेवा ही नहीं, बल्कि घर-घर जाकर आधार सेवा (डोर-टू-डोर सेवा) भी प्रभावी रूप से दी जा रही है, ताकि कोई भी व्यक्ति इस महत्वपूर्ण पहचान से वंचित न रहे। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि जिले के किसी भी पी भी टी जी परिवार को आधार जैसी आवश्यक पहचान सुविधा से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इसी लक्ष्य के तहत सभी पी भी टी जी पंचायतों में सुनियोजित शिविरों और मोबाइल टीमों के माध्यम से आधार सेवा दी जा रही है।

## सामान्य शाखा की समीक्षा बैठक सम्पन्न लंबित कार्यों के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

**गुमला।** सोमवार को गुमला समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाईक की अध्यक्षता में जिला सामान्य शाखा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामान्य शाखा के प्रभारी पदाधिकारी सुशील खाखा सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी ने अपर समाहर्ता को सामान्य शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें जाति प्रमाण पत्र, स्थानीयता प्रमाण पत्र, ओबीसी प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, शस्त्र अनुज्ञप्ति, अनुसूचित जनजाति संबंधी मामले एवं चौकीदार नियुक्ति जैसे विषयों की गहन समीक्षा की गई। शस्त्र अनुज्ञप्ति संबंधी आवेदनों को लेकर अपर समाहर्ता ने निर्देश दिया कि आवेदकों की उपयोगिता की गंभीरता से जांच करते हुए ही आवेदनों की स्क्रूटनी की जाए और तत्पश्चात उन्हें संबंधित पदाधिकारी को अग्रसारित किया जाए। श्री बड़ाईक ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी लंबित प्रमाण पत्रों की जांच कर शीघ्र निर्गत किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी न हो। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्गत हों। बैठक में सामान्य शाखा के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे।

## वज्रपात की चपेट में आने से बच्चा घायल

**सिसई (गुमला)।** सिसई थाना क्षेत्र के मुर्गू पतरा टोली गांव में सोमवार शाम 5:30 बजे के आसपास वज्रपात के चपेट में आने के कारण विजय उरांव का 10 वर्षीय पुत्र रवि उरांव पूरी तरह से घायल हो गया। यह घटना उस वक्त घटी जब वह अपने गाय ,बैलों की चरवाही के लिए गया हुआ था। उसी समय अचानक वज्रपात हुआ और वह वहीं पर गिर पड़ा। पास के खेत में काम कर रहे एक किसान ने उसे उठाया और गांव के लोगों को इसकी सूचना दी। जिसके बाद परिजनों और ग्रामीणों ने मिलकर उसे सदर अस्पताल गुमला लेकर गए। सदर अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।

## रोजगार सेवक व कंप्यूटर ऑपरेटर छः महीने से मानदेय के लिए तरस रहे

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों और कंप्यूटर ऑपरेटरों समेत कई कर्मचारियों को पिछले छह महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिससे वे गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। मानदेय के अभाव में इन कर्मियों और उनके परिवारों का जीवन-यापन दूभर हो गया है। ग्रामीण विकास की रीढ़ माने जाने वाले रोजगार सेवक, मनरेगा के माध्यम से गांवों को बेहतर बनाने और ग्रामीण श्रमिकों को उनके गांव में ही रोजगार उपलब्ध कराने की अहम जिम्मेदारी निभाते हैं। वे ग्राम पंचायतों में बिरसा हरित ग्राम, कूप, बागवानी, टीसीबी, लूज बोल्डर, दीदी बाड़ी, मेढ़बंदी जैसी कई महत्वपूर्ण योजनाओं को पूरा कराते हैं रोजगार सेवकों ने बताया कि उन्हें जनवरी महीने से अब तक मानदेय नहीं मिला है। प्रखंड में कुल आठ रोजगार सेवक कार्यरत हैं। उनका कहना है कि वे पहले से ही कम मानदेय पर काम करते हैं, और ऐसे में सरकार द्वारा समय पर भुगतान न होने से उनमें निराशा का माहौल है। मानदेय में लगातार हो रही देरी का सीधा असर उनके दैनिक जीवन पर पड़ रहा है, जिससे उन्हें अपने परिवार का भरण-पोषण करने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### सावन के दूसरे सोमवारी पर मंदिरें ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव से गूंजायमान रहे

# जलार्पण के लिए शिवभक्तों का तांता लगा रहा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई।** प्रखंड क्षेत्र के सभी मंदिरों में प्रातःकाल से ही भगवान भोलेनाथ को जल, दूध , बिल्वपत्र,फूल चढ़ाने एवं पूजा पाठ करने को लेकर भक्तों का देर शाम तक भीड़ देखने को मिला जिसमें महिला पुरुष, युवक युवतियां व बच्चे शामिल थे। वहीं आस्था का केन्द्र माने जाने वाले पोटरो बूढ़ा महादेव,सिसई ब्लॉक शिव मंदिर, भदौली मंडा टांड़ शिव मंदिर, तथा नगर पंचायत स्थित कपिलनाथ देव धाम मंदिर में शिवभक्त प्रातः काल से ही जलार्पण व पूजा अर्चना कर रहे थे इस दौरान हर हर महादेव एवं ॐ नमः शिवाय के मंत्रों से पूरा वातावरण शिवमय हो रहा था। नगर के कपिलनाथ देव धाम मंदिर के पुजारी बबलू गिरी ने मंदिर के पौराणिक इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि यह मंदिर छः सौ साल से भी अधिक पुराना है। और यहां के ग्रामीणों के कथनानुसार नवरत्नगढ़ के नागवंशी राजा दुर्जन साह को भगवान भोलेनाथ साक्षात् दर्शन दिए थे तब उन्होंने यहां भोलेनाथ का मंदिर निर्माण कराने हेतु संकल्प लिया और इस मंदिर का निर्माण राजा दुर्जन साह के द्वारा छः सौ साल पूर्व कराया गया। जो कपिलनाथ देव धाम के नाम से गुमला जिला ही नहीं अपितु पूरे दक्षिणी छोटानागपुर में अपनी प्रसिद्धि लिए हुए है। साथ ही पड़ोसी राज्यों जैसे बिहार, बंगाल,उड़ीसा, छत्तीसगढ़ में भी बाबा कपिलनाथ देव की प्रसिद्धि विख्यात है। आस्था का प्रतीक इस मंदिर की खासियत यह है कि इस मंदिर के शिवलिंग पर कितना भी जल चढ़ा लें जल का पता ही नहीं चलता है।

शिवलिंग पर चढ़ाया हुआ जल कहां जाता है इसका आजतक किसी ने पता नहीं लगा पाया है। कपिलनाथ मंदिर में जो भी भक्त सच्चे मन से मन्नत मांगते हैं उनकी मन्नत भोलेनाथ अवश्य पूरी करते हैं। जिसके वजह से यह मंदिर काफी प्रसिद्ध है बाबा कपिलनाथ के नाम से जाना जाता है बाबा का दर्शन करने के लिए बहुत दूर दूर से लोग आते हैं अब तो पड़ोसी राज्यों से भी लोग बाबा कपिलनाथ का दर्शन और पूजन करने के लिए आते हैं। खास कर सावन में पूरे माह यहां शिवभक्तों का तांता लगा रहता है। इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र के थाना रोड स्थित शिव मंदिर, घाघरा पंचायत के दारी टोंगरी महादेव मंदिर, पुसो महादेव डीपा शिव मंदिर, लरंगो पंचायत के नवाटोली शिवलिंग पर भक्तों ने बिल्वपत्र, अरवा चावल, कनेर फूल, धतूरा एवं धतूरा का फूल, चंदन, धूप, अगरबत्ती, दूध चढ़ाकर एवं प्रसाद अर्पित कर अपने घर परिवार की खुशहाली के लिए भगवान भोलेनाथ से कामनाएं किए। प्रखंड क्षेत्र के प्रायः सभी मंदिरों में शिव भक्ति धुन में गाने बजाए जा रहे थे। साथ ही हर हर महादेव, ॐ नमः शिवाय, बोलबम जैसे नारों से भक्तिमय वातावरण बना हुआ था।

## देवाकी बाबाधाम मंदिर में सावन की दूसरी सोमवारी में उमड़ी श्रद्धालुओं भीड़

**घाघरा।** घाघरा के प्रसिद्ध देवाकी बाबाधाम मंदिर में दूसरी सोमवारी को लेकर अहले सुबह से ही शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी पड़ी है सोमवार को सुबह से ही भगवान शिव को जलाभिषेक करने को शिवभक्तों का तांता लगा रहा। बड़ी संख्या में महिलाएं श्रद्धालु भक्तों ने दूध, पुष्प, विल्व पत्र अर्पित कर भगवान शिव से सुख समृद्धि की कामना की हर हर महादेव एवम बोलबम के नारे से वातावरण गुंजायमान रहा। इसको लेकर भक्तों ने उपवास भी किया। फलाहार कर भक्तों ने भगवान शंकर से कल्याण का आशीर्वाद मांगा।वही देवाकी बाबाधाम प्रबंधन समिति के द्वारा शिव भक्तों के लिए लंगर की व्यवस्था की जाती है वही घाघरा कीर्तन मंडली के द्वारा पहले सुबह से ही कीर्तन जारी था जिससे देख शिव भक्त भी झूम उठे। सुरक्षा को लेकर पुलिस बल की गई है तैनाती देवाकी बाबाधाम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिलीप कुमार साहू सचिव किशोर जयवाल प्रेम कुमार साहू प्रदीप प्रसाद संजय सिन्हा अजीत साहू संजय शर्मा पंकज कुमार नीरज सिंह एवं काफी संख्या में सदस्य जन उपस्थित रहे।

## बोल बम के जयकारे संग कांवरियों का जत्था रवाना

**भरनो।** श्रावण मास के पावन अवसर पर सोमवार को भरनो बस्ती से बजरंग दल के अध्यक्ष सुदामा केसरी के नेतृत्व में 25 कांवरियों का जत्था बोल बम के जयघोष के साथ देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हुआ। इस धार्मिक यात्रा में पुरुषों के साथ महिलाएं और बच्चे भी श्रद्धा भाव से शामिल हुए। कांवरियों ने यात्रा से पूर्व बाजार टांड़ स्थित देवी मंडप, विष्णु मंदिर और शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की और अपने माता-पिता व बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद हर-हर महादेव और बोल बम के नारों के साथ जत्था उत्साहपूर्वक बाबाधाम की ओर प्रस्थान कर गया। इस धार्मिक माहौल के बीच कांवरियों ने हिंदू नेता भैरव सिंह की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और शीघ्र रिहाई की मांग की। बाबाधाम जा रहे श्रद्धालुओं में सुदामा केसरी, आशीष केसरी, रोशन केसरी, सत्यम केसरी, अंकित केसरी, विवेक केसरी उर्फ गोलू सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## चोरों का आतंक जारी, डॉक्टर के घर में लाखों की चोरी

**भरनो।** भरनो थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं और पुलिस की नाकामी से चोरों के हौसले बुलंद हैं। ताजा मामला भरनो बस्ती स्थित प्रसिद्ध डॉक्टर स्वर्गीय देवेंद्र प्रसाद के बंद घर में हुई बड़ी चोरी का है, जहां अज्ञात चोरों ने पीछे की दीवार फांदकर घुसने के बाद मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ लाखों रुपये की नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की यह घटना उस समय घटी जब स्वर्गीय डॉक्टर के पुत्र मुकेश कुमार उर्फ छोटू अपनी पत्नी और बेटी के साथ इलाज के सिलसिले में चार दिन पहले रांची गए हुए थे। सोमवार की सुबह जब वे घर लौटे, तो मेन गेट का ताला खोलने के बाद अंदर का नजारा देख उनके होश उड़ गए। अंदर का दरवाजा टूटा हुआ था, बक्से, ट्रंक और अलमीरा के लॉक टूटे हुए थे, और सारा सामान बिखरा पड़ा था। सबसे दर्दनाक बात यह रही कि चोरों ने उनकी बेटी की मिट्टी की गुल्लक तक नहीं छोड़ी -उसे तोड़कर सिक्के भी ले गए। मुकेश कुमार ने बताया कि घर से करीब 2 लाख रुपये नकद और लगभग 3 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी हुए हैं। उन्होंने तत्काल भरनो थाना को सूचना दी, जिसके बाद थाना प्रभारी कंचन प्रजापति और एसआई मंटू चौधरी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

## महिला सब्जी विक्रेताओं का हाई वोल्टेज प्रदर्शन, प्रशासन ने समझा-बुझाकर रोका

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सोमवार को गुमला जिला समाहरणालय परिसर उस समय सनसनी से भर उठा जब जशपुर रोड की महिला सब्जी विक्रेताएं पेट्रोल लेकर आत्मदाह के इरादे से उपायुक्त कार्यालय पहुंच गईं। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार वे फुटपाथ पर दुकान लगाने की अनुमति नहीं मिलने से आहत होकर आत्मदाह करने की चेतावनी के साथ वहां जुटीं थीं। महिलाओं का कहना है कि वे वर्षों से फुटपाथ पर सब्जी बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करती रही हैं। लेकिन नगरपालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद उन्हें हटाया गया और वैकल्पिक रूप से जो दुकानें दी गईं, वे छोटी और अस्वच्छ हैं, जहाँ काम करना संभव नहीं है। इस संबंध में महिलाओं ने कई बार जिला प्रशासन से अपनी व्यथा साझा की, लेकिन मांगों पर कोई समाधान नहीं निकला। आज वे न्याय की गुहार लगाने के साथ-साथ आत्मदाह जैसी खतरनाक कदम उठाने के लिए मजबूर होकर समाहरणालय पहुंचीं। घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर सीओ और महिला थाना प्रभारी तुरंत पहुंचे और प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत किया। उन्होंने महिलाओं को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं पर उच्च स्तर पर विचार किया जाएगा। सब्जी विक्रेता माया कुजूर ने कहा, "हम गरीब लोग हैं। फुटपाथ पर दुकान ही हमारी रोज़ी-रोटी का एकमात्र साधन है। यदि हमें वहां व्यवसाय की अनुमति नहीं मिलती, तो सरकार हमें 20-25 हजार की नौकरी दे, अन्यथा हम आत्मदाह को मजबूर होंगे।" घटना के बाद प्रशासन हरकत में है और उम्मीद जताई जा रही है कि स्थानीय निकाय और जिला प्रशासन मिलकर महिला विक्रेताओं के लिए सम्मानजनक और व्यावहारिक समाधान की दिशा में पहल करेगा।

# खाद्य सुरक्षा व कोटपा अधिनियम के तहत विशेष छापेमारी अभियान, कई प्रतिष्ठानों पर जुर्माना

- विद्यालयों में जागरूकता अभियान व मिड-डे मील की जांच

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** सोमवार को रायडीह प्रखंड में खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 और कोटपा अधिनियम 2003 के तहत विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने किया, जिसमें विद्यालयों और स्थानीय खाद्य प्रतिष्ठानों की सघन जांच की गई। अभियान की शुरुआत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुलमुंडा और राजकीय प्राथमिक विद्यालय बक्सरपुर से हुई। यहां "आज से थोड़ा कम – नमक, तेल और चीनी" जन-जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों और शिक्षकों को संतुलित आहार व स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित किया गया। मिड-डे मील रसोई का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के नमूने (सैंपल) एकत्र किए गए: उ.म. विद्यालय कुलमुंडा से: मटर, मसूर दाल, सोयाबीन बड़ी, चावल। रा.प्रा. विद्यालय बक्सरपुर से: मसूर दाल और चावल। विद्यालय प्रशासन को रसोईघर की स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए। बच्चों को समाप्ति तिथि (एक्सपायरी डेट) देखकर खाने और जंक फूड से दूरी बनाने की सलाह दी गई। अभियान के दौरान सूरज कुमार सिंह, लक्ष्मी लाइन होटल, गुप्ता ढाबा, होटल नमन, नीलेश, दुर्गा गुप्ता और प्रवीण खेरवार के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। प्रवीण खेरवार की दुकान में जलेबी में अखाद्य रंग पाए जाने पर उसे तत्काल नष्ट करवाया गया। खाद्य लाइसेंस नहीं होने, स्वच्छता की अनदेखी और खाद्य सुरक्षा अधिनियम के उल्लंघन पर: लक्ष्मी लाइन होटल पर 2000, होटल नमन व नीलेश पर 4000, का आर्थिक दंड (जुर्माना) लगाया गया। होटल नमन, नीलेश और दुर्गा गुप्ता के रसगुल्लों की मौके पर स्टार्च जांच की गई, जो मानकों के अनुसार सुरक्षित पाई गई। लव कुमार गुप्ता ने स्पष्ट किया कि खाद्य व्यापारियों के लिए एफएसएसएआई लाइसेंस अनिवार्य है, और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विद्यालयों की 100 गज परिधि में कोटपा अधिनियम 2003 के तहत लव कुमार गुप्ता एवं वंदना स्मिता होरो के नेतृत्व में छापेमारी की गई। इस दौरान सूरज कुमार सिंह के प्रतिष्ठान से निकोटिन युक्त उत्पाद बेचते दुकानदार को रंगे हाथों पकड़ा गया। उस पर जुर्माना लगाया गया और सख्त चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान "आज से थोड़ा कम – तेल, चीनी और नमक का सेवन करें, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोगों से बचें" जैसे संदेशयुक्त बैनर लगाए गए, ताकि आमजन स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक हो सकें। इस अभियान को सफल बनाने में कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार एवं सहायक सूरज कुमार की विशेष भूमिका रही।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रामगढ़।
Email:- sp-ramgarh@jhpolice.gov.in

आवश्यक सूचना
सर्वसाधारण के लिए सूचना

Sch- II | Forms

**Form No- 5**
**PROCLAMATION RECUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED**
**(See section 82)**

Whereas a complaint has been made before me that मनोज मुण्डा उम्र 35 वर्ष, पिता– स्व0 अर्जून मुण्डा, ग्राम–नगडुवा, पो0– बचरा, थाना– पिपरवार, जिला– चतरा (झारखण्ड) **Manoj Munda age-35 yr, S/o- Late Arjun Munda, Vill-Nagduwa, Po- Bachra, PS- Piparwar, Dist- Chatra (Jharkhand)** (Name, Description And Address) has committed (or is suspected to have committed) the offense of extortion and criminal conspiracy and beomg part of an unlawful association using arms punishable under section **341/323/385/ 387/435/379 IPC , 27Arms Act.** It has been returned to a warrant of arrest there upon issue that said **Manoj Munda** cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the Said **Manoj Munda** has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warranty)

Proclamation is hereby made that the said **Manoj Munda** accused of **Basal ps Case no- 09/2022, date- 13.05.2022 u/s- 341/323/385/ 387/435/379 IPC, 27Arms Act** is required to appear at Ramgarh. (place) before this conrt (or before me) to answer tha said complaint on the **..18..** Day of **August 2025**

Date this 30 Day of june 2025
(Seal of the Court)
**sd- Harshit Tiwari**
**S.D.J.M, Ramgarh**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि फरार अप्राथमिकी मनोज मुण्डा राज्य– (झारखण्ड) कहीं मिलते दिखते है तो इसके संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय / S.D.J.M, Ramgarh (Jharkhand) के न्यायालय में इसकी सूचना दे या निम्नांकित फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी जानकारी दें ।

पुलिस अधीक्षक, रामगढ़– 9431706113
थाना प्रभारी बासल – 8789045591

PR 357851 (Police) 25-26 (D)

पुलिस अधीक्षक
रामगढ़।

## e- Procurement Cell
**Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra.**
अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– **BCD/EE/CHATRA/ 09/2025-26** दिनांकः– **21.07.2025**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | *CONSTRUCTION of RAMP, INSTALLATION OF 2 LIFT from Ground to Third Floor at 22 COURT CHATRA.* | Rs. 98,30,661.98 | (06) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 25 .07.2025 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 02 -08-2025 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04 -08-2025 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e-Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9939428677 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9650057169 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

**Nodal Officer e- Procurement Cell**
**Office of The Executive Engineer,**
**Building Construction Department,**
**Building Division, Chatra**

PR 357834 Building(25-26)D

## कार्यालय : जिला परिषद, लातेहार

### सूचना

दिनांक 17.01.2025 को सम्पन्न जिला परिषद की मासिक बैठक की कार्यवाही ज्ञापांक 45 दिनांक 20.02.2025 के कण्डिका संख्या 61 में जिला परिषद, लातेहार के मासिक बैठक में लिए गए निर्णयानुसार पलामू डाक बंगला, नेतरहाट हेतु निम्न सामग्री की कय किया जाना आवश्यक है। उक्त सामग्री आपूर्ति हेतु निबंधित/अधिकृत दूकानदारों से दिनांक 04/08/2025 को 05:00 बजे अपराह्न तक सभी कर सहित कोटेशन निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट से अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर भेजेंगे/जमा करेंगे। निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त कोटेशन दिनांक– 05/08/2025 को 03:00 बजे ~~पूर्वाह्न~~/अपराह्न में उप विकास आयुक्त, लातेहार के कार्यालय प्रकोष्ट में क्रय समिति के समक्ष खोली जायेगी जिसमें कोटेशनदाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अवश्य उपस्थित रहेंगे।

1. किसी भी समय कोटेशन को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। जिसके विरूद्ध किसी भी न्यायालय में वाद दायर नहीं किया जायेगा।
2. सूचना प्रकाशन संबंधित जानकारी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय के सूचना पट्ट पर भी देखा जा सकता है।

सामग्री का विवरणी

| क्र0 | सामग्री का नाम | संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Tea Set (Bone China/Borosil) | 04 Pc | |
| 2 | Water Heater Cattle 1 Liter (Milton) | 04 Pc | |
| 3 | Call Bell (Anchor) | 04 Pc | |
| 4 | Intercome (Beetel) | 04 Pc | |
| 5 | Room Heater 1200 W (Three Road) Usha | 04 Pc | |
| 6 | Wi-Fi (Jio) | 02 Pc | |
| 7 | वासिंग मशीन 10 लीटर का (L.G) Semi Auto matic | 01 Pc | |
| 8 | R.O (18 Liter) Aqua | 01 Pc | |

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, लातेहार

PR 357814 Rural Development (25-26)_D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

### अति अल्पकालीन आम सूचना

एतद् द्वारा लोहरदगा जिले के सभी मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अम्ब्रेला योजना (Umbrella Scheme) के तहत् राज्य योजनान्तर्गत राज्यादेश संख्या 10 रा0(वि0) दिनांक 04.07.2025 द्वारा प्राप्त तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत लोहरदगा जिले के मत्स्य पालकों/मत्स्य कृषकों को तालाबों के मत्स्य पालन से अच्छादन हेतु मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में सहायता योजना की स्वीकृति दी गई है। विभागीय राज्यादेश द्वारा लोहरदगा जिला को शीर्ष 796 में 500 एकड़ एवं 789 में 100 एकड़ लक्ष्य प्राप्त है। इस योजना अंतर्गत निजी क्षेत्र के तालाबों को मत्स्य पालन से अच्छादन हेतु स्थानीय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में 50 प्रतिशत सहायता अथवा अधिकतम 1875/-रू0 रुपये प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र (लगभग 5000 बीज प्रति एकड़) हेतु अनुदान DBT के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना है। लाभुकों का चयन जिला स्तरीय सुरक्षित जमा निर्धारण समिति द्वारा किया जायेगा। योजना के लाभ हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

अहर्ताए-
1. विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्ष में झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल से फीड प्राप्त करने वाले मत्स्य कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. लाभुक का अपना निजी तालाब हो।
3. विभाग द्वारा स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादक एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा।

आवेदन प्रपत्र प्राप्ति (नि:शुल्क) का स्थान - जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा
आवेदन प्रपत्र जमा करने का स्थान - जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा (कार्यालय अवधि में)
आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि- 11.08.2025
Note:- Off line/Online Block Chain के माध्यम से कर सकते है।

**PR 357833 (Lohardaga) 25-26 (D)**

**जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।**

सुप्रभात

विचार प्रवाह

अगर मैं एक दरवाज़े से नहीं निकल पाया, तो मैं दूसरे दरवाज़े से निकल जाऊंगा या फिर एक दरवाज़ा बना लूंगा। चाहे वर्तमान कितना भी अंधकारमय क्यों न हो, कुछ शानदार जरूर होगा। - **रवीन्द्रनाथ टैगोर**

## संपादकीय

# संसद में झांगुर व सिंदूर नहीं हैं मुद्दे

संसद का महत्वपूर्ण मानसून सत्र शुरू हो चुका है। सैद्धांतिक रूप से संसद वह जगह है, जहां सांसद विभिन्न मुद्दों पर चर्चा और बहस करके कानून बनाते हैं। लेकिन वास्तविकता यह है कि वे मतदाताओं के बजाय सिर्फ पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं-17वीं लोकसभा में, 15 में से 11 सत्र समय से पहले ही स्थगित कर दिए गए थे। आने वाले हफ्तों में ही पता चलेगा कि क्या इस सत्र में महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए जाएंगे, या यह राजनीतिक बयानबाजी का अखाड़ा बनेगा। उम्मीद है कि सांसद न सिर्फ सवाल उठाएंगे, बल्कि जवाबों को भी प्रश्नांकित करेंगे! यहां कुछ मुद्दे दिए गए हैं, जिन पर मानसून सत्र में ध्यान देने की जरूरत है। इस सत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद के मुद्दे पर मुख्य रूप से चर्चा हो सकती है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद यह पहला मानसून सत्र है। सरकार से उम्मीद है कि वह खुफिया विफलता, सुरक्षा चूक, आतंकवादी के पकड़े जाने और चार दिनों तक चली मुठभेड़ पर जवाब देगी। युद्धविराम पर सबका ध्यान है। क्या यह युद्धविराम थोपा गया था, जिसको लेकर भारत के इन्कार के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं? युद्धविराम का समय महत्वपूर्ण है, लेकिन कब, कैसे और किसने इसमें मध्यस्थता की, इससे परे यह सवाल भी है कि अमेरिका ने हस्तक्षेप क्यों किया। क्या इसका कारण नूर खान एयरबेस पर ब्रह्मोस का हमला ही था? क्या नूर खान एयरबेस स्थित पाकिस्तानी परमाणु स्थल और प्रणालियां अमेरिकी नियंत्रण में हैं, जैसा कि पाकिस्तानी विशेषज्ञों का दावा है और यदि ऐसा है, तो भारत की सुरक्षा के लिए इसका क्या मतलब है? अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया विमान दुर्घटना, जिसमें 260 लोगों की जान चली गई, हाल के विमानन इतिहास की सबसे भीषण दुर्घटना है। यह दुर्घटना कैसे और क्यों हुई, यह एयर इंडिया और संकटग्रस्त बोइंग, दोनों के लिए अहम है। इस दुर्घटना की जांच करने वाली भारतीय वायु दुर्घटना जांच ब्यूरो ने एक प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की, जिसमें कॉकपिट में हुई बातचीत के अंशों के आधार पर पायलटों पर दोष मढ़ा गया। आखिर पूरी बातचीत क्यों नहीं जारी की गई? क्या गलती के बारे में अनुमान लगाकर प्रारंभिक रिपोर्ट जारी करना और फिर स्पष्टीकरण जारी करना सामान्य बात है? क्या यह रिपोर्ट अमेरिकी मीडिया में लीक हुई, और किसने ऐसा किया? नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा एयरलाइनों को ईंधन स्विच की जांच करने के निर्देश का क्या मतलब है? 35 करोड़ से ज्यादा लोग हर साल हवाई यात्रा करते हैं, इसके बारे में वे स्पष्टता और जवाबदेही के हकदार हैं। इस सप्ताह के शुरू में, सांख्यिकी मंत्रालय ने जून के लिए खुदरा मुद्रास्फीति दर (2.1 प्रतिशत) जारी की, जिसमें जोर देकर कहा गया, 'यह जनवरी, 2019 के बाद वर्ष-दर-वर्ष सबसे कम मुद्रास्फीति है।' इनसे परे, सवाल यह उठता है कि ऐसा महसूस क्यों नहीं होता! दरअसल, रिजर्व बैंक के घरेलू मुद्रास्फीति प्रत्याशा सर्वेक्षण से पता चलता है कि 80 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि मुद्रास्फीति बढ़ेगी और 54 प्रतिशत से ज्यादा का मानना है कि यह और तेजी से बढ़ेगी। तथ्य यह है कि सेवाओं की लागत बढ़ रही है और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में गिरावट मुख्यतः सब्जियों और दालों की कम कीमतों के कारण है। तेल की कीमतें 17.7 प्रतिशत, फलों की कीमतें 12.5 प्रतिशत और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों की कीमतें 14.7 प्रतिशत बढ़ी हैं।

*सरकार से उम्मीद है कि वह खुफिया विफलता, सुरक्षा चूक, आतंकवादी के पकड़े जाने और चार दिनों तक चली मुठभेड़ पर जवाब देगी।*

# प्राकृतिक सौंदर्य से लोगों को लुभाता ऐतिहासिक श्री हिरादह धाम



शंख नदी की कल कल ध्वनि के बीच में अपने धार्मिक ऐतिहासिक और अद्भुत प्राकृतिक आकर्षण से लुभाता श्री हिरादह धाम गुमला जिले के रायडीह प्रखंड में अपनी एक अलग पहचान रखता है जिसकी चर्चा झारखंड के बाहर भी हो रही है। शंख नदी के किनारे भगवान जगन्नाथ महाप्रभु राम दरबार राधा कृष्ण और भोलेनाथ लोगों को अपनी और आकर्षित करते हैं। नागपुरी संस्कृति के इतिहास में छोटा नागपुर के राजा दुर्जन साल के कार्यकाल में सिसई स्थित नव रतन गढ़ से इसका संबंध है। हीरदह के बारे में कहा जाता हैं कि राजा दुर्जन साल के द्वारा इस जगह शंख नदी से हीरा निकाला जाता था। राजा दुर्जन साल हीरा के पारखी माने जाते थे इस हीरा के वजह से ही उनको मुगलों के द्वारा बंदी बनाए जाने के बाद 15 वीं शताब्दी में छोड़ा गया था।

पर्यटन की **बात**



**सागर मिश्रा**

यहां वर्ष में दो बार मकर संक्रांति के अवसर पर और भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के समय विशेष मेले का आयोजन किया जाता है और रथ यात्रा निकली जाती है जिसमें झारखंड ओड़ीसा बंगाल छत्तीस गढ़ के श्रद्धालु भगवान के दर्शन के लिए आते हैं। मुख्य रूप से मंदिर में जगन्नाथ महाप्रभु बलभद्रा और सुभद्रा के साथ बिराजमान है, साथ में राम दरबार, राधा कृष्ण, भगवान शिव, हनुमान जी भी मंदिर में विराज कर भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। 70 साल से यहां भगवान शिव की पूजा हो रही है। सन 1953 में रामरेखा बाबा श्री 1008 श्री जयराम प्रपन्नाचार्य जी महाराज के मार्ग दर्शन में बनारस से शिव जी को लाया गया और स्थापित किया गया। भगवान जगन्नाथ जी का मूर्ति पालकोट राजा के यहां से लाकर हीरदाह में स्थापित किया गया बताया जाता है कि इस मूर्ति में हीरा की चमक हमेशा रहती थी। शिव मंदिर के पांच सात कदम पर एक सुंदर गुफा जो धरती के अंदर नाग के आकर में बनी है जिसे नाग द्वार के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि यह जगह नाग देवता का है कभी कभी नाग का दर्शन अक्सर लोगों को यहां हो जाता है। नागवंशी राजा दुर्जन साल की रानी का गहना जहां डूब गया था उस स्थान को तरकीदुबा नाम से जाना जाता है जो एक सुंदर कुंड के रूप के रूप में स्थित है। इसी के बगल में शंख नदी के किनार पर चट्टान के नीचे अपने से निकले महादेव विराजमान है मान्यता है कि तरकीदुबा कुंड में स्नान कर के जो महादेव जी को जल अर्पण करता है उसके सारे चर्म रोग दूर हो जाता है इस महादेव के नाम दूधेश्वरी महादेव हैं।





शंख नदी की कल कल बहती धारा जो सैलानियों को अनायास ही सुकून प्रदान करने के लिए अपने आंगन में बुलाती हैं नदी के किनारे पानी से चट्टानों में बनी कलाकृतियां मन मोह लेती है। ऐसा लगता है जैसे किसी ने इन्हें बनाया है। नदी के आस पास सुंदर सुंदर कुंड कोई धनुष आकर का कोई सांप आकर कोई शंख के आकर का इसके सुंदरता का वर्णन करना आसान नहीं हैं पिकनिक स्पॉट भी है जहां वर्ष भर लोग पिकनिक मनाने के लिए आते है साथ में भगवान का भी दर्शन कर लेते है जो भी घूमने आएं सावधानी बरतें क्योंकि तेज धार में कितने लोगों की जान सेल्फी लेने में में जा चुकी है जिला प्रशासन के द्वारा चेतावनी का बोर्ड भी लगाया गया है।

## हमारे जीवन में है शिव तत्त्व

प्रकृति की विविधता और ब्रह्मांड की अनंतता हमें आकर्षित करते हैं। लेकिन इन सबको देखने वाला द्रष्टा कौन है और उसी में विश्राम पाने का अर्थ क्या है? समाधि को 'शिव सायुज्य' या शिव में पूर्ण रूप से विलीन हो जाना कहा गया है। संत कबीरदास ने इसे कोटि कल्प विश्राम कहा अर्थात एक क्षण में कल्पों का विश्राम। यह सबसे गहरा विश्राम है, जो संभव है। इसमें सतर्कता भी रहती है और इससे पूर्ण मुक्ति की अवस्था प्राप्त होती है। शिव तत्त्व सर्वव्यापी है। उसे बाहर नहीं, भीतर अनुभव किया जाता है, बस उसके प्रति सजग होकर। जब हम समाधि की गहराई में उतरते हैं, तो यह तत्त्व अद्वैत रूप से प्रकट होता है, जैसे कोई लहर किसी तरह समुद्र की विशालता को पहचान ले। श्रावण मास में शिव की पूजा केवल नियमों और भजनों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भीतर की यात्रा है, जहाँ चेतना साक्षी बनकर विश्राम में टिक जाती है। वैसे तो विश्राम नींद से मिलता है, लेकिन बिना जागरूकता के। साधना का उद्देश्य है- मन को भीतर की ओर मोड़ना और उसे जागृत बनाए रखना। सामान्यतः जब मन भीतर जाता है, वह अवचेतन रूप से सो जाता है। लेकिन, जब हम निद्रा-स्वप्न-जाग्रति की अवस्था से परे चले जाते हैं, तब समाधि घटित होती है। ध्यान करते समय लोग अक्सर नहीं जानते कि वे सोए थे या ध्यान में थे, परंतु ध्यान के बाद जो शांति, आनंद और ताजगी मिलती है, वह अनुभव अद्वितीय होता है। शिव और शक्ति का मिलन भी अत्यंत गूढ़ आध्यात्मिक संकेत है। शिव हैं चिदाकाश (अंतरिक्ष में व्यापक चेतना), और शक्ति हैं चिद्विलासा (उस चेतना की गतिशील अभिव्यक्ति)। शिव 'पुरुष' हैं - निराकार सत्ता, शक्ति 'प्रकृति' हैं, वही सत्ता जब गुणों और रूपों में प्रकट होती है। शिव द्रव्य हैं, शक्ति गुण हैं। इस द्वैत में अद्वैत को पहचानना ही शिव तत्त्व का उत्सव है। शिव वह चेतना हैं, जिनको सभी विरोधाभास स्वीकार हैं। वे सुंदरेश भी हैं और अघोर भी, भोलेनाथ भी हैं और रौद्र भी। वे शक्ति से विवाह करने आते हैं, उन शिवगणों के साथ जो अनगढ़, असामान्य और विचित्र होते हैं। यह दर्शाता है कि शिव तत्त्व केवल सौंदर्य को नहीं, बल्कि विचित्रता को भी अपनाता है। वह सबको जोड़ता है और समरसता लाता है। दृश्य (शक्ति) अनेक हो सकते हैं- अच्छे, बुरे, सुंदर या विचित्र। लेकिन, द्रष्टा (शिव) एक ही है। जब द्रष्टा जागरूक हो जाता है, तो अनेकता में भी एकता का अनुभव होने लगता है। सौंदर्य दृश्य में नहीं, द्रष्टा की चेतना में निहित होता है। संस्कृत में पर्व का अर्थ है उत्सव और शिव तत्त्व वही चेतना है, जो सृष्टि में उत्सव लाती है। वह निराकार ब्रह्म भी साकार ब्रह्म के रूपों का आनंद मनाता है। शिव अस्तित्व की संपूर्णता के प्रतीक हैं, जहां जीवन का नृत्य भी है और ध्यान की शांति भी, अंधकार भी है और प्रकाश भी, मासूमियत भी है और गहनता भी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

धर्म की **बात**



**गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर**

# राष्ट्रीय ध्वज दिवस : तिरंगे के आदर्शों को जीने का संकल्प

भारत के इतिहास में 22 जुलाई 1947 का दिन एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है, जब संविधान सभा ने तिरंगे को देश के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में औपचारिक रूप से अपनाया। यह ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता, एकता, विविधता और गौरव का जीवंत चित्र है। इस दिन को राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो प्रत्येक भारतीय को न केवल अपने इतिहास से जोड़ता है, बल्कि राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की भी याद दिलाता है। तिरंगे के प्रत्येक रंग और बीच में स्थित अशोक चक्र में भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और नैतिक भावनाएं समाहित हैं, जो इसे विश्व के अन्य ध्वजों से विशिष्ट बनाती हैं। यह ध्वज हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है, जो स्वतंत्रता संग्राम की गाथा, बलिदानों और एकता की भावना को अपने में समेटे हुए है। तिरंगे का डिज़ाइन स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी विचारक पिंगली वेंकय्या की देन है। आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में जन्मे वेंकय्या एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे न केवल एक स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि एक भाषाविद, भूविज्ञानी और किसान भी थे। 1916 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज पर एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने विभिन्न देशों के ध्वजों का अध्ययन करने के बाद भारत के लिए एक उपयुक्त ध्वज की आवश्यकता पर बल दिया। 1921 में, उन्होंने महात्मा गांधी को अपना डिज़ाइन प्रस्तुत किया, जिसमें केसरिया, सफेद और हरे रंग के साथ बीच में चरखा था। यह चरखा स्वदेशी आंदोलन और आत्मनिर्भरता का प्रतीक था। हालांकि, समय के साथ चरखे की जगह सम्राट अशोक के धर्म चक्र ने ले ली, जिसे 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने अंतिम रूप से स्वीकार किया। वेंकय्या का यह योगदान भारतीय इतिहास में अमर है, क्योंकि उनके द्वारा रचित ध्वज आज भी भारत की शान बढ़ा रहा है। राष्ट्रीय ध्वज का डिज़ाइन भारतीय संस्कृति और मूल्यों का एक सुंदर समन्वय है। इसके तीन रंग और अशोक चक्र न केवल सौंदर्यपूर्ण हैं, बल्कि गहरे अर्थों से युक्त भी हैं। सबसे ऊपर का केसरिया रंग साहस, बलिदान और देशभक्ति का प्रतीक है। यह उन असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। मध्य में सफेद रंग शांति, सत्य और अहिंसा का प्रतीक है। यह रंग भारत के आध्यात्मिक चरित्र और महात्मा गांधी के अहिंसक संघर्ष को दर्शाता है, जिसने विश्व को सत्य और शांति का पाठ पढ़ाया। सबसे नीचे का हरा रंग समृद्धि, विकास और प्रकृति के प्रति भारत के गहरे लगाव को दर्शाता है। भारत की कृषि परंपरा और पर्यावरण के प्रति सम्मान इस रंग में झलकता है। ध्वज के केंद्र में नीले रंग का अशोक चक्र इसकी आत्मा है। सम्राट अशोक के धर्म चक्र से प्रेरित यह चक्र 24 तीलियों से युक्त है, जो समय की निरंतरता, प्रगति और कर्म के महत्व को दर्शाता है। प्रत्येक तीली जीवन के 24 घंटों का प्रतीक मानी जा सकती है, जो यह सिखाती है कि कर्म और प्रगति निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। यह चक्र न केवल भारत के गौरवशाली अतीत को दर्शाता है, बल्कि कानून के शासन और संवैधानिक मूल्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार, यह चक्र सारनाथ के अशोक स्तंभ से प्रेरित है, जो अशोक के बौद्ध धर्म अपनाने और शांति के प्रचार का प्रतीक है। इस प्रकार, तिरंगा न केवल भारत की स्वतंत्रता की कहानी कहता है, बल्कि इसके नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी विश्व के सामने प्रस्तुत करता है। तिरंगे का महत्व केवल इसके रंगों और प्रतीकों तक सीमित नहीं है। यह ध्वज स्वतंत्रता संग्राम के उन अनगिनत आंदोलनों का साक्षी है, जिनमें लाखों भारतीयों ने हिस्सा लिया। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 1947 तक, तिरंगे के विभिन्न रूपों ने स्वतंत्रता सेनानियों को एकजुट किया। 1931 में, जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने तिरंगे को अपने आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया, तब यह स्वतंत्रता की आकांक्षा का प्रतीक बन गया। 15 अगस्त 1947 को, जब जवाहरलाल नेहरू ने दिल्ली के लाल किले पर पहली बार तिरंगा फहराया, तब यह ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि भारत की नवजात स्वतंत्रता का परिचय बन गया। राष्ट्रीय ध्वज का महत्व केवल औपचारिक अवसरों तक सीमित नहीं है। यह हर भारतीय के जीवन का हिस्सा है। स्कूलों में सुबह की प्रार्थना के दौरान, सरकारी भवनों पर, खेल आयोजनों में, और यहां तक कि अंतरिक्ष में भी तिरंगा भारत की शान बढ़ाता है। 2004 में, जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-1 मिशन के तहत चंद्रमा की सतह पर तिरंगे का प्रतीक अंकित किया, तब यह ध्वज भारत की वैज्ञानिक प्रगति का भी प्रतीक बन गया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**प्रो. आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

'नगर रक्षिणी' द्वार पर, खड़ी, कौन घुस पाय।
कलियुग में आ 'वह', खड़ी, बुला रही चिल्लाय।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# महावतार बाबाजी-अनन्तकाल तक प्रेरणा प्रदान करने वाले संत

लाहिड़ी महाशय ने कहा है, "जब भी कोई श्रद्धा के साथ बाबाजी का नाम लेता है, उसे तत्क्षण आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त होता है।" महान गुरु लाहिड़ी महाशय का यह प्रसिद्ध उद्धरण, जिसका उल्लेख श्री श्री परमहंस योगानन्द ने अपनी पुस्तक 'योगी कथामृत' में किया है, अत्यन्त प्रभावशाली ढंग से महावतार बाबाजी के विशुद्ध पारलौकिक महत्व और सभी निष्ठावान अनुयायियों के जीवन पर उनके कालातीत प्रभाव को स्पष्ट करता है। लाहिड़ी महाशय के प्रमुख शिष्य स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि ने कहा था कि बाबाजी की आध्यात्मिक अवस्था मानवी आकलनशक्ति से परे है। फिर भी, यदि सामान्य व्यक्ति महान गुरुओं, जिनमें बाबाजी अग्रगण्य हैं, की प्रेरणा और शिक्षाओं के साथ समस्वर होने का प्रयास करें, तो उन्हें अपनी आध्यात्मिक यात्रा में अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

भारत में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (वाईएसएस) के भक्तों और सम्पूर्ण विश्व में सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप (एसआरएफ़) के सदस्यों द्वारा, प्रत्येक वर्ष 25 जुलाई को प्रसिद्ध अमर गुरु महावतार बाबाजी का स्मृति दिवस मनाया जाता है। आध्यात्मिक उत्थान के क्रियायोग मार्ग की शिक्षाएँ सम्पूर्ण विश्व को महावतार बाबाजी, लाहिड़ी महाशय, स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि और सन 1917 में वाईएसएस के संस्थापक श्री श्री परमहंस योगानन्द के द्वारा प्रदान की गई हैं।

बाबाजी ने आधुनिक युग में पाश्चात्य जगत में भारत की प्राचीन क्रियायोग शिक्षाओं का प्रसार करने के लिए विशेष रूप से योगानन्दजी को चुना था। लाहिड़ी महाशय को क्रियायोग विज्ञान का ज्ञान प्रदान करते हुए, लाहिड़ी महाशय के अनुरोध पर, बाबाजी ने उन्हें सम्पूर्ण विश्व के सभी सच्चे सत्यान्वेषियों को यह पवित्र एवं गुप्त प्रविधि सिखाने की अनुमति दी थी। 'योगी कथामृत' पुस्तक से हमें बाबाजी के लाहिड़ी महाशय के प्रति शाश्वत प्रेम-एक गुरु के अपने शिष्य के प्रति जन्म-जन्मान्तर तक रहने वाले शाश्वत प्रेम-के विषय में भी पता चलता है।

हिमालय में अपनी महत्वपूर्ण भेंट में बाबाजी ने लाहिड़ी महाशय से कहा था, "अपने बच्चे की रक्षा करने वाले पक्षी की भाँति मैं अन्धकार, तूफान, उथल-पुथल और प्रकाश में सतत तुम्हारे पीछे-पीछे चलता रहा।" और लाहिड़ी महाशय ने, हतप्रभ होकर परन्तु अपने गुरु के दिव्य आभामंडल में पूर्ण रूप से डूबे रहते हुए, उत्तर दिया, "मेरे गुरुदेव, मेरे पास कहने के लिए और क्या हो सकता है? कहीं किसी ने कभी ऐसे अमर प्रेम के बारे में सुना भी है?"

इस प्रकार 'योगी कथामृत' पुस्तक हमारी दृष्टि, हृदय, एवं आत्मा के सम्मुख एक सच्चे गुरु और एक उत्साही शिष्य के मध्य सम्बन्ध की विशालता, और यहाँ तक कि अनन्तता, को प्रकट करती है। श्री श्री परमहंस योगानन्द को अपने गुरु, श्रीयुक्तेश्वरजी और अपने परमगुरुओं से जीवन का उत्थान करने वाली और आत्मा को मुक्ति प्रदान करने वाली, क्रियायोग की जीवनशैली विरासत में प्राप्त हुई थी। योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया इन शिक्षाओं पर आधारित विस्तृत आदर्श-जीवन पाठमाला भी प्रकाशित करती है और उन्हें सभी सदस्यों को मुद्रित और डिजिटल रूप में उपलब्ध कराती है। इस पाठमाला तथा साधना संगम और सम्पूर्ण भारत में संन्यासियों के दौरों में वाईएसएस संन्यासियों द्वारा आयोजित विशेष कक्षाओं के माध्यम से, ध्यान की प्रारम्भिक एवं उच्च प्रविधियों की शिक्षा प्रदान की जाती है। इस प्रकार लाखों व्यक्ति अत्यन्त शक्तिशाली, तथापि सरलतापूर्वक सुलभ, महान् गुरुओं द्वारा सभी निष्ठावान भक्तों को प्रदत्त, योग ध्यान की वैज्ञानिक प्रविधियों की उपलब्धता को जानने और उन्हें सीखने के लिए प्रेरित हुए हैं। स्वयं महावतार बाबाजी के अविस्मरणीय वचन हैं, "संसार में रहकर भी जो योगी व्यक्तिगत स्वार्थ और आसक्तियों को त्याग कर पूर्ण निष्ठा के साथ अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह करता है, वह ब्रह्मज्ञान प्राप्ति के सुनिश्चित मार्ग पर ही चल रहा होता है।" तथा योगी कथामृत पुस्तक से हमें यह महान एवं शिलावत शक्तिशाली आश्वासन भी प्राप्त होता है, "बाबाजी ने सभी सच्चे क्रियायोगियों की लक्ष्यप्राप्ति के पथ पर रक्षा करने का एवं उनका मार्गदर्शन करने का वचन दिया हुआ है।"

**अधिक जानकारी के लिए: yssofindia**

अध्यात्म की **बात**



**विवेक अत्रे**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# जम्मू-कश्मीर के रियासी में वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन से एक की मौत, नौ घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी ज़िले में वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर सोमवार को भारी भूस्खलन हुआ, जिसमें 10 लोग घायल हो गए और एक यात्री की मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने घटना पर दुख व्यक्त किया और कहा कि वह स्थिति पर नज़र रख रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित तीर्थयात्रियों के आधार शिविर कटरा शहर में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक बुकिंग कार्यालय और एक ऊपरी लोहे का ढांचा ढह गया। यह घटना सुबह करीब 8.30 बजे बाणगंगा के पास हुई। भूस्खलन के कारण तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और अन्य को मामूली चोटें आई। बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए एक अर्थमूवर भी भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल हुए लोगों में चेन्नई निवासी उप्पन (70), उनकी पत्नी राधा (66) और हरियाणा निवासी राजिंदर भल्ला (70) को नारायण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि उत्तर प्रदेश निवासी लीला रायकवार (56) का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा में इलाज चल रहा है। घायलों में चेन्नई निवासी उप्पन (उम्र 70) की मौत हो गई है।

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जताया दुख

कटरा। जम्मू-कश्मीर के कटरा स्थित माता वैष्णो देवी भवन मार्ग पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। बाणगंगा के पास तेज बारिश के चलते अचानक भूस्खलन हो गया, जिससे कई श्रद्धालु मलबे में फंस गए। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई है जबकि कई अन्य घायल बताए जा रहे हैं। पहाड़ों पर हो रही भारी बारिश के कारण यह हादसा हुआ है।

# बंगाल के कलाकारों ने बनाई भगवान गणेश की 'आपत्तिजनक' प्रतिमाएं

एजेंसी

**भोपला।** मध्य प्रदेश के इंदौर में धार्मिक भावनाएं आहत हुई है, जिसके बाद फिर से विवाद खड़ा हो गया। विवाद होने की वजह है पश्चिम बंगाल के मूर्तिकारों द्वारा बनायी गयी गणेश जी की मुर्तियां। इंदौर के खजराना इलाके में आधुनिक शैली में गणेश प्रतिमाएँ देखकर बजरंग दल के लोगों की भावनाएं भड़क गयी और विवाद मारपीट पर उतर आया। बजरंग दल के सदस्यों ने मूर्तियाँ बनाने वाले बंगाली कलाकारों पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने का आरोप लगाया। कलाकारों के चेहरे



इंदौर में बजरंग दल ने मूर्तिकारों का किया मुंह काला, **तीन गिरफ्तार**

काले करके उन्हें खजराना थाने ले गए। पुलिस ने कारीगरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शहर के बंगाली चौराहे के पास भगवान गणेश की प्रतिमाएं बनाने वाले तीन मूर्तिकारों-चंद्रनाथ पाल, रतनलाल पाल और राजू पाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 (धार्मिक भावनाओं को जान-बूझकर ठेस पहुंचाना) और अन्य संबद्ध प्रावधानों के तहत खजराना पुलिस थाने में रविवार शाम प्राथमिकी दर्ज की गई। यह प्राथमिकी बजरंग दल के विरोध प्रदर्शन के बाद दर्ज की गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह ने संवाददाताओं को बताया, ''हमें शिकायत मिली थी कि कुछ ग्राहकों के ऑर्डर के आधार पर खजराना क्षेत्र में भगवान गणेश की आपत्तिजनक प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं। शिकायत पर तत्परता से कदम उठाकर हमने तीन मूर्तिकारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।''
उन्होंने बताया, ''हम शहर में देवी-देवताओं की प्रतिमाएं बनाने वाले सभी कलाकारों के साथ बैठक करने जा रहे हैं ताकि आइंदा वे धार्मिक परंपराओं के अनुसार ही मूर्तियां बनाएं।'' इस बीच, सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए हैं जिनमें आरोपियों के मुंह पर कालिख पुती नजर आ रही है और पुलिस के एक दफ्तर के बाहर कुछ लोग भगवान गणेश की आपत्तिजनक मूर्तियों को लेकर उनसे पूछताछ करते नजर आ रहे हैं।
बजरंग दल के जिला संयोजक लकी रघुवंशी ने दावा किया कि ''हिंदू समुदाय के कुछ लोगों'' ने तीनों मूर्तिकारों का मुंह काला करके आपत्तिजनक प्रतिमाओं के खिलाफ अपना विरोध जताया। उन्होंने कहा, ''तीनों मूर्तिकार भगवान गणेश की पहले से तैयार तस्वीरों की नकल करते हुए उनकी आपत्तिजनक प्रतिमाएं बना रहे थे। इनमें से एक तस्वीर में भगवान गणेश किसी मॉडल की तरह मंच पर 'कैटवॉक' करते नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में उन्हें एक महिला को गोद में उठाते देखा जा सकता है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर रनवे से फिसला एयर इंडिया का विमान

**मुंबई।** एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 2744 ए320 (वीटी-टीवाईए) सोमवार को मुंबई हवाई अड्डे पर उतरी और शहर में भारी बारिश के कारण रनवे से आगे निकल गई। यह उड़ान केरल के कोच्चि से मुंबई आ रही थी। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, खराब मौसम के कारण विमान लैंडिंग के तुरंत बाद रनवे से उतर गया। सूत्रों का कहना है कि लैंडिंग के दौरान विमान के तीन टायर फट गए और विमान का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया होगा। फिर भी, विमान सुरक्षित रूप से टर्मिनल गेट तक पहुँच गया, जहाँ सभी यात्री और चालक दल के सदस्य बिना किसी घटना के उतर गए।
विमान सुबह लगभग 9.27 बजे उतरा, जिसके बाद स्थिति को संभालने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया दल तुरंत सक्रिय हो गए।

# दल हित में मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलें : मोदी

एजेंसी। नयी दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र में विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा का आह्वान करते हुए सोमवार को कहा कि सभी दलों का अलग-अलग एजेंडा है और दल हित में उनके मत भले ही न मिलें, लेकिन देश हित में मन जरूर मिलने चाहिए। प्रधानमंत्री ने सत्र की शुरूआत से पहले संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मानसून सत्र को 'विजयोत्सव' बताया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने भारत की सैन्य शक्ति देखी और आतंकवाद के आका बेनकाब हुए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने 100 फीसदी लक्ष्य हासिल किए और करीब 22 मिनट में ही आतंकवादियों के ठिकानों को जमींदोज कर दिया गया। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमारे सांसदों ने पूरी दुनिया में जा कर 'आतंकवाद के आका' पाकिस्तान को बेनकाब किया। विश्व ने भारत की बात को स्वीकार करने की दिशा में अपने मन के द्वार खोले और इसके लिए हमारे राजनीतिक दल एवं सांसद सराहना के पात्र हैं।'' मोदी ने आह्वान किया कि सेना के सामर्थ्य की सराहना की जानी चाहिए।
उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर तिरंगा लहरा चुका है और प्रगति की राह में आगे बढ़ रहे देश में विज्ञान के प्रति उमंग एवं उत्साह है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''नक्सलवाद का दायरा आज सिकुड़ रहा है और कल तक तो ''रेड कॉरिडोर'' थे, वे आज ''ग्रीन, ग्रोथ जोन'' में परिवर्तित हो रहे हैं।'' उन्होंने कहा ''भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।
कभी देश में महंगाई दर दोहरे अंकों में थी लेकिन आज यह दो फीसद के आसपास आ चुकी है और आम आदमी को राहत मिली है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की विकास यात्रा एवं प्रगति को बल देने वाले तथा नागरिकों के हितों से जुड़े अनेक विधेयक प्रस्तावित हैं और इस सत्र में उन्हें चर्चा कर पारित किया जाएगा।

**भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है**

केरल कांग्रेस में शशि थरूर को लेकर खलबलीं

## तिरुवनंतपुरम सांसद को दे दी गई खुली चेतावनी

एजेंसी। नई दिल्ली



ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में राष्ट्र प्रथम के रुख की वकालत करने के बाद, तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर को अपनी ही पार्टी के भीतर आलोचकों का सामना करना पड़ रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता के मुरलीधरन ने सोमवार को कहा कि पार्टी केरल में थरूर के साथ सहयोग करने को तैयार नहीं है। उन्होंने एएनआई से कहा कि अंतिम निर्णय कांग्रेस आलाकमान का होगा, जो तय करेगा कि उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए या उन्हें पार्टी में बने रहने दिया जाए। हम केरल में उनके साथ सहयोग करने को तैयार नहीं हैं क्योंकि वह हमेशा कांग्रेस और इंदिरा गांधी पर हमला करते रहते हैं।
मुरलीधरन ने कहा कि पिछले एक साल में, प्रधानमंत्री मोदी ने संजय गांधी के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा, लेकिन उन्होंने संजय गांधी पर आरोप लगाए। वह हमेशा राहुल गांधी के बयान का विरोध करते हैं। के मुरलीधरन ने कहा कि हम केरल में उनके प्रदर्शन से नाराज़ हैं। वह अब अपने संसदीय क्षेत्र में नहीं आ रहे हैं। हमने फैसला किया है कि हम आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में उनका साथ नहीं देंगे। हम आलाकमान के निर्देशों का पालन करेंगे।
हाल ही में, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पार्टी आलाकमान से जुड़े मुद्दों पर बोलते हुए कहा कि कभी-कभी राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में अन्य दलों के साथ सहयोग करना ज़रूरी होता है। कोच्चि में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए, थरूर कांग्रेस पार्टी नेतृत्व के साथ अपने संबंधों से संबंधित एक छात्र के प्रश्न का उत्तर दे रहे थे।

एसआइआर को लेकर विपक्ष पर बरसे गिरिराज सिंह ने कहा

## संविधान का ज्ञान होना चाहिए था

एजेंसी। नई दिल्ली



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर सवाल उठाने के लिए विपक्ष की आलोचना की। गिरिराज सिंह ने कहा कि भारत का चुनाव आयोग (ईसीआई) संविधान के अनुसार अपना काम कर रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि मुझे लगता है कि जो लोग (विपक्ष) इस तरह के सवाल उठा रहे हैं, उन्हें संविधान का ज्ञान होना चाहिए। चुनाव आयोग अपना काम कर रहा है। बिहार में, चुनाव आयोग ठीक वही कर रहा है जो संविधान कहता है। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव आयोग राष्ट्रहित में काम कर रहा है। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि उन्होंने केवल दो सवाल पूछे हैं: क्या वे (मतदाता) भारतीय नागरिक हैं या नहीं? क्या वे नकली हैं या असली?... चुनाव आयोग देशहित में काम कर रहा है। केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने भी विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा, "विपक्ष इसलिए विरोध कर रहा है क्योंकि उन्हें देश के मतदाताओं पर भरोसा नहीं है; उन्हें उन लोगों पर भरोसा है जिनका कोई रिकॉर्ड नहीं है... उन्हें केवल उन लोगों पर भरोसा है जो बाहर से आकर अवैध रूप से यहाँ बस गए हैं।" विपक्ष संसद के चालू मानसून सत्र में इस मुद्दे को उठाने की कोशिश कर रहा है। इससे पहले, आज, कांग्रेस सांसद सैयद नसीर हुसैन ने बिहार में विधानसभा चुनावों से कुछ महीने पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के मुद्दे पर चर्चा के लिए राज्यसभा में एक प्रस्ताव पेश किया। राज्यसभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के नियम 267 के तहत राज्यसभा के महासचिव को दिए गए एक नोटिस में, कांग्रेस सांसद ने सदन से बिहार में चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान से उत्पन्न चिंताओं पर चर्चा करने का आग्रह किया। नोटिस में लिखा है, "यह सदन शून्यकाल और प्रश्नकाल से संबंधित प्रासंगिक नियमों और दिन के अन्य कार्यों को स्थगित कर चुनाव आयोग द्वारा बिहार में चुनावों से पहले की गई विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया से उत्पन्न चिंताओं पर चर्चा करे। इसके बाद, देश भर में इसी तरह की प्रक्रिया चलाने की योजना बनाई जा रही है, जिसमें गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों के एक बड़े वर्ग को मताधिकार से वंचित करना शामिल है, जो सीधे तौर पर नागरिकों के मतदान के मौलिक अधिकार को कमजोर करता है और हमारी चुनावी प्रणाली की निष्पक्षता और अखंडता को नष्ट करता है।

## आत्मदाह से हुई मौत की न्यायिक जांच की मांग

**ओडिशा।** सैकड़ों बीजद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ओडिशा के तीन अलग-अलग क्षेत्रों में राजस्व संभागीय आयुक्तों के कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन किया और 12 जुलाई को बालासोर में एक छात्रा की आत्मदाह से हुई मौत की जांच के लिए न्यायिक पैनल के गठन की मांग की। विधायकों सहित विपक्षी नेताओं ने कटक, बरहामपुर और संबलपुर में आरडीसी कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन किया तथा उड़ीसा उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश की अध्यक्षता में न्यायालय की निगरानी में न्यायिक जांच की मांग की। कटक में आरडीसी कार्यालय के पास प्रदर्शन में शामिल होते हुए बीजद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देबी प्रसाद मिश्रा ने आरोप लगाया त्र ने उच्च पदों पर बैठे कई महत्वपूर्ण लोगों से मदद मांगी थी। लेकिन उनमें से कोई भी छात्र की मदद के लिए आगे नहीं आया। फकीर मोहन कॉलेज की 20 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा ने आत्मदाह के प्रयास के दो दिन बाद 14 जुलाई की रात को एम्स भुवनेश्वर में 95 प्रतिशत जलने के कारण दम तोड़ दिया। इस घटना से देश भर में आक्रोश फैल गया। जद ने पहले ही अपराध शाखा की जाँच को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि यह अपर्याप्त होगी।

अपने दम पर सरकार बनाएंगे...

## बीजेपी से लगातार पल्ला झाड़ रही एआईएडीएमके



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा के साथ सत्ता-साझेदारी समझौते की लगातार अटकलों के बीच अन्नाद्रमुक महासचिव एडप्पादी के पलानीस्वामी ने स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के बाद अपने दम पर सरकार बनाने का इरादा रखती है। तिरुवरूर जिले के थिरुथुराईपूंडी में पार्टी के अभियान, 'मक्कलाई कप्पोम, तमिलागथई मीटपोम' (आइए हम लोगों की रक्षा करें और तमिलनाडु को मुक्ति दिलाएँ) में बोलते हुए, एडप्पादी पलानीस्वामी ने किसी भी गठबंधन सरकार की व्यवस्था से इनकार किया और कहा कि अन्नाद्रमुक अपने दम पर स्पष्ट बहुमत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) दावा कर रही है कि अगर अन्नाद्रमुक सत्ता में आई तो वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ सत्ता साझा करेगी। हम सत्ता छोड़ने वाले मूर्ख नहीं है। मंत्री केएन नेहरू सहित डीएमके नेताओं ने सार्वजनिक भाषणों में लगातार इस चिंता को उठाया है और बताया है कि ईपीएस ने कभी भी अमित शाह की गठबंधन संबंधी टिप्पणियों का सीधे तौर पर खंडन नहीं किया है। एआईएडीएमके नेता की यह टिप्पणी भाजपा नेताओं - जिनमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष के अन्नामलाई शामिल हैं।

# आज का राशिफल

**मेष :** बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**कर्क :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**सिंह :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**कन्या :** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे।

**तुला :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे।

**धनु :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मीन :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी।

## पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस बने विपुल एम पंचोली

**पटना।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सोमवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली को पटना उच्च न्यायालय के 45वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। इस मौके पर बिहार के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने मुख्य न्यायाधीश का नियुक्ति पत्र और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी नियुक्ति पत्र पढ़ा। इसके बाद राज्यपाल ने न्यायमूर्ति पंचोली को शपथ दिलाई। 57 वर्षीय न्यायमूर्ति पंचोली 24 जुलाई, 2023 से पटना उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हैं। उनका जन्म अहमदाबाद में हुआ था और उन्होंने 1991 में गुजरात उच्च न्यायालय में एक वकील के रूप में प्रैक्टिस शुरू की। उन्होंने अहमदाबाद स्थित अपने संस्थान सर एलए शाह लॉ कॉलेज में विजिटिंग फैकल्टी के रूप में भी काम किया।

ममता का केंद्र पर तीखा हमला, कहा-

## जब तक दिल्ली की सत्ता में कोई बदलाव नहीं होगा, संघर्ष जारी रहेगा

एजेंसी। कोलकाता



तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को धर्मतला में आयोजित वार्षिक 'शहीद श्रद्धांजलि सभा' में भारतीय जनता पार्टी पर जमकर हमला बोला। ममता ने केंद्र सरकार पर बंगाल के लोगों के अधिकार छीनने, अपमान करने और लोकतंत्र को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सत्ता में जब तक परिवर्तन नहीं होता, तब तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। ममता बनर्जी ने अपने संबोधन की शुरुआत 1993 के 21 जुलाई की उस घटना से की। उन्होंने कहा कि उस दिन मैंने मौत को करीब से देखा, लेकिन पीछे नहीं हटी। शहीदों की कुर्बानी ने बंगाल में बदलाव की बुनियाद रखी। ममता ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि भाजपा की साजिशें आज भी जारी हैं। चुनाव के पहले एक सर्कुलर जारी कर बंगाल के हजार से अधिक लोगों को मध्यप्रदेश, ओडिशा और राजस्थान की जेलों में बंद कर दिया गया। लोकतंत्र में यह कैसा अन्याय है? ममता ने आगे कहा कि तृणमूल सरकार केंद्र की बर्बरता के बावजूद राज्य की सेवा करती रहेगी। फंड रोकने के बावजूद हमने गरीबों को घर दिए, धार्मिक स्थलों का विकास किया और राज्य की परिवहन व्यवस्था को बेहतर किया।

**कांवड़ यात्रा** | कांवड़ियों के लाठी, त्रिशूल, हॉकी स्टिक और इसी तरह की अन्य चीज़ें ले जाने पर प्रतिबंध

# ये कांवड़िये सरकार के संरक्षित गुंडे हैं : स्वामी प्रसाद मौर्य

- **कांवड़ियों के वेश में कोई तोड़फोड़, हिंसा, मारपीट, लोगों की गाड़ियां तोड़ रहा है या जला रहा है**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य कांवड़ यात्रा में शामिल भक्तों को लेकर विवादिय बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये कांवड़िये नहीं हैं; ये सरकार द्वारा संरक्षित गुंडे, माफिया, अपराधी हैं। उन्होंने दावा किया कि कांवड़ियों की आड़ में ये अपराध और अत्याचार करके पूरे प्रदेश में भय और आतंक का माहौल बना रहे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने मांग की कि सरकार को इस पर रोक लगानी चाहिए, अन्यथा उसे भी जवाबदेह होना पड़ेगा। पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि मेरा मानना है कि कांवड़ियों के वेश में कोई तोड़फोड़, हिंसा, मारपीट, लोगों की गाड़ियां तोड़ रहा है या जला रहा है। मिर्ज़ापुर में सेना के जवान को पीटा गया है। वे गुंडे, माफिया, सरकार द्वारा संरक्षित अपराधी हैं। इसीलिए सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करती और उन पर फूल बरसा देती है। यह तीखी टिप्पणी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्गों पर तोड़फोड़ और मारपीट की घटनाओं के बीच आई है। नामपट्टिकाओं पर विवाद को लेकर सड़क किनारे ढाबों और स्टॉलों को निशाना बनाने की घटनाएँ भी सामने आई हैं। पिछले हफ़्ते, मेरठ में कांवड़ियों ने एक स्कूल बस में तोड़फोड़ की, जब कथित तौर पर एक स्कूल बस उनमें से कुछ को टक्कर मार गई थी। वायरल हुए वीडियो में, गुस्साए तीर्थयात्री बस में चढ़ते और ड्राइवर की पिटाई करते और उसके शीशे तोड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक अन्य घटना में, उत्तर प्रदेश के मिर्ज़ापुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन टिकट को लेकर हुए विवाद में कांवड़ियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान को घूंसा मार दिया।



### कांवड़ियों से नशे में धुत युवकों की झड़प

पिछले काफी सालों से कावड़ यात्रा के दौरान कुछ हिंसाओं की घटनाओं को देखा और सुना गया। ताजा जानकारी बाराबंकी जिले से आ रही है। जहां कुछ नशे में लीन युवकों ने कावड़ ले जा रहे लोगों के साथ विवाद किया। मामला बढ़ गया जिसके बाद दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में स्थित भगौलीतीर्थ प्रसन्न नाथ महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर लोधेश्वर महादेव रामनगर जाते समय कांवड़ियों से कथित तौर पर नशे में धुत कुछ युवकों की झड़प हो गई। पुलिस ने सोमवार को बताया कि मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार सीतापुर जिले से आए कांवड़ियों के एक जत्थे का ग्राम चंदूरा के निकट कुछ युवकों से रविवार रात करीब 11 बजे विवाद हो गया।

## बांग्लादेश एयरफोर्स का विमान ढाका में स्कूल पर गिरा

# 16 छात्र, 2 शिक्षक व पायलट की मौत, 164 घायल, हादसे के वक्त क्लास चल रही थी

**ढाका । एजेंसी**

बांग्लादेश की वायुसेना का ट्रेनर विमान सोमवार को ढाका के स्कूल पर गिर गया। हादसे में 20 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 16 छात्र, 2 शिक्षक और 1 पायलट शामिल हैं। एक अन्य मृतक से जुड़ी जानकारियां अभी नहीं मिली है। हादसे में 164 से ज्यादा लोग घायल हैं। 60 से ज्यादा घायलों को बर्न इंस्टीट्यूट रेफर कर दिया गया है। मामूली रूप से घायल कई लोगों का उत्तरा मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। घायलों को हाथ ठेले पर अस्पताल ले जाने का एक वीडियो भी सामने आया है। कई घायल बच्चों को हेलिकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया। सरकार ने एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। हादसे के समय स्कूल में क्लासेस चल रही थीं और सैकड़ों छात्र वहां मौजूद थे। बांग्लादेशी सेना ने वायुसेना का एफ-7 बीजीआईविमान के क्रैश होने की पुष्टि की है। यह विमान चीन में बना था।

**अस्पतालों के बाहर ब्लड डोनेट रने पहुंच रहे लोग :** हादसे के बाद कई लोग अस्पताल के बाहर ब्लड डोनेट करने के लिए पहुंचे हैं। इन्हीं लोगों में शामिल एक महिला ने कहा।



1. बांग्लादेश एयरफोर्स का एफ-7 बीजीआई विमान सोमवार दोपहर करीब 1 बजे स्कूल के ऊपर गिरा।



2. स्कूल के बाहर हालात जानने के लिए बेचैन स्कूली छात्रों के परिजन और लोग।

### यूनुस ने हादसे पर दुख जताया

अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा। इस विमान हादसे में वायुसेना



के सदस्य, माइलस्टोन स्कूल एंड कॉलेज के छात्र, अभिभावक, शिक्षक और कर्मचारी सहित जिन लोगों को नुकसान हुआ है, वह अपूरणीय है। यह देश के लिए एक बेहद दुखद क्षण है। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। यूनुस ने स्थिति को संभालने के लिए अस्पतालों और अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों की हर संभव मदद करने और हादसे की जांच कराने की बात भी कही। दूसरी तरफ फायर सर्विस ने बताया है कि यह घटना दोपहर 1:18 बजे हुई और उनके यूनिट 1:22 बजे मौके पर पहुंच गए।

### चीन में बना है बांग्लादेश एयरफोर्स का एफ-7 बीजीआई फाइटर जेट

एफ-बीजीआई बांग्लादेश एयरफोर्स का मल्टीरोल फाइटर जेट है। यह चीन के चेंगदू जी-7 फाइटर का एडवांस वर्जन है, जिसे सोवियत यूनियन के मीग-21 की तर्ज पर बनाया गया था। बीएएफ ने 2011 से 2013 के बीच यह फाइटर खरीदा था। इसे थंडरकैट स्क्वाड्रन में शामिल किया गया था। एफ-7 7 बीजीआई एक बार में 600 से 650 किलोमीटर की कॉम्बैट रेंज तय कर सकता है, जबकि फेरी रेंज 2,230 किमी तक है। यह अधिकतम 17,800 मीटर की ऊंचाई तक उड़ सकता है और 155 मीटर/सेकंड की रफ्तार से ऊपर उठ सकता है। इस फाइटर जेट में 2 तोपों के साथ 7 हथियार लगाने वाले पॉइंट हैं। इन पर 3 हजार किलोग्राम तक की मिसाइलें और बम लगाए जा सकते हैं। यह पीएल-5 और पीएल-9 मिसाइल, लेजर गाइडेड बम और सी-704 एंटी-शिप मिसाइल से लैस हो सकता है।

# आंखें दिल का राज तो खोलती ही हैं अब दिल की बीमारी भी बताएंगी

**ब्यूरो**



- 10 साल पहले ही हार्ट अटैक-स्ट्रोक के खतरे का पता चल जाएगा
- एआई से डिजिटल रेटिना फोटोग्राफ्स के विश्लेषण से हृदय रोग का पता चल सकेगा

**नई दिल्ली।** इन दिनों हालत यह है कि लगभग हर तीसरे घर में हृदय रोगी मिल जाएगा। इसके कारण ही हृदय से जुड़ी बीमारियां 'ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी' बनती जा रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ सावधान कर रहे हैं कि यदि अब भी हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं, तो बीमारी और जानलेवा होती जाएगी। विशेषकर खान-पान में लापरवाही, कसरत नहीं करने , देह को कष्ट नहीं देने की बढ़ती आलसी प्रवृत्ति के कारण इस बीमारी के बढ़ने की संभावना बन रही है। और अब तो यह भी कहा जा रहा है कि यदि आपके परिवार में पहले से किसी को दिल की बीमारी रही है, तो आपको भी हृदय रोग होने की संभावना बढ़ सकती है। क्योंकि इसके डाक्टर कहने लगे हैं कि आनुवांशिक कारक हृदय रोगों के जोखिमों को कई गुना बढ़ा देते हैं। तो ऐसे में किस आसान जांच से पता चल सकता है कि आपको कितने साल बाद हार्ट अटैक का खतरा हो सकता है? इस पर हो रहे शोध में सामने आया है कि आंखों की जांच की जांच से पता चल जाएगा कि आपको कितने साल बाद हार्ट अटैक हो सकता है। जर्नल कार्डियोवैस्कुलर डायबिटोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि एक सामान्य नेत्र परीक्षण अगले दस वर्षों में किसी व्यक्ति को दिल का दौरा या स्ट्रोक होने के जोखिम का अनुमान लगा सकता है। इसके लिए शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग किया है जो डिजिटल रेटिना फोटोग्राफ्स लेती है और इसके विश्लेषण से हृदय की जानलेवा समस्या के बारे में पहले से जाना जा सकेगा।यह तकनीक रोगी के लिए एक सेकंड से भी कम समय में व्यक्तिगत जोखिम स्कोर तैयार करने में सक्षम थी। स्कॉटलैंड के डांडी यूनिवर्सिटी के हृदय रोग विशेषज्ञों ने टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित लोगों की आंखों के स्कैन पर इस एआई सॉफ्टवेयर का परीक्षण किया है। विश्वविद्यालय में शोध के प्रमुख व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. इफी मोर्डी कहते हैं, यह आश्चर्यजनक पर सत्य है कि आंखें हमारे हृदय की खिड़की होती हैं। इस टेस्ट का आसान फॉर्मूला ये है कि यदि आंख के पीछे की रक्त वाहिकाओं में कोई क्षति है या वे सिकुड़ रही हैं, तो इस बात की पूरी संभावना है कि आने वाले वर्षों में इसका हृदय को रक्त पहुंचाने वाली वाहिकाओं पर भी असर देखा जा सकता है, जिसे दिल का दौरा या स्ट्रोक का कारण माना जाता है। अध्ययनकर्ताओं ने बताया, इमेज के आकलन के आधार पर ये जानने में मदद मिल सकती है कि किसी व्यक्ति में रक्त वाहिकाओं के सिकुड़ने या रुकावट का खतरा कितना अधिक है? शोध के दौरान इस तरह की 4,200 तस्वीरों का उपयोग करके जांच की गई। एआई उपकरण 70 % सटीकता के साथ यह अनुमान लगाने में सक्षम था कि एक दशक के भीतर किन लोगों को 'गंभीर हृदय संबंधी घटनाएं', जैसे दिल का दौरा या स्ट्रोक, हो सकती हैं। डॉ. मोर्डी ने आगे कहा 'यह एक वन-स्टॉप स्कैन है जो नियमित रूप से किया जाता है और इसमें एक मिनट से भी कम समय लगता है।यह रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल की जांच के साथ-साथ हृदय संबंधित जोखिमों के आकलन में भी मददगार हो सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा, हृदय संबंधी जोखिमों का आकलन करने के लिए आंखों की रक्त वाहिकाओं का विश्लेषण ज्यादातर लोगों के लिए कारगर होना चाहिए, न कि सिर्फ डायबिटीज रोगियों के लिए। डायबिटीज वालों में समय के साथ आंखों की समस्याएं होने लगती हैं, डायबिटिक रेटिनोपैथी में आंखों की रक्त वाहिकाएं प्रभावित हो जाती हैं, इसलिए अध्ययन में सिर्फ डायबिटीज रोगियों को शामिल किया गया। इस तकनीक के बारे में ब्रिटिश हार्ट फाउंडेशन के मुख्य वैज्ञानिक प्रोफेसर ब्रायन विलियम्स का कहना है- जितनी ज्यादा सटीकता से हम किसी व्यक्ति में दिल का दौरा या स्ट्रोक के जोखिम का पता लगा पाएंगे, इन घटनाओं को रोकने के उतने ही बेहतर अवसर होंगे। इस तरह की प्रगति से हार्ट अटैक के जोखिम वाले लोगों की जान बचाने में मदद मिल सकती है।लेकिन इस पूर्वानुमान की सटीकता को पुख्ता करने के लिए हमें और अधिक शोध की ज़रूरत है।

## सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धारमैया की पत्नी को समन भेजने पर कहा-

# राजनीतिक लड़ाई चुनाव तक ठीक, इसके लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल क्यों

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई व जस्टिस के.विनोद चंद्रन की बेंच सोमवार 21 जुलाई को मैसूर अर्बन डेवलपमेंट बोर्ड केस में ईडी की अपील की सुनवाई कर रही थी। उस दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमारा मुंह मत खुलवाइए। नहीं तो हम ईडी के बारे में कठोर टिप्पणियां करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को फटकार लगाते हुए कहा कि राजनीतिक लड़ाइयां चुनाव में लड़ी जानी चाहिए, जांच एजेंसियों के जरिए नहीं।ईडी का इस तरह इस्तेमाल क्यों हो रहा है?

भारत के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमारा मुंह मत खुलवाइए। नहीं तो हम ईडी के बारे में कठोर टिप्पणियां करने के लिए मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा- 'मेरे पास महाराष्ट्र का कुछ अनुभव है। आप देशभर में इस हिंसा को मत फैलाइए। मालूम हो कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी बीएम पार्वती को मुडा केस में समन भेजा था। कर्नाटक हाईकोर्ट ने मार्च में यह समन रद्द कर दिया था। ईडी ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने आखिर में ईडी की अपील खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने बीते एक वर्ष में ईडी को और 5 बार फटकार लगाई है, लेकिन ईडी है जो तथाकथित ऊपरी दबाव पर वही काम बार-बार कर रही है।

### ईडी का इस तरह इस्तेमाल क्यों हो रहा है?



- **21 जुलाई :** कानूनी सलाह देने वाले सीनियर वकीलों को ईडी के नोटिस पर कोर्ट ने खुद संज्ञान लिया टिप्पणी- इस बात से हैरान है कि ईडी ने वरिष्ठ वकीलों अरविंद दातार व प्रताप वेणुगोपाल को समन भेजा, जबकि उन्होंने सिर्फ कानूनी सलाह दी थी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की बेंच ने पूछा -वकीलों व उनके क्लाइंट के बीच की बातचीत गोपनीय होती है। ऐसे में वकीलों को समन कैसे भेजा जा सकता है?
- **22 मई :** तमिलनाडु शराब दुकान लाइसेंस मामले में तमिलनाडु स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन की याचिका पर टिप्पणी- प्रवर्तन निदेशालय ने सारी हदें पार कर दी हैं। जब राज्य सरकार की जांच एजेंसी इस मामले में कार्रवाई कर रही है तो ईडी को हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है।
- **5 मई :** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में अरविंद सिंह की जमानत याचिका पर सुनवाई टिप्पणी- एजेंसी बिना किसी ठोस सबूत के सिर्फ आरोप लगा रही है। हमने ईडी की कई शिकायतें देखी हैं। यह एक पैटर्न बन गया है, केवल आरोप लगाइए, लेकिन किसी भी साक्ष्य का हवाला मत दीजिए।
- **12 फरवरी :** छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में आरोपी अरुण पति त्रिपाठी की याचिका पर
- **टिप्पणी :** ईडी की शिकायत पर संज्ञान लेने का आदेश हाईकोर्ट से रद्द हो चुका है, तो आरोपी को जेल में क्यों रहना चाहिए? पीएमएलए की थ्योरी यह नहीं हो सकती कि व्यक्ति जेल में रहेगा ही। संज्ञान रद्द होने के बाद भी व्यक्ति जेल में है, इसे क्या कहा जाना चाहिए। हमने यह भी देखा कि आपने हमें खुद से यह सूचना भी नहीं दी।
- **4 अगस्त, 2024-** सरला गुप्ता बनाम ईडी के मामले पर टिप्पणी- एजेंसी आरोपी को जांच के दौरान जब्त किए दस्तावेजों नहीं दे रही है। क्या ऐसा होना आरोपी के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन नहीं है। ऐसे बहुत ही गंभीर मामले हैं, जिनमें जमानत दी जाती है, लेकिन आजकल मजिस्ट्रेट के केसों में लोगों को जमानत नहीं मिल रही। MUDA केस क्या है।

*साल 1992 में अर्बन डेवलपमेंट संस्थान मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (मुडा) ने रिहायशी इलाके विकसित करने के लिए किसानों से जमीन ली थी। इसके बदले मुंडा की इंसेंटिव 50:50 स्कीम के तहत जमीन मालिकों को विकसित भूमि में 50% साइट या एक वैकल्पिक साइट दी गई।*

### न हम न्यूज देखते हैं , न ही यूट्यूब इंटरव्यू' : सीजेआई

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई व जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ईडी द्वारा वरिष्ठ वकील अरविंद दातार व प्रताप वेणुगोपाल को उनके संबंधित मुवक्किल को कानूनी सलाह देने के लिए तलब करने के एक स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी।जिस पर केन्द्र सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 'सुप्रीम कोर्ट को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी के विरुद्ध "नैरेटिव्स" (न्यूज व यूट्यूब इंटरव्यू)से प्रभावित नहीं होना चाहिए' । मोदी सरकार के इस बड़े वकील की इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई ने सोमवार को कहा कि हम न ही न्यूज देखते हैं और न ही यूट्यूब इंटरव्यू। उसके बाद केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि इस मुद्दे को उच्चतम स्तर पर उठाया गया है और जांच एजेंसी ने वकीलों को कानूनी सलाह देने के लिए नोटिस जारी न करने का अनुरोध किया है।

### ट्रंप ने ओबामा की गिरफ्तारी का एआई वीडियो शेयर किया

**वॉशिंगटन डीसी ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की गिरफ्तारी का एआई से बना वीडियो पोस्ट किया है। इस वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि बराक ओबामा को एफबीआई एजेंट व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में गिरफ्तार कर रहे हैं।

# आईजीआई एयरपोर्ट पर अब होगी नृत्य, संगीत और शिल्प कार्यशाला

**यात्री जहाज के इंतजार करते बोर होने पर सकेंगे कथक, भरतनाट्यम, सितार वादन का मजा**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** इन दिनों किसी न किसी कारण से तमाम फ्लाइट लेट होने लगीं हैं।इसके अलावा फ़्लाइट के बढ़ते दुर्घटना से भी हवाई यात्रा करने वाले अब कुछ ज्यादा ही चिंतित रहने लगे हैं। ऐसे में दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड ने यात्रियों के चिंता हरण के लिए , चिंता से ध्यान हटाने , मन बहलाने के लिए सोमवार 21 जुलाई से वाइब्स नामक नाच, गाना आदि की एक नई पहल शुरू की है। जिसके के तहत इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर यात्री अब भारतीय शास्त्रीय नृत्य, संगीत व शिल्प कार्यशालाओं का लाइव एक्सपीरिएंस ले सकेंगे। यह कार्यक्रम सभी टर्मिनलों पर शुरू किया गया है और इसका उद्देश्य घरेलू व अंतरराष्ट्रीय, दोनों तरह के यात्रियों को उनकी यात्रा के दौरान एक सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करना है।इसके तहत कथक और भरतनाट्यम सहित भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों के लाइव प्रदर्शन के साथ-साथ शहनाई, संतूर, सितार व सारंगी जैसे वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन भी शामिल है।



लेकिन इसको लेकर यह भी संभावना जताई जाने लगी है कि यह नाच -गाना आदि देखने के चक्कर में कई यात्रियों के फ़्लाइट भी छूटेंगे। उसके बाद यात्री अपना माथा पीटेंगे। अभी तो कई बार इस नंबर के बजाय उस नंबर पर जाकर फ़्लाइट पकड़ने के घोषणा को ही ठीक से नहीं समझ पाने , और दूसरे काउंटर तक पहुँचने में ही कई बुजुर्गों व कमजोर लोगों के फ्लाईट छूट जाते हैं। फिलहाल यह कहा जा रहा है कि दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के अनुसार, यात्री हस्तशिल्प व कलाकारों द्वारा संचालित प्रदर्शनों में भी भाग ले सकते हैं। ये प्रदर्शन प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे के बीच आयोजित किए जाते हैं और इनमें 10-15 मिनट का शास्त्रीय नृत्य, 20-25 मिनट का लाइव संगीत व 15 मिनट का क्यूरेटेड शिल्प अनुभव शामिल होता है। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड ने बताया कि इन सत्रों के बीच-बीच में कुछ एक्स्ट्रा सेगमेंट भी होते हैं जिनका संचालन एम्सी द्वारा किया जाता है ताकि यात्रियों से संवाद स्थापित किया जा सके और उन्हें कार्यक्रम के माध्यम से मार्गदर्शन दिया जा सके।

डायल के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य यात्रा से जुड़े तनाव और चिंता को कम करना है, विशेषकर पहली बार यात्रा करने वालों के लिए, एक शांत व आकर्षक माहौल प्रदान करके। एयरपोर्ट ने इसे यात्रा के समय को सांस्कृतिक विसर्जन के अवसर में बदलने का एक प्रयास बताया। दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड के सीईओ विदेह कुमार जयपुरिया ने कहा, "यह हर यात्री को एयरपोर्ट से निकलने से पहले ही भारत की सांस्कृतिक समृद्धि की एक झलक देने का हमारा तरीका है।" उन्होंने आगे कहा, "यह न केवल भारत के सबसे व्यस्त परिवहन केंद्र का प्रबंधन व संचालन करने बल्कि यात्रियों के लिए यादगार अनुभव बनाने के हमारे दृष्टिकोण को भी दर्शाता है।" इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने एक बयान में कहा, "एयरपोर्ट देश की समृद्ध विरासत को दर्शाने वाली बड़े पैमाने की स्थापनाओं का निर्माण करके भारतीय कला व संस्कृति को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है—जैसे टर्मिनल 3 पर बारह मुद्रा मूर्तियां, 12 फुट ऊंची सूर्य नमस्कार प्रतिमा, साथ ही प्रमुख समकालीन कलाकारों द्वारा भित्ति चित्र और पेंटिंग और भारत भर के प्रसिद्ध चित्रकारों और मूर्तिकारों की कृतियों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनियां। हवाई अड्डा यह सुनिश्चित करता है कि देश में प्रवेश करने से पहले अंतर्राष्ट्रीय यात्री भारतीय संस्कृति की एक दृश्य यात्रा का अनुभव करें।









### सोनू सूद ने पकड़ा सांप, बोले-

## मुझे आता है, आप ये गलती न करें, एक्सपर्ट को बुलाएं

बॉलीवुड के 'मसीहा' कहे जाने वाले अभिनेता सोनू सूद ने हाल ही में मुंबई स्थित अपनी आवासीय सोसाइटी में मिले एक सांप को बडी शांति और निडरता से बचाया। उन्होंने अद्भुत धैर्य का परिचय देते हुए अपने नंगे हाथों से उस विषहीन रैट स्नेक (धामन सांप) को पकड लिया। हालांकि, इस मौके का इस्तेमाल उन्होंने एक बेहद महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए किया, ऐसी परिस्थितियों में हमेशा प्रशिक्षित पेशेवरों को बुलाएं। शनिवार को, अभिनेता ने सोशल मीडिया पर इस पूरी घटना का एक वीडियो साझा किया। क्लिप में उन्हें सांप को पकडे हुए देखा जा सकता है, और वे कहते सुनाई दे रहे हैं, 'ये हमारी सोसाइटी के अंदर आ गया। ये रैट स्नेक है, जहरीला नहीं, लेकिन हमें बहुत सावधान रहना होगा। कभी-कभी हमारी सोसाइटी में आते हैं, तो प्रोफेशनल्स को जरूर बुलाओ। हमें तो आता है पकडना, इसीलिए पकड लिया, लेकिन सावधान रहना। बहुत-बहुत जरूरी है सावधान रहना। हमेशा प्रोफेशनल्स को बुलाओ।



# जनहित के मुद्दों को उठाना सरकार से नाराजगी नहीं : केशव कमलेश

## दिल्ली में कांग्रेस ओबीसी विभाग कर रहा है न्याय सम्मेलन का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सोमवार को कहा कि 25 जुलाई को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस ओबीसी विभाग की ओर से भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में झारखंड से भी सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। कमलेश सोमवार को पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

कमलेश ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से संगठन और मंत्रियों के बारे में भ्रामक समाचार प्रचारित प्रसारित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों को उठाना सरकार से नाराजगी नहीं, बल्कि जनता की आवाज है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश ने कहा कि विगत दिनों ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के पुत्र कृष अंसारी, विधायक राजेश कच्छप को लेकर विधायिका और कार्यपालिका के बीच भ्रांतियां फैलाने की कोशिश की गई हैं। उन्होंने एचईसी की जमीन के मामले में कहा कि इस मामले में सरकार कार्रवाई करेगी।

मौके पर उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 83 वें जन्मदिवस पर प्रदेश कांग्रेस की ओर से बधाई दी। मौके पर कांग्रेस कमेटी के सचिव सह झारखंड प्रभारी डॉ सीरीबेला प्रसाद, विधायक राजेश कच्छप, हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक एवं अन्य मौजूद थे।



### महागठबंधन की सरकार पूरी तरह से एकजुट

केशव महतो कमलेश ने कहा कि महागठबंधन की सरकार पूरी तरह से एकजुट है और एक मजबूत गठबंधन के साथ हम सरकार चला रहे हैं। गठबंधन का नेतृत्व युवा मुख्यमंत्री कर रहे हैं। कैबिनेट पूरी तरह जनहित की कार्य योजनाओं को धरातल पर उतारने में लगी है। इसका लाभ आम लोगों को मिल रहा है।

## अभिनंदन



नई दिल्ली में सोमवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शिष्टाचार भेंट की।

### बोकारो स्टील प्लांट के मसलों को ले मुख्य सचिव की सेल के चेयरमैन के साथ हुई बैठक

# स्थानीय लोगों की भावनाओं का ख्याल रखे सेल बोकारो : अलका

- बोकारो स्टील प्लांट प्रशिक्षित हुए लोगों को योग्यतानुसार रोजगार का अवसर मुहैया कराए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को कहा कि बोकारो स्टील प्लांट विभिन्न मसलों का समाधान समन्वय बनाकर करे। इसके लिए लगातार पारदर्शी संवाद कायम करे। इस प्रक्रिया में स्थानीय लोगों की भावनाओं का भी ख्याल रखे। वे सोमवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के चेयरमैन और उनकी टीम, संबंधित विभागों के सचिव और बोकारो जिला प्रशासन के साथ बोकारो स्टील सिटी के विविध मसलों को लेकर आयोजित बैठक में बोल रही थीं। मुख्य सचिव ने कहा कि स्टील पॉलिसी के तहत सेल की विभिन्न इकाइयों में कई विकासात्मक कार्य हो रहे हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि बोकारो के लोग यह नहीं महसूस करें कि वे इसमें पीछे छूट रहे हैं। इसके लिए जरूरी है कि हम स्थानीय निवासियों की फीलिंग को समझें। उनके मनोविज्ञान को पढ़ें और मानवीय आधार पर सकारात्मक ढंग से आगे बढ़ें। मुख्य सचिव अलका तिवारी कहा कि सेल जिन युवाओं को विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित करता है, उन्हें रोजगार के अवसर मुहैया कराने पर भी फोकस करे। साथ ही, स्थानीय समस्याओं का समाधान लोकल स्तर पर समन्वय बनाकर करे। बैठक के दौरान विस्थापितों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस मसले का हल समन्वित प्रयास से करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए जवाबदेही के साथ आपसी विश्वास और सौहार्द विकसित करने पर बल दिया गया। मुख्य सचिव ने इसके लिए सक्षम समन्वित योजना और समयबद्ध समाधान की दिशा में आगे बढ़ने का निर्देश दिया। पुनर्वास से वंचित 20 गांवों के पुनर्गठन पर भी चर्चा हुई। इस मामले में बोकारो के उपायुक्त अजय नाथ झा का कहना था कि जिला पंचायती राज विभाग ने चास ब्लॉक के 9 पंचायतों के पुनर्गठन का प्रस्ताव दिया है, ताकि वहां के निवासियों के कुछ मूलभूत अधिकार कायम हो सके, लेकिन सेल इसके लिए तैयार नहीं हो रहा है। सेल के चेयरमैन अमरेंद्र प्रकाश ने कहा कि हमारी मंशा किसी को उजाड़ने की नहीं है। बोकारो स्टील सिटी का भविष्य में जिस अधिग्रहित जमीन पर विस्तार की कोई गुंजाइश नहीं है, उस जमीन पर प्रशासन सरकारी मकान बनाकर लोगों को बसाए। मुख्य सचिव ने बोकारो के उपायुक्त को इस पर आगे बढ़ने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान बोकारो स्टील सिटी द्वारा अप्रयुक्त 756.94 एकड़ वन भूमि को वन विभाग को लौटाने को लेकर भी चर्चा हुई। सेल उक्त भूमि को लौटाने की सहमति दे चुका है, लेकिन अभी तक इसका क्रियान्वयन नहीं हुआ है। मुख्य सचिव ने निर्देश दिया कि सेल और वन विभाग पहले एक समन्वित टीम बनाकर उक्त जमीन का नक्शा बनाएं, जिससे यह स्पष्ट हो जाए कि लौटाने वाली जमीन की सीमा क्या है। वन सचिव अबू बक्कर सिद्दीख ने प्रस्ताव दिया कि सीमांकन के बाद वन विभाग उसकी पिलरिंग कराने के लिए तैयार है, बशर्ते सेल उसके खर्च का भुगतान करे। सेल चेयरमैन ने पैसा देने की सहमति दी। वहीं, अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर में सामने आ रही समस्या का समाधान राजस्व सचिव के साथ समन्वय से करने का निर्देश दिया गया। मुख्य सचिव ने गरगा डैम की मरम्मत और वहां की खाली जमीन पर पर्यटन विकास का भी निर्देश दिया।



### बोकारो स्टील सिटी को टॉप टेन में लाएं

सेल देश के 13 शहरों में है। उसमें से तीन शहर टॉप टेन में हैं। मुख्य सचिव ने व्यवस्थित ढंग से बसे बोकारो स्टील सिटी को भी टॉप टेन में लाने का प्रयास करने को कहा। बोकारो उपायुक्त ने बैठक में इसे टॉप वन सिटी बनाने का खाका प्रस्तुत किया। सेल के चेयरमैन ने इसमें पूरा सहयोग देने की बात कही। उन्होंने कहा कि बोकारो में अतिक्रमण बड़ा मसला है। 1932 एकड़ जमीन पर अतिक्रमण है। इसी कारण समस्या है। उन्होंने कहा कि बोकारो को व्यवस्थित करने के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। 20 हजार करोड़ रुपए से प्रस्तावित बोकारो स्टील सिटी के विस्तारीकरण के साथ आर्थिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी।

# भाजपा को महिलाओं के मुद्दों पर राजनीति करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं : विनोद

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में महिला सुरक्षा के मुद्दे पर घड़ियाली आंसू बहा रही है, जबकि यही पार्टी उन राज्यों में मौन साध लेती है जहां उसकी खुद की सरकारें हैं और उन राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के आंकड़े कहीं ज्यादा हैं। पांडेय ने कहा कि भाजपा को यह याद रखना चाहिए कि झारखंड में डायन प्रथा जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ सबसे पहले झामुमो ने ही आवाज़ उठाई और कड़े कानून बनवाए। इन मामलों में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है और सरकार हर पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि हाथरस, उन्नाव और मणिपुर जैसी घटनाओं पर भाजपा ने चुप्पी क्यों साध रखी थी? क्या यह दोहरे मापदंड नहीं हैं? उन्होंने कहा कि भाजपा को पहले अपने शासित राज्यों में महिलाओं की स्थिति सुधारनी चाहिए, जहां कानून-व्यवस्था की हालत झारखंड से भी बदतर है। विनोद पांडेय ने स्पष्ट किया कि हेमंत सरकार महिला सुरक्षा के लिए कई ठोस कदम उठा रही है। "राज्य में महिला पुलिस बल की संख्या बढ़ाई गई है, महिला हेल्पलाइन को मजबूत किया गया है और फास्ट ट्रैक कोर्ट में लंबित मामलों का निपटारा तेजी से हो रहा है।

# छोटे मर्ज पर रिम्स रेफर बंद करें, मरीज को बेहतर इलाज देना पहली जिम्मेदारी है : डॉ इरफान अंसारी

- एम्बुलेंस की लापरवाही से मौत हुई तो सिविल सर्जन होंगे जिम्मेदार
- 15 अगस्त से सदर अस्पतालों में फ्री वाई-फाई, बड़े शहरों के डॉक्टरों की ओपीडी भी होगी शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. इरफान अंसारी सोमवार को नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में राज्य के सभी जिलों के सिविल सर्जनों के साथ विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की। बैठक की शुरुआत में मंत्री ने साफ शब्दों में निर्देश दिया कि "सदर अस्पतालों की व्यवस्था तुरंत सुधारी जाए। मामूली बीमारियों के लिए मरीजों को रिम्स रेफर करने की आदत को बंद किया जाए। डॉक्टर, दवा और एम्बुलेंस की कमी का बहाना अब नहीं चलेगा। मरीज को बेहतर इलाज मिले – यही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, जेएमएचआईडीपीसीएल के प्रबंध निदेशक अबु इमरान, जसास की कार्यकारी निदेशक नेहा अरोड़ा, एनएचएम के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, निदेशक प्रमुख सिद्धार्थ सान्याल, स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सचिव विद्यानंद शर्मा पंकज, समेत सभी जिलों के सिविल सर्जन एवं अधिकारी मौजूद रहे।

**बैठक में तय हुआ कि प्राइवेट डॉक्टरों की सेवाएं लें :** आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी सदर एवं अनुमंडलीय अस्पतालों में प्राइवेट डॉक्टरों की नियुक्ति करें। उन्हें प्रोत्साहन राशि समय पर दें एवं उनकी ओपीडी सेवा शनिवार-रविवार को भी चालू रखें।

**बड़े शहरों से विशेषज्ञ बुलाएं :** रांची, पटना, कोलकाता व दिल्ली जैसे स्थानों से योग्य डॉक्टरों को बुलाकर विशेष शिविर आयोजित करें। प्रचार-प्रसार और एडवांस नंबरिंग प्रणाली सुनिश्चित करें।

**एम्बुलेंस प्रबंधन सख्त :** मंत्री ने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि यदि एम्बुलेंस की लापरवाही या रेफरल देरी से किसी मरीज की मृत्यु होती है, तो सिविल सर्जन जिम्मेदार होंगे।

**मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत :** 15 सितम्बर तक अनुमंडलीय अस्पताल, 15 अक्टूबर तक सीएचसी, 15 अक्टूबर तक सदर अस्पताल व 15 नवम्बर तक पीएचसी को हाई स्पीड इंटरनेट लीज लाइन व निःशुल्क वाई-फाई सुविधा से जोड़ने का निर्देश।

**आधुनिक मॉडल अपनाने पर बल :** बैठक के उपरांत सभी सिविल सर्जनों को रांची सदर अस्पताल का भ्रमण कराया गया। मंत्री ने निर्देश दिया कि "रांची मॉडल को पूरे राज्य में लागू करें। मानव संसाधन, वित्तीय व तकनीकी सहयोग देने में सरकार तत्पर है।

# ओबीसी विरोधी पार्टी ओबीसी हित में धरने का नाटक कर रही है : प्रतुल

- कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की प्रेस वार्ता पर भाजपा ने किया पलटवार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को देश की सबसे बड़ी ओबीसी विरोधी पार्टी करार दिया। प्रतुल ने कहा कि 25 जुलाई के ओबीसी प्रदर्शन में भागीदारी की घोषणा सिर्फ नाटक है। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि ओबीसी को 27% आरक्षण देने वाले मंडल कमेटी की सिफारिशों को कांग्रेस की स्वर्गीय इंदिरा गांधी एवं स्वर्गीय राजीव गांधी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकारों ने 1980 से 1989 के बीच में कई वर्षों तक दबा कर रखा था। हद तो तब हो गई थी जब अगस्त 1990 में मंडल कमीशन रिपोर्ट को सदन में पेश किया गया, तब तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष राजीव गांधी ने इसका प्वॉइंट दर प्वॉइंट विरोध करते हुए इसे देश को तोड़ने वाला बताया था। प्रतुल ने कहा कि झारखंड में तो कांग्रेस ने पंचायत स्तर पर ओबीसी समुदाय को नेतृत्व विहीन कर दिया, क्योंकि उनके गठबंधन सरकार ने बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव करवा लिया। इन्होंने तो बिना ओबीसी आरक्षण के नगर निकाय चुनाव की भी अधिसूचना जारी कर दी थी। बाद में सर्वोच्च न्यायालय की फटकार के बाद मामला रुका। ट्रिपल टेस्ट और पिछड़ों को आरक्षण का मामला भी इस सरकार ने न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बावजूद लंबे समय से लटका कर रखा है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि गठबंधन सरकार की एकजुटता का दावा लगातार तथ्यों से टकराता है। एक तरफ कांग्रेस नेता कहते हैं कि कोई नाराज नहीं है, वहीं आए दिन विधायकों के अलग-अलग बयान, मंत्री और विधायकों की अनुपस्थिति और अंसारी परिवार से जुड़ी घटनाएं अलग ही तस्वीर पेश करती हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बंधु तिर्की नगड़ी में रिम्स-2 का विरोध करते हैं, तो दूसरी ओर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी 'रिम्स-2 वहीं बनेगा' का नारा लगाते हैं। दीपिका पांडे सिंह अपनी ही सरकार के खिलाफ धरने पर बैठी थीं।

### लातेहार जिला में हाथियों के हमलों से प्रभावित लोगों को मुआवजा मिले : शाहदेव



**रांची।** प्रतुल शाहदेव ने कहा कि पिछले कुछ समय से लगातार लातेहार जिला में हाथियों का आतंक जारी है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में बसने वाले आदिवासी इससे विशेष रूप से प्रभावित हुए हैं। प्रतुल ने कहा कि कई बार शिकायतें मिलती है कि वन विभाग नियम अनुकूल मुआवजा और अनाज नहीं दे रहा है। प्रतुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उपयुक्त लातेहार का ध्यान बीती रात चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत के महुआमिलान ग्राम के टोला लोहसिंघना में बीती रात हाथियों ने जबरदस्त उत्पात मचाए जाने पर ध्यान आकृष्ट किया। प्रतुल ने कहा कि ग्रामीणों ने बताया कि 20- 22 हाथियों का झुंड ने गांव में घुसकर कई घरों को तबाह कर दिया और अनाज खा गया। आदिवासियों के अनेक घर बुरे तरीके से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांव का स्कूल भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ है। प्रतुल ने कहा कि अभी भी हाथी बगल के ही जंगल में डेरा डाले हुए हैं जिससे अगल-बगल के तीन-चार गांवों में भय का माहौल है।

# बेटियों के खिलाफ अपराध पर सरकार मौन : राफिया

- भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता ने पूछा, क्या यही है राज्य सरकार के नारी सम्मान का असली चेहरा?

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने सोमवार को कहा कि झारखंड में हाल के दिनों में महिलाओं और नाबालिग बच्चियों पर अत्याचार की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं, जो प्रदेश की कानून-व्यवस्था और प्रशासनिक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार महिला सशक्तिकरण की बात करती है, वहीं दूसरी ओर राज्य की बहन-बेटियां भय, हिंसा और शोषण के माहौल में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की जमीन इस वक्त चीख रही है और महिलाओं व बेटियों के खून और आंसुओं से भीग चुकी है, पर सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने सरकार की कार्यशैली को जनविरोधी, असंवेदनशील और महिला विरोधी करार देते हुए तीखी आलोचना की।

राफिया नाज ने कहा कि हजारीबाग के बरही गांव में डायन प्रथा के नाम पर एक महिला को निर्वस्त्र कर, बर्बरतापूर्वक पीटा गया, शरीर को ब्लेड से काटा गया, उसके बाल काटे गए और उसे भीड़ के सामने अपमानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह घटना इस बात का प्रमाण है कि झारखंड सरकार न तो डायन प्रथा उन्मूलन कानून को लागू करने में सक्षम है, और न ही समाज में अंधविश्वास के खिलाफ कोई जागरूकता फैलाई जा रही है। उन्होंने जोर देकर कहा, कानून होने के बावजूद अगर ऐसी अमानवीय घटनाएं हो रही हैं, तो यह सरकार की गंभीर प्रशासनिक असफलता है।

कोलेबिरा की दूसरी घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए राफिया नाज ने कहा कि एक 13 वर्षीय नाबालिग बच्ची को अगवा कर दुष्कर्म किया गया और उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे धमकाया गया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक नाबालिग की मानसिक और शारीरिक हत्या के बराबर है। उन्होंने कहा कि राज्य में डिजिटल अपराधों और महिला सुरक्षा के प्रति सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। उन्होंने कहा, इस घिनौने अपराध पर सरकार की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण है, साथ ही आयोग की निष्क्रियता पीड़ितों के साथ अन्याय है।

रांची की तीसरी घटना का जिक्र करते हुए राफिया नाज ने कहा कि चुटिया थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग को उसके ही घर से जबरन उठाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी पहले भी इसी प्रकार की घटना को अंजाम दे चुका है, इसके बावजूद पुलिस की निष्क्रियता यह दर्शाती है कि अपराधियों में कानून का कोई भय नहीं बचा है।

भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता ने सवाल उठाया, आखिर यह कैसी सरकार है, जहां एक ही अपराधी बार-बार बच्चियों को निशाना बना रहा है और वही सरकार मूक दर्शक बन मौन बैठी है।

### राज्य महिला आयोग का गठन जल्द हो



राफिया नाज ने सरकार से मांग की कि महिला अपराधों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था की जाए। साथ ही, राज्य महिला आयोग का गठन जल्द किया जाए। डायन प्रथा उन्मूलन कानून को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा इन मुद्दों को लेकर चुप नहीं बैठेगी और हर पीड़िता को न्याय दिलाने तक पीछे नहीं हटेगी।

### नागपुरीव अन्य भाषाओं को 8 वीं अनुसूची में मिले जगह : नायक



**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि संसद के मॉनसून सत्र में झारखंड के सभी सांसदों से सरना धर्म कोड को मान्यता दिलाने की मांग की है। वहीं नागपुरी, मुंडारी, हो और कुरुख भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग को प्राथमिकता के साथ उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नहीं करने पर आदिवासी मूलवासी समाज उनका क्षेत्र में बहिष्कार करने का कार्य करेगा।

## न्यूज बॉक्स

### नगर निकाय चुनाव में मजबूती से उतरेगी आजसू : रामचंद्र सहिस



**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि कहा कि आगामी नगर निकाय चुनाव में आजसू पार्टी पूरे दम खम के साथ उतरेगी। कार्यकर्ता नगर निकाय चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने की जिम्मेवारी नवनियुक्त पदाधिकारियों की है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी से जुड़ने वाले युवाओं की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आदिवासी युवा भी पार्टी से लगातार जुड़ रहे हैं। श्री सहिस ने कहा कि जनता जानती है कि आजसू के संघर्ष से अलग राज्य मिला है, इसलिए इसे आजसू ही संवार सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नगर निकाय का चुनाव लगातार टालने की साजिश बंद करे क्योंकि इससे नगर निकाय क्षेत्रों की स्थिति बदतर हो गई है और केंद्र का अनुदान भी रुक गया है, जिससे विकास और स्वच्छता पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। पार्टी के प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने आजसू पार्टी रांची महानगर जनजाति प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रभारी निर्मल उरांव, पार्टी के नवनियुक्त रांची महानगर संयोजक सुरेंद्र लिंडा एवं महादेव टोप्पो को माला एवं पट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत,केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, संजय मेहता, महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, हरीश कुमार, परवाज खान, ओम वर्मा, ऋतुराज शाहदेव, चेतन प्रकाश, अजीत कुमार, राजेश सिंह, रोशन नायक, राज दुबे आदि उपस्थित थे।

### अवैध हथियार के साथ युवक-युवती गिरफ्तार

**रांची।** रविवार दोपहर को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस के द्वारा दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। मिली सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए ग्रामीण एसपी के द्वारा खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चान्हो थानान्तर्गत ग्राम सोस चौक से थोड़ी दूर आगे साजिद कार वासिंग सेंन्टर के पास पुलिस बल के साथ संदिग्ध वाहनों का चेकिंग किया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में कुछ देर के बाद रांची कि तरफ से काला रंग का एक वाहन काफी तेज गति से आ रही थी। जिसको रोकने का प्रयास किया गया जिसके बाद उपलब्ध बल के सहयोग से घेराबंदी कर वाहन को रोककर जांच किया गया। वाहन में बैठे व्यक्ति से एक लोडेड देसी पिस्टल एवं एक लोडेड मैगजीन पाया गया, पिस्टल को ऑनलोड करने पर उसमें गोली पाया गया। एक अन्य मैगजीन को अनलोड करने पर उसमें से चार गोली पाया गया। कार में बैठे लोगों ने अपना नाम सोहेल खान और नंदिनी सांगत बताया। पकड़ाए सोहेल खान एक कुख्यात अपराधकर्मी है, जिसके विरूद्ध रंगदारी, छिनतई, और एनडीपीएस के कई कांड दर्ज है और कई कांडों में जेल जा चुका है। तत्पश्चात दोनों अभियुक्तों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति पद से...**

उन्होंने भारत के वैश्विक उदय और उज्ज्वल भविष्य पर अटूट विश्वास जताते हुए अपना त्यागपत्र समाप्त किया। जगदीप धनखड़ ने 2022 में भारत के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। 6 अगस्त, 2022 को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में उन्होंने विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। जगदीप धनखड़ को कुल 725 में से 528 वोट मिले थे, जबकि मार्गरेट अल्वा को 182 वोट मिले थे। उपराष्ट्रपति बनने से पहले वह पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे। जगदीप धनखड़ का जन्म 18 मई, 1951 को राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक साधारण किसान परिवार में हुआ। उन्होंने अपनी शुरूआती शिक्षा गांव के स्कूल से ही पूरी की। इसके बाद स्कॉलरशिप हासिल करके चित्तौड़गढ़ सैनिक स्कूल में पढ़ने चले गए. धनखड़ का नेशनल डिफेंस एकेडमी में चयन हो गया था, लेकिन वह नहीं गए।

**जंगल का फायदा उठाकर...**

पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में शशिकांत का दस्ता शामिल था। मुठभेड़ में कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह एवं एसएसबी 35 बीएन असिस्टेंट कमांडेंट सिद्धार्थ सिंह की टीम शामिल थी। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में सर्च अभियान जारी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं कुंदा थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन को सक्रिय नहीं होने दिया जाएगा। इसकी आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस हमेशा तैयार है।

**जेटीडीसी-सीसीएल के बीच...**

समझौते की अवधि प्रारंभिक तौर पर पांच वर्षों की होगी, और भविष्य में इसमें अन्य खदानों को भी शामिल करने की योजना है। पर्यटकों के लिए रूट, गाइडलाइन, टिकटिंग और बुकिंग की विस्तृत जानकारी जेटीडीसी शीघ्र ही जारी करेगा। झारखंड के पर्यटन मानचित्र पर यह एक नया अध्याय होगा, जहां खदानें अब केवल उत्पादन का केंद्र नहीं, बल्कि ज्ञान, रोमांच और सांस्कृतिक संवाद का भी जरिया बनेंगी। एमओयू हस्ताक्षर के दौरान मुख्य रूप से मंत्री के अलाव जेटीडीसी और सीसीएल के निदेशक सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी पदाधिकारी मौजूद थे।

**रील बनाना नादानी हो सकती है...**

उन्होंने कहा, यह समय राजनीति करने का नहीं, बल्कि युवाओं को मार्गदर्शन देने का है। हमें एक संवेदनशील समाज के निर्माण की ओर बढ़ना चाहिए, जहां सेवा भावना को सम्मान मिले न कि आलोचना।

**झारखंड विस परिसर में लगे डॉ. भीमराव अंबेडकर की...**

ने सामाजिक और सांस्कृतिक रूढ़ियों को तोड़ते हुए विश्व के प्रतिष्ठित संस्थानों—कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उनके विचार और संघर्ष हर वंचित वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उन्होंने लिखा कि डॉ. अंबेडकर ने दलितों को ही नहीं, बल्कि महिलाओं, किसानों और श्रमिकों को भी सामाजिक न्याय दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया। उन्होंने छूआछूत के खिलाफ आंदोलन चलाकर देश को समता, करुणा और बंधुत्व आधारित मार्ग दिखाया। वित्त मंत्री ने कहा कि बाबा साहब का सम्मान किसी एक वर्ग या समाज तक सीमित नहीं, बल्कि हर उस भारतीय का कर्तव्य है जो लोकतंत्र, समानता और न्याय में आस्था रखता है। उनका आदर्श भारतीय संविधान की आत्मा है। राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि विधानसभा जैसे लोकतांत्रिक संस्थान में बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा स्थापित होना राष्ट्रीय एकता और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा। उन्होंने अपील की कि यह निर्णय झारखंड की लोकतांत्रिक गरिमा को नई ऊंचाई देगा।

**श्रद्धालुओं से भरी पिकअप पलटी 17 लोग गंभीर...**

मोबाइल पर बातचीत कर रहा था। एक हाथ में मोबाइल था और दूसरा हाथ स्टीयरिंग पर। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वाहन महूली मोड़ के पास अनियंत्रित होकर खाई में जा पलटा। घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। बताया गया कि सभी श्रद्धालु पलामू जिले के जपला शहर से पिकअप वाहन किराए पर लेकर अमिला धाम जा रहे थे। वाहन मोहम्मदगंज होते हुए कांडी के रास्ते जा रही थी, इसी बीच महूली मोड़ के समीप यह दुर्घटना हो गई। घायलों में राघवेंद्र कुमार (26), पत्नी सुमित्रा देवी (23), पुत्री तन्या कुमारी (9 माह)-निवासी आरा, बिहार, प्रकाश राजवंशी (25), पत्नी सोनी देवी (22), पुत्र अंकित कुमार (3)- **निवासी सड़ेया चनरपुरा, हैदरनगर, पलामू**

उपेंद्र कुमार (40), पत्नी ललिता देवी (35)-निवासी भेलमा, कांडी

राजाराम मेहता (40), पत्नी रीता देवी (35)-निवासी कुकही, हैदरनगर, पलामू

निर्मला देवी (35), विकास कुमार (23), पुत्री परी कुमारी - निवासी डंडीला, जपला, अयोध्या चौधरी (53), पत्नी चंपा देवी (48), पुत्री बबली कुमारी (18)-निवासी अज्ञात ।

**डॉक्टरों ने रेफर किए गंभीर मरीज :** सीएचसी मझिआंव में डॉ. गोविंद प्रताप सेठ और डॉ. विशाल मिश्रा ने घायलों का प्राथमिक इलाज किया। गंभीर रूप से घायल अयोध्या चौधरी, उनकी पत्नी चंपा देवी, राघवेंद्र कुमार, सुमित्रा देवी, ललिता देवी, राजाराम मेहता व रीता देवी को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है। अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर जाने की सलाह दी गई।

## अरोनियन ने जीता फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम खिताब, सातवें स्थान पर प्रज्ञानानंद




लेवोन अरोनियन ने फ्रीस्टाइल चेस ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हांस नीमन को 1.5-0.5 से हराकर खिताब अपने नाम किया। 42 वर्षीय अरोनियन ने पिछले सप्ताह मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा को शिकस्त दी थी। लास वेगास के विंन होटल में फाइनल की पहली बाजी ड्रॉ रही, लेकिन दूसरी बाजी में शानदार जीत दर्ज करते हुए उन्होंने खिताब और दो लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि अपने नाम की। दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने हिकारू नाकामुरा को 1.5-0.5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्हें 1,60,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिली। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने फाबियानो कारुआना को 2-0 से हराकर पांचवां स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रज्ञानानंद रमेशबाबू ने वेसली सो को 1.5-0.5 से हराकर सातवां स्थान हासिल किया। लेवोन अरोनियन ने खिताब जीतने के बाद कहा, "यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी जीत में से एक है। मैं इस अवसर के लिए बेहद खुश और आभारी हूं। हांस नीमन अपने करियर की सबसे बड़ी जीत के करीब पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें उपविजेता रहते हुए 1,40,000 अमेरिकी डॉलर के साथ संतोष करना पड़ा। वर्ल्ड नंबर 1 कार्लसन ने हिकारू नाकामुरा को 1.5-5 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। पहले गेम में बराबरी के बाद, कार्लसन ने दूसरे गेम में दबाव बनाया और बढ़त को भुनाते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। फ्रीस्टाइल शतरंज की रिपोर्ट के अनुसार, लास वेगास में खिताबी मुकाबले से चूकने के बावजूद, इस नतीजे के साथ कार्लसन ग्रैंड स्लैम टूर की ओवरऑल स्टैंडिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं।

> 42 वर्षीय अरोनियन ने पिछले सप्ताह मैग्नस कार्लसन और हिकारू नाकामुरा को शिकस्त दी थी।

## आंद्रे अगासी के साथ तीन दिन का ट्रेनिंग सेशन, होल्गर रूने को मिले टिप्स

दुनिया के नंबर 8 टेनिस खिलाड़ी होल्गर रूने ने डीसी ओपन से पहले वॉशिंगटन डीसी में आंद्रे अगासी के साथ तीन दिन का ट्रेनिंग सेशन किया, जिसमें उन्हें जरूरी सलाह मिली। इस ट्रेनिंग के बाद रूने खुद को और मजबूत महसूस कर रहे हैं। अमेरिकी समर हार्ड-कोर्ट सीजन की तैयारी के लिए बढ़त हासिल करने की चाहत रखते वाले होल्गर रूने ने दो बार के यूएस ओपन चैंपियन अगासी से मदद मांगी, ताकि वह अपने खेल को बेहतर बना सकें। ट्रेनिंग उसी जगह हुई, जहां अगासी ने अपने करियर के 60 में से पांच खिताब जीते थे। रूने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा "यह एक शानदार अनुभव था। हम काफी समय से संपर्क में थे। वॉशिंगटन में हमने कुछ दिन साथ में बिताए, जहां उन्होंने मुझे कुछ चीजों में मदद की। यह मेरे लिए वाकई खुशी की बात थी। वह बेहद समझदार इंसान हैं। मैंने आज तक ऐसा कोई नहीं देखा, जो खेल को उनके नजरिए से देखता हो। उनका खुद का रिटर्न गेम शानदार था। मेरा भी रिटर्न अच्छा है। उन्होंने वहां कुछ टिप्स दिए, सलाह भी दी।



उन्होंने कहा, "बहुत ही कम समय की मुलाकात में उन्होंने बताया कि वह मुझे भविष्य में कहां देखते हैं, अभी कहां देखते हैं। जाहिर है कि मुझे अभी बहुत कुछ सुधारना है। उन्होंने मेरे कोच लार्स के साथ मिलकर मेरा ध्यान सही चीजों पर फोकस करने में मदद की। उनके साथ वक्त बिताना वाकई बहुत अच्छा रहा। मैंने उन्हें यू-ट्यूब पर खूब देखा है। उनका स्टाइल और खेलने का तरीका कमाल का था। उनका करियर अपने आप में बहुत कुछ कहता है। जब रूने से पूछा गया कि क्या वह भविष्य में आंद्रे अगासी के साथ फिर से काम करना चाहेंगे।

## नुवान कुलशेखरा: छोटे से शहर से निकला वो गेंदबाज, जिसने विश्व में जमाई धाक




श्रीलंका के एक छोटे से शहर, निट्टंबुवा में 22 जुलाई 1982 को जन्मे नुवान कुलशेखरा ने 21 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय मैच में डेब्यू किया। दुबले-पतले नुवान कुलशेखरा ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में 9 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें महज 19 रन देकर 2 शिकार किए। नुवान कुलशेखरा अपने डेब्यू वनडे मैच में ही छाप छोड़ चुके थे, लेकिन टेस्ट फॉर्मेट के लिए उन्हें थोड़ा इंतजार करना पड़ गया। नुवान ने अप्रैल 2005 में पहली बार टेस्ट क्रिकेट खेला। साल 2006 में इंग्लैंड के खिलाफ 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 133 गेंदों में 63 रन की पारी खेली। यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अप्रैल 2008 से 12 महीनों के भीतर 29 मैचों में 20.97 की औसत से 47 विकेट लिए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 28 और इकॉनमी रेट 4.45 रहा। लंबे रन-अप के साथ गेंदबाजी करने वाले कुलशेखरा गेंद को स्विंग कराने में उस्ताद थे। साल 2009 में वह गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए। चामिंडा वास के संन्यास के बाद कुलशेखरा को वनडे फॉर्मेट में भरपूर मौका मिला। इस बीच लसिथ मलिंगा का प्रदर्शन भी खराब था।

ऐसे में कुलशेखरा टीम के अहम गेंदबाज बन गए। कुलशेखरा साल 2009 की प्रतिष्ठित आईसीसी विश्व वनडे टीम में शामिल हुए। कुलशेखरा ने वनडे वर्ल्ड कप-2011 के फाइनल में महेला जयवर्धने के साथ 66 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 274 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन टीम को खिताब जीतने का मौका नहीं मिला। इसी साल चेन्नई सुपर किंग्स ने कुलशेखरा को 6.5 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा।

> लंबे रन-अप के साथ गेंदबाजी करने वाले कुलशेखरा गेंद को स्विंग कराने में उस्ताद थे

### ट्रेंट बोल्ट

## स्विंग का महारथी और रफ्तार का सौदागर जिसने वर्ल्ड कप में रच दिया था इतिहास

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ट्रेंट बोल्ट को क्रिकेट जगत में बाएं हाथ के शानदार गेंदबाज के तौर पर जाना जाता है जिसके पास रफ्तार के साथ-साथ स्विंग भी है। बोल्ट ने कीवी टीम में रिचर्ड हेडली, शेन बॉन्ड जैसे गेंदबाजों की समृद्ध परंपरा को आगे बढ़ाया। हालांकि उनका स्टाइल अलग रहा। बोल्ट ने टिम साउदी के साथ लंबे समय तक न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बॉलिंग अटैक की प्रतिष्ठा को आगे बढ़ाया। 22 जुलाई 1989 को रोटोरुआ में जन्मे बोल्ट महज 17 साल की उम्र में देश में सेकेंडरी स्कूल के सबसे तेज गेंदबाज थे। अगले ही साल उन्हें अंडर-19 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड की ओर से खेलने का मौका मिल गया। हालांकि, साल 2009 में ट्रेंट बोल्ट को पीठ में स्ट्रेस फ्रेक्चर हुआ, जिसके चलते उन्हें दो साल क्रिकेट से दूर रहना पड़ा। इस दौरान ट्रेंट बोल्ट ने स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग पर फोकस किया और साल 2011 में उन्हें सीनियर टीम के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डेब्यू का मौका मिला। बोल्ट ने साल 2012 में वनडे, जबकि साल 2013 में टी20 क्रिकेट में भी डेब्यू कर लिया।



बोल्ट की 140 किलोमीटर प्रतिघंटा से ज्यादा की गति और मारक स्विंग ने बल्लेबाजों में दहशत पैदा कर दी। वह तीनों फॉर्मेट में न्यूजीलैंड के अहम खिलाड़ी बन चुके थे। बोल्ट ने समय के साथ रेड के साथ-साथ सफेद गेंद क्रिकेट में भी अपनी स्विंग गेंदबाजी की कला को स्थापित किया। वनडे वर्ल्ड कप-2015 में ट्रेंट बोल्ट के नाम नौ मुकाबलों में 22 विकेट रहे। वह सर्वाधिक विकेट लेने वालों में मिचेल स्टार्क के साथ संयुक्त रूप से पहले पायदान पर थे। इसी वर्ल्ड कप उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में 27 रन देकर पांच विकेट चटकाए। न्यूजीलैंड ने यह मुकाबला एक विकेट से जीता था।

### भारत बनाम इंग्लैंड

# मुकाबला जीतकर सीरीज अपने नाम करने उतरेंगी दोनों टीमें

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच चेस्टर-ले-स्ट्रीट पर मंगलवार को वनडे सीरीज का तीसरा मैच खेला जाएगा। दोनों ही टीमें टूर्नामेंट के इस अंतिम मुकाबले को जीतकर सीरीज अपने नाम करने के इरादे से उतरेंगी। भारत ने सीरीज के पहले मैच को चार विकेट से अपने नाम किया था। लॉर्ड्स में खेला गया दूसरा मुकाबला बारिश से प्रभावित रहा, जिसमें 'डकवर्थ-लुईस नियम' के आधार पर इंग्लैंड ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। ऐसे में अंतिम मुकाबला जीतने वाली टीम सीरीज अपने नाम कर लेगी। यह सीरीज विश्व कप के मद्देनजर तैयारियों को परखने के लिहाज से अहम है। महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 भारत और श्रीलंका की सह-मेजबानी में खेला जाना है। इस मुकाबले में भारत को स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स से खासा उम्मीदें हैं। वहीं, स्नेह राणा, श्री चरणी और क्रांति गौड़ को अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा। इंग्लैंड की टीम में सोफिया डंकले, एलिस डेविडसन रिचर्ड्स, कप्तान नैट साइवर-ब्रंट, एम्मा लैम्ब और चार्ली डीन मुकाबले को पलटने का माद्दा रखती हैं। चेस्टर-ले-स्ट्रीट में मंगलवार को बारिश की आशंका जताई जा रही है। यहां अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। ऐसे में मुकाबला बारिश से प्रभावित हो सकता है। भारत-इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच वनडे इतिहास में अब तक कुल 78 मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें भारत ने 35 मुकाबलों में जीत दर्ज की, जबकि 41 मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा। दो मुकाबले बेनतीजा रहे हैं।



## ओल्ड ट्रैफर्ड में कभी टेस्ट मैच नहीं जीती टीम इंडिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**। भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर टेस्ट सीरीज का चौथा मैच खेला जाना है। यहां टीम इंडिया ने 89 वर्षों के टेस्ट इतिहास में कभी जीत दर्ज नहीं की है। इस बार मेहमान टीम यहां इतिहास रचने के इरादे से उतरेगी। भारत ने साल 1936 से लेकर अब तक ओल्ड ट्रैफर्ड में कुल नौ टेस्ट खेले हैं, जिसमें उसे चार मुकाबले गंवाने पड़े। वहीं, पांच मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। भारत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में जुलाई 1936 में पहली बार टेस्ट मैच खेला था, जो ड्रॉ रहा। इसके बाद जुलाई 1946 में एक बार फिर दोनों टीमों के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। यहां जुलाई 1952 में इंग्लैंड की टीम ने भारत के खिलाफ पारी और 207 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इसके बाद टीम इंडिया को जुलाई 1959 में खेले गए टेस्ट में 171 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। भारत ने इस मैदान पर अगस्त 1971 में पांचवां टेस्ट खेला, जो ड्रॉ रहा। इसके बाद यहां जून 1974 में टीम इंडिया को 113 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। जून 1982 और अगस्त 1990 में इस मैदान पर भारत-इंग्लैंड के बीच खेले गए टेस्ट मैच ड्रॉ रहे, जबकि अगस्त 2014 में भारत को पारी और 54 रन से हार झेलनी पड़ी।

## नुनेज ने हैट्रिक लगाकर लिवरपूल को स्टोक सिटी पर 5-0 से जीत दिलाई

**लिवरपूल (आईएएनएस)**

डार्विन नुनेज ने रविवार दोपहर स्टोक सिटी के खिलाफ खेले गए एक मैत्रीपूर्ण मैच में हैट्रिक लगाते हुए लिवरपूल को 5-0 से जीत दिलाई। उरुग्वे के इस खिलाड़ी ने मुकाबले के शुरुआती 20 मिनट के अंदर ही तीन गोल दागे। रियो न्गुमोहा और फेडेरिको चिएसा ने भी एक-एक गोल कर लिवरपूल की जीत में अहम भूमिका निभाई। लिवरपूल की यह लगातार दूसरी जीत थी। इस जीत के साथ टीम एशिया दौरे के लिए रवाना हुई। नुनेज ने छठे मिनट में फॉलो-अप स्ट्राइक के साथ गोल की शुरुआत की। छह मिनट बाद ही उन्होंने फिर से सोबोस्जलाई के दाईं ओर से किए गए निचले क्रॉस को एक बेहतरीन मूव के साथ गोल पोस्ट में भेज दिया।



## नीदरलैंड के खिलाफ हार के साथ भारत ए पुरुष हॉकी टीम का यूरोप दौरा समाप्त

**नीदरलैंड । आईएएनएस**

भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने नीदरलैंड के खिलाफ 2-8 से हार के साथ अपने यूरोप दौरे का समापन किया। इस मैच में भारत-ए के लिए युवा भारतीय मिडफील्डर राजिंदर सिंह और फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति ने गोल दागे। इससे पहले, भारत-ए ने 18 जुलाई को नीदरलैंड के खिलाफ अपना पिछला मैच 0-3 से गंवा दिया था। भारत-ए ने 8 जुलाई को अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की थी। इस दौरे पर भारत ने पांच यूरोपीय टीमों के खिलाफ कुल आठ मैच खेले। टीम ने दुनिया की कुछ शीर्ष हॉकी टीमों के खिलाफ खेलने के लिए तीन शहरों का दौरा किया। इनमें विश्व की नंबर-1 नीदरलैंड और विश्व की नंबर-3 बेल्जियम जैसी टीमें शामिल रहीं। यूरोप दौरे पर अपने अनुभव के बारे में बताते हुए, भारत-ए के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, "हालांकि इस यूरोपीय दौरे पर हमें जीत से ज्यादा हार मिली, लेकिन यह दौरा सिर्फ मुकाबले जीतने के लिए ही नहीं था।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## पीएम इंटर्नशिप स्कीम के तहत बड़ी कंपनियों ने युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए : सीतारमण

> *साझेदार कंपनियों ने 60,000 से ज्यादा उम्मीदवारों को 82,000 से ज्यादा इंटर्नशिप के प्रस्ताव दिए, जिनमें से 28,000 से ज्यादा उम्मीदवारों ने इंटर्नशिप में शामिल होने के प्रस्ताव स्वीकार किए*

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि अक्टूबर 2024 में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप स्कीम (पीएमआईएस) के पहले दो चरणों के दौरान देश की शीर्ष कंपनियों ने युवाओं को 1.53 लाख से ज्यादा प्रस्ताव दिए। वित्त मंत्री ने एक लिखित उत्तर में बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट प्रोजेक्ट के पहले चरण में, साझेदार कंपनियों ने देश भर के पीएमआईएस पोर्टल पर 1.27 लाख से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए। इसके सापेक्ष, लगभग 1.81 लाख उम्मीदवारों से 6.21 लाख से ज्यादा आवेदन प्राप्त हुए। साझेदार कंपनियों ने 60,000 से ज्यादा उम्मीदवारों को 82,000 से ज्यादा इंटर्नशिप के प्रस्ताव दिए, जिनमें से 28,000 से ज्यादा उम्मीदवारों ने इंटर्नशिप में शामिल होने के प्रस्ताव स्वीकार किए और 8,700 से ज्यादा उम्मीदवार उनकी इंटर्नशिप में शामिल हुए।

उन्होंने आगे बताया कि 9 जनवरी, 2025 को शुरू हुई पीएम इंटर्नशिप योजना पायलट परियोजना के दूसरे दौर में, लगभग 327 साझेदार कंपनियों ने देश के 735 जिलों में 1.18 लाख से अधिक इंटर्नशिप अवसर (नए और पिछले दौर के संपादित खाली अवसर) पोस्ट किए हैं।

## 6 वर्षों में बेरोजगारी दर 6 प्रतिशत से घटकर 3.2 प्रतिशत हुई, मुद्रास्फीति रिकॉर्ड निचले स्तर पर : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद को बताया कि सरकार ने देश में बेरोजगारी दर को छह वर्षों में 6 प्रतिशत से घटाकर 3.2 प्रतिशत करने और महंगाई को छह वर्षों के निचले स्तर पर लाने के लिए कई उपाय किए हैं। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में वित्त मंत्री ने बताया कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, साथ ही सस्टेनेबल रोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है और विशेष रूप से गरीबों और युवाओं के बीच घरेलू आय में सुधार किया जा रहा है। इनमें, अन्य बातों के अलावा, आवश्यक खाद्य वस्तुओं के लिए बफर स्टॉक में वृद्धि, खुले बाजार में खरीदे गए अनाज की रणनीतिक बिक्री, कम आपूर्ति के दौरान आयात और निर्यात प्रतिबंधों की सुविधा, चुनिंदा वस्तुओं की बाजार में अधिक आपूर्ति बढ़ाने के लिए स्टॉक सीमा का कार्यान्वयन, भारत ब्रांड के तहत चुनिंदा खाद्य वस्तुओं की रियायती दरों पर खुदरा बिक्री, और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लगभग 81 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण शामिल हैं। इसके अलावा, वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार ने 12 लाख रुपए तक की वार्षिक आय (और मानक कटौती वाले वेतनभोगी व्यक्तियों के लिए 12.75 लाख रुपए) को आयकर से छूट देकर व्यक्तियों की प्रयोज्य आय में वृद्धि की है। उन्होंने बताया कि विभिन्न उपायों के परिणामस्वरूप, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापी गई औसत खुदरा मुद्रास्फीति दर सालाना आधार पर 2023-24 में 5.4 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में 4.6 प्रतिशत हो गई, जो पिछले छह वर्षों में सबसे कम है।



इसके अलावा, 2025-26 की पहली तिमाही में सीपीआई औसतन 2.7 प्रतिशत तक गिर गई, जो जून 2025 में 2.1 प्रतिशत पर समाप्त हुई। उन्होंने आगे कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट 2025-26 की पहली तिमाही तक जारी रही और जून 2025 में (-) 1.06 प्रतिशत के साथ नकारात्मक क्षेत्र में पहुंच गई, जो जनवरी 2019 के बाद सबसे कम है। वित्त मंत्री सीतारमण ने आगे कहा कि मुद्रास्फीति नियंत्रण उपायों के अलावा, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना, उद्योगों को रोजगार-संबंधी प्रोत्साहन, राष्ट्रीय शहरी/ग्रामीण आजीविका मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, कौशल विकास योजना आदि जैसे विभिन्न रोजगार सृजन और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से रोजगार के अवसरों का विस्तार करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि विभिन्न उपायों के परिणामस्वरूप, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों (सामान्य स्थिति के अनुसार) के लिए अखिल भारतीय वार्षिक बेरोजगारी दर 2017-18 के 6 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 3.2 प्रतिशत हो गई।

## वाट्सएप के डिलीट हुए मैसेज को ऐसे पढ़ें

### जानें स्मार्ट ट्रिक

वाट्सएप का इस्तेमाल अब भारत समेत पूरी दुनिया में किया जा रहा है। कंपनी भी यूजर एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए इस ऐप में एक के बाद एक नए फीचर्स ऐड कर रही है। हाल ही में कंपनी ने इस ऐप के अंदर कुछ कमाल के फीचर्स भी जोड़े हैं जिससे प्राइवेसी काफी बढ़ गई है। मौजूदा समय में ये ऐप कम्युनिकेशन के लिए एक बेहतर विकल्प बन गया है। मजबूत प्राइवेसी फीचर्स के कारण से ही आज लोग इस ऐप को इतना पंसद करते हैं। हालांकि, ऐप के कुछ फीचर्स कभी-कभी कुछ यूजर्स को परेशान भी करते हैं। इन्हीं में से एक है कंपनी द्वारा पेश किया गया Delete For Everyone फीचर, जिसकी मदद से आप अपना मैसेज दूसरे व्यक्ति को भेजने के बाद भी डिलीट कर सकते हैं। कुछ लोग कभी-कभी किसी को परेशान करने के लिए भी मैसेज भेजने के बाद डिलीट कर देते हैं। ऐसे में बार-बार पूछने पर भी वो ये नहीं बताते हैं कि उन्होंने डिलीट किया है। ऐसे में आप फोन के ही एक हिडन सेटिंग को ऑन करके इन डिलीट हुए मैसेज को आसानी से पढ़ सकते हैं। कुछ समय पहले गूगल ने नोटिफिकेशन हिस्ट्री नाम से एक बेहतरीन फीचर पेश किया था, जिसकी मदद से आप नोटिफिकेशन हिस्ट्री देख सकते हैं, आपके कौन से मैसेज कब और किस प्लेटफॉर्म से मिला इसे ऑन करके आप जान सकते हैं। इस फीचर का इस्तेमाल करके आप डिलीट हुए मैसेज भी पढ़ सकते हैं। हालांकि, कभी-कभी ये फीचर ठीक से काम नहीं करता लेकिन ज्यादातर मामलों में ये डिलीट हुए मैसेज को नोटिफिकेशन में दिखा देता है।



## लगातार दो सत्रों की गिरावट के बाद शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 442 अंक उछला



**मुंबई (आईएएनएस)**। लगातार दो सत्रों की गिरावट के बाद भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 442.61 अंक या 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 82,200.34 और निफ्टी 122.30 अंक या 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,090.70 पर था। बाजार की तेजी का नेतृत्व बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 1.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसके अलावा फाइनेंशियल सर्विसेज, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और कमोडिटी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटस और एफएमसीजी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए।

## महिंद्रा लॉजिस्टिक्स का घाटा पहली तिमाही में बढ़कर 9.44 करोड़ रु रहा

**मुंबई (आईएएनएस)**। महिंद्रा लॉजिस्टिक्स ने सोमवार को वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी का घाटा तिमाही आधार पर बढ़कर 9.44 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पिछली तिमाही (वित्त वर्ष 25 की मार्च तिमाही) में 5.29 करोड़ रुपए पर था। वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में कंपनी की ऑपरेशंस से आय तिमाही आधार पर 3.54 प्रतिशत बढ़कर 1,624.59 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि पिछली तिमाही में 1,569.51 करोड़ रुपए थी। कंपनी की कुल आय में तिमाही आधार पर 3.69 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया है, जो बढ़कर वित्त वर्ष 26 की जून तिमाही में 1,629.66 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 1,571.68 करोड़ रुपए थी।